

राष्ट्रीय दैनिक हिन्दी/अंग्रेजी

# समाचार निर्देश

नई दिल्ली से प्रकाशित



www.samacharnirdesh.in/com | 9654140328 | Google App | smacharnirdesh@gmail.com | RNI.NO DELBIL/2011/43227

वर्ष 11 | अंक 192 | नई दिल्ली | मंगलवार 12 अक्टूबर 2021 | मुल्य :–3/– | वार्षिक शुल्क 1100/– | पृष्ठ :–16+8=20



BRAHM SHAKTI SANJIVANI HOSPITAL
UJALA CYGNUS-MAGNUS
CATH LAB | TRAUMA CENTRE | DIALYSIS | BLOOD BANK
Helpline No. 01276-236666, 9467170734, 9215607556
Metro Pillar No. 822, Bahadurgarh-124507


## परमार्थ निकेतन आश्रम परिसर से दो कूड़ा वाहनों को सेवा हेतु हरी झंडी दिखाकर किया विदा

**समाचार निर्देश ब्यूरो ऋषिकेश। 11 अक्टूबर। स्वच्छता** के क्षेत्र में काम करने वाली स्वच्छ सुलभ फाउंडेशन की दो नई गाड़ियों को नवरात्र के शुभ अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने विशेष पूजा अर्चना करने के बाद दोनों गाड़ियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर स्वामी जी ने कहा कि माँ गंगा और नैसर्गिक सुन्दरता से युक्त हमारे शहर को स्वच्छ रखने में सभी की भागीदारी जरूरी हैं।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने परमार्थ निकेतन आश्रम परिसर से दो कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि स्वच्छता हमारी जरूरत ही नहीं बल्कि आदत है, जब तक सभी स्वच्छता को अंगीकार नहीं करेंगे हम स्वच्छ समाज का निर्माण नहीं कर सकते। माँ गंगा के तटों सहित कई गली मोहल्लों में यत्र-तत्र पड़े कूड़े-कचरे का निस्तारण करना बहुत जरूरी है, तभी एक स्वच्छ शहर और स्वच्छ समाज का निर्माण किया जा सकता है।



ज्ञात हो कि स्वच्छता के क्षेत्र में काम कर रही स्वच्छ सुलभ फाउंडेशन संस्था ने योगनगरी ऋषिकेश और उसके आसपास की साफ सफाई हेतु दो कूड़ा वाहनों को सेवा भाव से समर्पित किया है, जो सराहनीय पहल है यह संस्था अनेक वर्षों से स्वच्छता के क्षेत्र में काम कर रही है।

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर मुरली मनोहर व विजय शंकर राय ने कहा कि संस्था कई वर्षों से लगातार स्वच्छता के क्षेत्र में काम कर रही है इसी क्रम में संस्था ने आज दो नए वाहनों को स्वच्छता सहित अन्य कार्यों के लिए समर्पित किया है। संस्था माँ गंगा सहित गाँव व शहर में स्वच्छता को लेकर संकल्पबद्ध है।

इस अवसर पर संस्था के प्रभारी अनूप कोठियाल, परमार्थ निकेतन के योगाचार्य श्री विमल बधावन जी, राजेश कुमार दीक्षित, आचार्य दीपक शर्मा, परमार्थ गुरूकुल के ऋषिकुमार, हरीओम, संस्था की प्रियंका मदवान, रिया शर्मा, नरेश सिंह नेगी, हरीश कुमार, शिव राजेश, अरुण कुमार, गौरव कुमार, पुरुषोत्तम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ के ताप विद्युत संयंत्रों को जारी रहेगी कोयले की आपूर्ति - भूपेश

**समाचार निर्देश ब्यूरो छत्तीसगढ़ कार्यालय**
**एस के सिंह /आर्या सिंह**
**रायपुर / मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल** पर छत्तीसगढ़ के ताप विद्युत संयंत्रों के लिए एसईसीएल द्वारा प्रतिदिन 29 हजार 500 मेट्रिक टन कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। एसईसीएल के सीएमडी ने इसके लिए सहमति दी है। मुख्यमंत्री ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में प्रदेश के ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा के दौरान एसईसीएल के सीएमडी से कहा कि छत्तीसगढ़ की खदानों से कोयला निकालकर छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों को कोयले की आपूर्ति की जाती है। चूंकि छत्तीसगढ़ से कोयले का उत्पादन किया जा रहा है, इसलिए एसईसीएल द्वारा प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ के ताप विद्युत संयंत्रों को उनकी आवश्यकता के अनुसार अच्छी गुणवत्ता के कोयले की सप्लाई की जानी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव



श्री सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनियों के अध्यक्ष एवं विशेष सचिव ऊर्जा श्री अंकित आनंद, एसईसीएल के सीएमडी श्री अंबिका प्रसाद पांडा और दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के जीएम श्री आलोक कुमार सहित राज्य विद्युत कम्पनियों के प्रबंध निदेशक उपस्थित थे। बैठक में एसईसीएल के सीएमडी ने छत्तीसगढ़ को प्रतिदिन प्रदेश के ताप विद्युत संयंत्रों की आवश्यकता के अनुरूप 29 हजार 500 मेट्रिक टन कोयले की सप्लाई की जाएगी। साथ ही अच्छी गुणवत्ता का कोयले की भी आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण कोयले की गुणवत्ता प्रभावित होती है। वर्तमान में एसईसीएल द्वारा छत्तीसगढ़ को 23 हजार 290 मेट्रिक टन कोयले की आपूर्ति की जा रही है। एसईसीएल के सीएमडी ने छत्तीसगढ़ के लिए इस मात्रा को बढ़ाकर 29 हजार 500 मेट्रिक टन करने की सहमति दी।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि रेल्वे द्वारा छत्तीसगढ़ को कोयले और चावल के लिए आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में रेल्वे रेक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिस पर दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के जीएम ने इसके लिए सहमति दी।

बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनियों के अध्यक्ष एवं विशेष सचिव ऊर्जा श्री अंकित आनंद ने जानकारी दी कि वर्तमान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र कोरबा ईस्ट में 3.8 दिवस का कोयला उपलब्ध है। इसी तरह हसदेव ताप विद्युत संयंत्र में कोरबा वेस्ट में 3.2 दिवस का कोयला तथा मड़वा ताप विद्युत संयंत्र में 7 दिनों की आवश्यकता का कोयला उपलब्ध है।

## 11से 14 अक्टूबर तक किसानों को सरसों के बीज वितरीत किया जाएगा

**सिवानी।( समाचार निर्देश ब्यूरो) प्रदेश** के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल के निर्देश पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा 11से 14 अक्टूबर तक किसानों को सरसों के बीज वितरीत किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ सुभाष चंद्र ने बताया कि किसान बिजाई से पहले बीज का उपचार अवश्य करें । दीमक से बचाव के लिए क्लोरोपायरीफास एवं तना गलन हेतु कार्बन्डाजिम से उपचार करें।

## डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया सभी इंटरनेशनल शिपमेंट्स पर 40% छूट की पेशकश करेगा

**समाचार निर्देश ब्यूरो नई दिल्ली, 11 अक?टूबर** 2021: डीएचएल एक?सप्रेस, विश?व का अग्रणी अंतर्राष?ट्रीय एक?सप्रेस सेवा प्रदाता है, त?यौहारों के इस मौसम में ग्राहकों के लिये सभी इंटरनेशनल शिपमेंट्स पर 40% छूट की पेशकश कर रहा है। ग्राहक अब दिवाली के आनंदमय अवसर को यादगार बनाने के लिये विदेशों में रह रहे अपने प्रियजनों को फेस्टिव हैम्?पर्स, मिठाइयाँ और तोहफे भेज सकते हैं। यह छूट 2 किलो से 10 किलो, 15 किलो और 20 किलो के शिपमेंट्स पर लागू है और 11 अक?टूबर से 6 नवंबर 2021 तक वैध रहेगी। यह ऑफर लेने के लिये ग्राहक या तो 8422930000 पर एक मिस?ड कॉल दे सकते हैं या डीएचएल को 56161 पर ऑफर कोड ऋएरळकश्अछ का इस्?तेमाल कर एसएमएस कर सकते हैं। यह ऑफर भारत में डीएचएल एक?सप्रेस के सभी 650 सर्विस पॉइंट्स पर भी उपलब?ध है।

डीएचएल एक?सप्रेस इंडिया में सेल?स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट संदीप जुनेजा ने कहा, ह्लदीपों का त?यौहार दिवाली परिवारों और दोस्?तों को एक साथ लाता है। महामारी ने त?यौहार मनाने के हमारे तरीके को बहुत प्रभावित किया है।

## गन प्वाइंट पर बुजुर्ग दम्पति को बंधक बनाकर जेवरात व नगदी की डकैती करने वाला फरार आखिरी आरोपी भी करनाल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**घरौंडा :प्रवीण कौशिक करीब** पांच माह पहले चौरा गांव में बुजुर्ग दंपति को बंधक बनाकर गन प्वाइंट पर जेवरात व नकदी लूटने के मामले में आखिरी आरोपी भी पुलिस ने काबू किया है। इससे पहले पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जिनसे पुलिस ने जेवरात भी बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि बीती 23/24 मई की रात को गांव चौरा एक मकान में बुजुर्ग दम्पति के साथ मारपीट करके व उनको बंधक बनाकर अज्ञात आरोपियों द्वारा गन प्वाइंट पर जेवरात व नगदी डकैती की एक वारदात को अंजाम दिया गया था। इस वारदात में अज्ञात आरोपी रात को लगभग 2.30 बजे पिस्तौल लिये कमरे की कुण्डी तोडकर घर के अन्दर घुसे। अज्ञात आरोपियों ने बुजुर्ग दम्पत्ति के साथ गाली-गलौंच व मारपीट करके उनके हाथ-पैर बांध दिये। जिसके बाद वह अलमारी खोलकर उसमें से पांच लाख 15 हजार रुपए की नकदी व करीब 35 तोले सोने के जेवरात लेकर व दोनों बुजुर्गों को कमरे में बंद करके मौके से फरार हो गए। वारदात के संबंध में बुजुर्ग दम्पत्ति के लडके मुकेश के ब्यान पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में मामला दर्ज किया गया।

मामले में कार्यवाही करते एएसआई प्रवीण कुमार सीआईए वन की अध्यक्षता में टीम ने बीती दो सितंबर को आरोपी गुलजार पुत्र वसीर, 15 सितंबर को जब्बार पुत्र रूला कुंडा कला यूपी तथा 20 सितंबर को राजपाल पुत्र रामदिया वासी गांव फैजअलीपुर माजरा को गिरफ्तार किया गया था।

## छुट्टी के लिए औवेसी को नकुल, मोहन भागवत को शकुनी मामा बताया, एमपी, मनरेगा के इंजीनियर ने

**समाचार निर्देश ब्योरो। एस डी सेठी।मध्य प्रदेश के मन**रेगा में बतौर इंजीनियर काम करने वाले राजकुमार यादव ने अपने उच्चाधिकारी को छुट्टी के लिए अजीब पशोपेश में डाल दिया। छुट्टी को लेकर इंजीनियर और अधिकारी के बीच बहस इतनी बढी कि इन दिनों मीडिया में खासा चर्चा का विषय बनी हुई है।. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इंजीनियर राजकुमार यादव ने अपनी छुट्टी की एप्लिकेशन में लिखा है कि उसे आभास हुआ हुआ है कि, अपने पिछले जन्म में वह हैदराबाद से सांसद असदुदीन औवेसी उसके बाल सखा नकुल थे। और आरएसएस संघ प्रमुख मोहन भागवत उसके शकुनी मामा। अपने स्वप्न के अनुसार मैं प्रत्येक इतवार को अपने अंहकार को मिटाने के लिए घर घर जाकर भीख मांगूंगा। जिसके लिए मुझे अरजेंट छुट्टी दी जाये। इस बात की जानकारी इंजीनियर राजकुमार यादव ने बाकायदा आफिसियल गुरूप में भी डाल दी।

इस बावत महकमें के सीईओ पराग पंथी ने भी अपना हाजिर जवाब देते हुए लिखा कि आप भी प्रत्येक रविवार को आफिस में रह कर ही मन लगाकर काम करें। इससे आपका अंहकार दूर तो हो ही जाएगा और फिजूल के सपनों से छुटकारा भी। सीईओ के जवाब से इंजीनियर की सिट्टी पट्टी गुम हो गयी है।

## बढ़ते साईबर क्राईम, फ्राडॅ पर कंट्रोल के चलते दिल्ली पुलिस के हर जिले में खुलेंगें अब साईबर पुलिस स्टेशन- डीसीपी, शाहदरा

**समाचार निर्देश ब्योरो । एसडी सेठी। दिल्ली** पुलिस के अब तक के बने कमिश्नरों ने हमेशा स्टाफ संख्या बल में कमी का रोना रोते हुए अपना जैसे तैसे वक्त पूरा किया। लेकिन वर्तमान में राकेश अस्थाना ने जब से पुलिस कमिश्नर की कमान संभाली है, तब से महकमें की कायापलट कर उसी स्टाफ को चुस्तदुरूस्थ कर काम में बाखूबी तेजी ला दी है। इसके लिए उन्होंने अब तक के ढोते आ रहे ढर्रे में आमूलचूल परिवर्तन कर लगातार महकमें को निखारने में लगे हैं।. 1 सितंबर से पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को थानों से लिंक कर दिया। इसके बाद स्पैशल ब्रांच, ट्रैफिक स्टाफ को भी थानों से जोडकर संख्या बल की समस्या का अंदर खाते निदान कर दिया।. महकमें के कर्मचारियों को 24 घंटे की थका देने वाली ड्यूटी की जगह तीन शिफ्टों में आठ आठ घंटे की डियूटि देकर उनकी कार्यशैली में निखार ला दिया। इसी कडी में प्रमोशन ट्रांसफर पोलिसी में बदलाव कर स्टाफ के अनूकूल बना दिया है। अब पुलिस स्टाफ चाहे तो घर के नजदीक ही ट्रांसफर करवाकर समय की बचत करके ज्यादा से ज्यादा समय परिवार को दे सकता है।. अब कमिश्नर अस्थाना



दिल्ली में दिन-ब-दिन बडते जा रहे साईबर क्राईम और उसके शीघ्र समाधान और पीडित को तुरंत राहत देने के लिए हर डिस्ट्रिक्ट में एक साईबर थाने को स्थापित करने जा रहे हैं। इसके गठन को लेकर एक विशेष योजना की स्वीकृति के लिए होम मिनिस्ट्री को भेजा है। आज के बडते इस फ्रॉड और साईबर क्राईम पर अंकुश लगाने की पहल पर साईबर थानों का हर जिले में स्थापित करने संबंध जानकारी विवेक विहार में आयोजित पुलिस पब्लिक मिटींग के दौरान ईस्ट दिल्ली शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी आर. सत्यसुंदरम ने यह जानकारी दी। डीसीपी ने बताया कि कोरोना महामारी काल के बाद से दिल्ली में यकायक साईबर अपराधों में इजाफा हुआ है।

## CMD of SECL gave consent on the request of Chief Minister

**Samachar Nirdesh Buearu Raipur/Aarya Singh** On the initiative of Chief Minister Mr. Bhupesh Baghel, SECL will ensure the supply of 29 thousand 500 metric tons of coal per day for thermal power plants of Chhattisgarh. The CMD of SECL has given consent for the supply, on requst of Mr. Baghel. Chief Minister, while reviewing the status of supply and availability of coal in thermal power plants of the state today at his residence office, informed the CMD of SECL that coal extracted from the mines of Chhattisgarh is supplied to various states of the country including Chhattisgarh. Since Chhattisgarh is the source of coal supply, SECL should supply good quality coal as per their requirement to the thermal power plants of Chhattisgarh on priority basis.

Chief Secretary Mr. Amitabh Jain, Additional Chief Secretary to Chief Minister Mr. Subrat Sahu, Secretary to Chief Minister Mr. Siddharth Komal Singh Pardeshi, Special Secretary Energy and Chairman of Chhattisgarh State Power Companies Mr. Ankit Anand, CMD of SECL Mr. Ambika Prasad Panda and South East Central Railway's GM Mr. Alok Kumar along with Managing Director of State Electricity Companies were present on the occassion. In the meeting, the CMD of SECL said that 29 thousand 500 metric tons of better quality


फ्री स्वास्थ्य जांच एवं दवाईयां वितरण कैम्प
सौजन्य से : पी.एच.डी.फैमिली वैलफैयर फॉउन्डेशन
दिनांक : मंगलवार, 12 अक्टूबर 2021 समय : प्रात :10 बजे से 1 बजे दोपहर
स्थान : 68 जीवन पार्क पंखा रोड़ जनकपुरी नई दिल्ली–58
PHD CHAMBER
समाचार निर्देश खबर हमारी आवाज आपकी
रीना मेहरा,अध्यक्ष,बाल युवा नारी जागृति मंच एवं
दिवाकर प्रसाद निदेशक समाजप्रहरी सेवा संस्थान

# ग्रामवासियों को मिलेगा चौपाल की सुविधा का लाभ: राजेंद्र जून

## विधायक राजेंद्र जून ने खेड़ी जसोर में सौंदर्यीकरण के बाद रिबन काटकर चौपाल ग्रामवासियों को समर्पित की

**सिद्धार्थ राव,बहादुरगढ़।** चौपाल की सुविधा मिलने से ग्रामवासियों को सामूहिक व निजी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो गया है। ग्रामवासी चौपाल की सुविधा का लाभ ले। यह बात कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून ने सोमवार को हलके के गांव खेड़ी जसोर में पंडितों वाली चौपाल का सौन्दर्यकरण होने के उपरांत रिबन काटकर उद्घघाटन कर जन सुविधा हेतु चौपाल ग्रामवासियों को समर्पित करते हुए कही । चौपाल में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने फूल मालाएं पहनाकर विधायक राजेंद्र जून का स्वागत किया तथा बुजुर्गों ने हलके की सेवा करते रहने का आशीर्वाद दिया। पंडित खेमचंद ने गांव की तरफ से विधायक राजेंद्र सिंह जून का पगड़ी बांधकर सम्मान किया। बिंदर प्रधान ने विधायक को चांदी का मुकुट पहनाकर



सम्मान किया। इस अवसर पर मौजूद ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि आप लोगों ने तीसरी बार विधायक बनाकर जो जिम्मेदारी मुझे सौंप रखी है उसे निभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। लोगों ने पंडितों वाली चौपाल पर ऊपरी तल बनवाने की मांग विधायक से की। विधायक ने कहा कि वह एस्टीमेट बनवाकर पंडितों वाली चौपाल पर ऊपरी भवन बनवाने की मांग पूरी करेंगे। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने ग्रामवासियों की समस्याएं भी सुनी। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि खेड़ी जसोर व जसोरखेड़ी की पीएचसी में स्टाफ की कमी है। पीएचसी में दवाइया भी नही मिलती। डिलीवरी की सुविधा नही है। डिलीवरी के लिए शहर जाना पड़ता है। स्टाफ सहित दवाइया व डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि वे स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर पीएचसी से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान कराएंगे। खेड़ी जसोर के लोगों ने पिछले 3 महीने से पेंशन नही मिलने की समस्या विधायक को बताई। विधायक ने संबंधित अधिकारी को फोन कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक ने चौपाल में मौजूद ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने लोगों से काला धन वापिस लाने और सभी देशवासियों के बैंक खाते में 15 -15 लाख रुपये डालने सहित अनेक लोक लुभावने वादे कर सरकार बनाई और सरकार बनते ही वादों को पूरा करने की बजाय जीएसटी , महंगाई, डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस के दाम बढाकर लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर करने का काम किया है। विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार की तरह हरियाणा की बीजेपी - जजेपी सरकार भी गलत नीतियां थोपकर प्रदेश के लोगों को बर्बाद करने का काम कर रही है ।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ कर्मबीर गिरि की अध्यक्षता में व विनीत पंचायत सेक्रेटरी की अगुवाई में शाहपुर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**समाचार निर्देश 11 अक्टूबर निसिंग ( राजेन्द्र कुमार )**

गांव शाहपुर में आज नोडल अधिकारी डॉ कर्मबीर गिरि की अध्यक्षता में व विनीत पंचायत सेक्रेटरी की अगुवाई में शाहपुर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर गांव की फिरनी तालाब सचिवालय और गलियां की सफाई का केंद्र रहा डॉक्टर कर्मवीर गिरी ने कहा जहां तक हो सके गली तालाब और सड़क पर जो लोग कुड़ा डालते हैं वह लोग इनको कहीं दूर अपने खेत में कूड़े को इकट्ठा करें जिससे कि किसान को कंपोस्ट खाद भी तैयार हो जाएगी और समय आने पर खेत में फैला भी दिया जाएगा और खेतों की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी ऐसा करने से गांव में साफ सफाई भी बनी रहेगी और ग्राम वासियों को समझाया कि अपने घरों में कूलर टायर पुराने घड़े बर्तन जो छत पर इधर-उधर रखे हैं उसमें पानी जमा नाा होने दे क्योंकि इस प्रकार के पानी में डेंगू का मच्छर पनपता है और बीमारियां फैलती है इस मौके पर सुनील साहिल शमशेर सुनील और गांव के पूर्व सरपंच राजिंदर और अन्य कर्मचारी मोके पर उपस्थित थे।

### नए बाग लगाने पर अनुदान का प्रावधान, अमरूद, आंवला व अनार पर मिलेगा लाभ : उपायुक्त निशांत कुमार यादव

**करनाल 11 अक्तूबर,( प्रवीन कुमार)**

सरकार द्वारा किसानों की आय को दोगुना करने व बागवानी खेती के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बागवानी विभाग के माध्यम से अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। इन योजनाओं के अंतर्गत किसानों को अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। किसान पारंपरिक खेती के स्थान पर बागवानी खेती अपनाकर अपनी आमदनी को बढ़ा सकते हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को नए बाग लगाने पर अनुदान राशि प्रदान की जाती है। अमरूद, आवंला व अनार के नए बाग लगाने पर प्रति हैक्टेयर पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। अमरूद के बाग लगाने पर 11 हजार 502 रुपए अनुदान राशि दी जाती है, जबकि अनार के बाग लगाने पर 15 हजार 900 रुपये व आंवला के बाग पर 15 हजार राशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है। अनुदान योजना के तहत एक किसान 10 एकड़ तक बाग लगा सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान जमीन के कागजात जैसे कि जमाबंदी व सिजरा आदि के साथ अपनी बैंक कॉपी व आधार कार्ड के साथ जिला बागवानी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन के नियमों अनुसार वित्तीय वर्ष 2021 में उपरोक्त फसल के बाग लगाए हैं, वो भी अनुदान राशि के लिए अपना आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त किसान नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड द्वारा सत्यापित नर्सरी के बिल जहां से उन्होंने पौधा खरीदा व उसके साथ साथ नर्सरी की नेमाटोड्स रिपोर्ट भी साथ लेकर आएं।

### ग्रामीण खिलाडियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं तक पहुंचाना लक्ष्य: संदीप गर्ग

**बाबैन, 11 अक्तूबर (सुरेश अरोड़ा)** : गांव मंगौली जाट्टान में स्थित सर छोटूराम हाई स्कूल में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के साथ-साथ पंजाब से पहुंचे पहलवानों ने पहुंचकर अपना दखखम दिखाया और उपस्थित दर्शकों नें दंगल का भरपुर आन्नद लिया। दंगल की शुभारंभ समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया और इस सफल आयोजन के लिए प्रशिक्षक कविता और स्कूल प्रबंधन समिति को सराहना की। संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी सोच है कि भविष्य में लाडवा व बाबैन क्षेत्र के खिलाड़ी भी ओलंपिक जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में भागीदारी करें और इसलिए वे इस विधानसभा क्षेत्र के खिलाडि ?ों को सुविधाएं व आर्थिक सहायता देते आ रहे हैं और आगे भी उनका यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अगर जनता ने उन्हें मौका दिया तो सबसे पहला काम मल्टीपल खेल स्टेडियम बनवाने का किया जाएगा, जहां एक ही छत के नीचे खिलाडि ?ों को सभी सुविधाएं मिल सकें और बेहत्तर सुविधाऐं मिलने पर खिलाडी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करके कामयाबी हासिल कर सकें। संदीप गर्ग ने खिलाडि ?ों को आर्थिक सहायता भेंट की और स्कूल में वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार से रहे, जिसमें बिल्लू पहलवान चंडीगढ़ ने 51 हजार की झंडी पर कब्जा कर पहला स्थान हासिल किया। पहलवान दूमछेड़ी ने द्वितीय ईनाम 31 हजार रूपए जीता।

# कोरोना से संक्रमित जिले में नहीं मिला कोई नया पोजिटिव केस

**उपायुक्त निशांत कुमार यादव।**

करनाल 11 अक्तूबर, पिछले कई दिनों से जिले में कोरोना संक्रमण का प्रसार नियंत्रण में है। सोमवार को जिला में कोरोना का कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला है।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सिविल सर्जन की रिपोर्ट के अनुसार बताया कि जिले में अब तक 537670 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए जिनमें से 495856 व्यक्तियों की रिपोर्ट नेगिटिव आए हैं। पिछले 24 घंटे में 1638 सैंपल लिए गए। जिले में अब तक 40031 पॉजिटिव केस सामने आए थे जिनमें से 39478 मरीज ठीक होकर घर चले गए।

उन्होंने बताया कि जिले में सोमवार को कोरोना से संक्रमित कोरोना का कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला है। जिला में कोरोना संक्रमण से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है। जिला में अब तक 552 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। इस प्रकार जिला में कोरोना वायरस के 1 एक्टिव केस है। डीसी ने कहा कि सभी नागरिक लॉकडाउन के नियमों का पालन करें तथा घर पर रहें तथा पैनिक न बनाएं।

# सरकार ने अंबेडकर मेधावी छात्र योजना का बढ़ाया दायरा

## अब सभी वर्गों के छात्रों को मिलेगी 10वीं कक्षा के बाद छात्रवृति : एसडीएम

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** सरकार ने अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य वर्गों के छात्रों को भी शामिल करने के लिए डा. अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना में संशोधन किया है। डा. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में अब अनुसूचित जाति एवं जन जाति, घुमंतु जाति व पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य सभी वर्गों के छात्रों को दसवीं कक्षा उपरान्त छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

एसडीएम भूपेंद्र सिंह ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डा. अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्र योजना शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, टपरीवास, घुमन्तु एवं अर्ध घुमन्तु एवं पिछड़े वर्ग तथा अन्य सभी वर्गों के विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा में रखने के लिए तथा उन्हें सक्षम बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं मैट्रिक से स्नातकोतर कक्षाओं में



अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि योजना की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी। अधिक जानकारी के लिए जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के संपर्क कर सकते हैं।

जिला कल्याण अधिकारी श्वेता शर्मा ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा दसवीं में अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग-ए के छात्रों द्वारा 60 प्रतिशत (ग्रामीण) व 70 प्रतिशत अंक (शहरी), पिछड़ा वर्ग-बी व अन्य सभी वर्ग के छात्रों के लिए 75 प्रतिशत (ग्रामीण) व 80 प्रतिशत (शहरी) अंक प्राप्त करने पर 11वीं व सभी डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष में दाखिला लेने पर आठ हजार रुपए दिए जाते हैं। इसी प्रकार से 12वीं कक्षा में केवल अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 70 प्रतिशत (ग्रामीण) व 75 प्रतिशत (शहरी) अंक प्राप्त करने पर स्नातक के प्रथम वर्ष आर्ट्स, कॉमर्स, साईंस व सभी डिप्लोमा कोर्सिस के लिए आठ हजार रुपए, इंजीनियरिंग, तकनीकी व व्यावसायिक कोर्सिस के लिए नौ हजार रुपए, चिकित्सा एलाइड कोर्सिस के लिए 10 हजार रुपए तथा स्नातक कक्षाओं में केवल अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 60 प्रतिशत (ग्रामीण) तकनीकी व व्यावसायिक कोर्सिस के लिए 11 हजार रुपए और चिकित्सा एलाइड कोर्सिस के लिए 12 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

# क्लीन झज्जर-सेफ झज्जर: खंड के ग्रामीण क्षेत्र में चला सफाई अभियान

## पंचायतीराज विभाग ने खंड के सभी गांवों में ग्रामीणों को दिलाई स्वच्छता की शपथ,पंचायतीराज विभाग ने खंड के सभी 44 गांवों में कार्यक्रम चलाया

**सिद्धार्थ राव,बहादुरगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारत सरकार के उपक्रम क्लीन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत क्लीन झज्जर-सेफ झज्जर की मुहिम पूरे उपमंडल में चल रही है। सोमवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने खंड के सभी 44 गांवों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया । बीडीपीओ युद्धवीर सिंह ने बताया कि शासन-प्रशासन के दिशा-निदेर्शानुसार खंड के सभी गांवों में ग्रामीणों को भागीदार बनाते हुए स्वच्छता कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता शपथ के साथ



की। विभागीय अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र और विभिन्न युवा क्लबों के सदस्यों ने ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व समझाया। सिंगल यूज प्लास्टिक यूज न करने का आहवान किया। कूड़ा एक स्थान पर एकत्रित कर उसे डिस्पोज करने की विधि बताई गई।

बीडीपीओ ने बताया कि एक अक्टूबर से ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम चल रहे हैं। समाज के सभी वर्गों से क्लीन झज्जर-सेफ झज्जर की स्वच्छता मुहिम में सक्रिय रूप से भागीदार बनने का आहवान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण मिलकर भाईचारे की भावना के साथ गांव के सामुदायिक व पंचायत भवनों, सावर्जनिक स्थलों, स्कूलों आदि को साफ सुथरा रखें। खुले में पॉलीथीन आदि न फैंके। कहीं पर जल भराव है उसको निकालने में विभाग की मदद करें। कहीं पर मच्छर आदि न पनपने दें। जलनिकासी नालों में कुड़ा आदि न डालें। सभी ग्रामीण अपने -अपने एरिया, गली मौहल्ले आदि को साफ सुथरा रखें। युद्धवीर सिंह ने बताया कि ग्रार्मीण स्वच्छता अभियान में युवा क्लबों और छात्रों का विशेष योगदान रहता है।

# देश में प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा बेहद जरूरी: प्रो. वी एन प्रधान

**जयपुर/ब्यूरो**

प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा और उसके लिए पाठ्यक्रमों की जरूरत पर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉरलानी, जयपुर द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता मानसरोवर स्थित दीपशिखा, कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन में किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वी एन प्रधान ने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए प्राथमिक चिकित्सा और इससे जुड़े अन्य प्राथमिक उपचार पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक अभ्यर्थी जो चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बेहतर विकल्प प्राप्त हो सकते हैं। यह पाठ्यक्रम रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए एक सुनहरी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को मंजूरी देने के बाद से सरकार अपना ध्यान प्राथमिक चिकित्सा को मजबूत बनाने में लगा रही है। और प्राथमिक चिकित्सा के पाठ्यक्रमों को शुरू करके हमारा विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। इन सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् (फर्स्ट ऐड काउंसिल ऑफ इंडिया), दिल्ली को चिन्हित किया गया है तथा अनन्यए ज्ञापन



समझौता भी हस्ता क्षरित किया गया है। विश्वविद्यालय अध्यापन सहयोगी संस्था भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् के माध्यम से पूरे राजस्थारन में कई वर्चुअल, परंपरागत केंद्र व सूचना केंद्र स्थापित कर रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान फर्स्ट ऐड काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. शबाब आलम ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नादलाजी, जयपुर द्वारा प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ डिप्लोमा कोर्स एक प्रगतिशील कोर्स है जिसके माध्यम से पूरे देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के संबंध में एक सकारात्मक संदेश जनहित स्वरोजगार हेतु दिया गया है तथा इसके लाभ पूरे देश के छात्र-छात्राएं राजस्थाबन राज्य में स्थित अध्ययन अध्यापन केन्द्रों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। यह कुशल योजना के अंतर्गत स्वरोजगार व रोजगार हेतु विश्वविद्यालय व एफएसीआई के माध्यम से किया जा रहा है। इस मौके पर दीपशिखा के अंशुल, डॉक्टर अंशु सुराणा और प्रोफेसर अंकित गांधी मौजूद थे। वहीं इस अवसर पर एफएसीआई द्वारा फर्स्ट ऐड विषयों की 5 पुस्तकों का विमोचन किया गया जिसे यूनिवर्सिटी में पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा।

फर्स्टो ऐड काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट डॉक्टार शबाब आलम ने आगे बताया कि प्राथमिक उपचार कोर्स प्रत्येंक जनमानस की आवश्यिकता है इस कोर्स को कॉलेज, यूनिवर्सिटीज में किया जाना चाहिए। जिस प्रकार स्कूल कॉलेज ने एनसीसी और स्का्उट का एक विभाग होता है ठीक उसी प्रकार प्राथमिक उपचार का भी विभाग होना चाहिए। एफएसीआई के डायरेक्टर महेंद्र पारिख ने बताया कि कोविड-19 के कारण अध्ययन, अध्यापन व परीक्षा पारंपरागत व ऑनलाइन की जायेंगी तथा इसके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा संकल्पित आत्मनिर्भर भारत व डिजिटल इंडिया की संकल्पना को प्रोत्साहन देना है। प्रेस वार्ता में भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् की अधिवकता शिवानी कालरा एवं मध्य प्रदेश एफसीआई के निर्देशक अजय साहू भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यह कोर्स बहुत ही लाभदायक है।

# निष्पक्ष व ईमानदार अधिकारियों का मान सम्मान बढ़ाकर उनका हौसला बढ़ाएगी हरियाणा जाट महासभा: प्रदीप

**सिद्धार्थ राव,रोहतक।**

हरियाणा जाट महासभा की एक अहम बैठक गोहाना रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदीप हुड्डा प्रदेशाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप हुड्डा ने बताया कि हरियाणा जाट महासभा द्वारा हाल ही में जमीनी स्तर किये गए सर्वे में यह निकल कर सामने आया है कि निगम, तहसील व कुछ सरकारी विभागों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। कागजों की खानापूर्ति के नाम पर आम जनता को खूब परेशान कर रिशवत मांगी जा रही है। आम



जनता की कोई सुनवाई नही हो पा रही है। हरियाणा जाट महासभा ने हाल ही में प्रदेश के कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों की एक सूची तैयार कर रही है जो जमकर प्रदेश में भ्रष्टाचार फैला रहे हैं। ऐसे अधिकारियों की सूची जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखी जायेगी। जो अपने पद का रोब दिखा कर आम जनता को परेशान कर बोलने का मौका तक नहीं दे रहे हैं।

ऐसे लोगों को उनके आकाओं का राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। जिससे जनता खुद को ठगा हुआ, बेबस और लाचार महसूस कर रही है। हरियाणा जाट महासभा ने पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर एक एक कमेटी गठित की है जो कि ऐसे अधिकारियों को सबक सिखाने और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मीडिया, खुफिया तंत्र, विजिलेंस व एंटी करप्शन के साथ मिलकर एक जागरूकता अभियान भी चलाने जा रही हैं।

# दुकानदार के साथ हुए झगड़े को लेकर व्यापार मंडल संघ ने शहर थाना मे दी शिकायत!

**समाचार निर्देश ब्यूरो सोहना/ राजेन्द्र कुमार होटला**

सोमवार को दुकानदार प्रवीण कुमार पुत्र हरिचंद ने व्यापारियों के साथ एक लिखित शिकायत शहर थाना प्रबंधक राजेश कुमार को दी! शिकायत देते हुऐ प्रवीण कुमार ने बताया कि मैं सुबह 8:00 बजे के करीब अपनी दुकान पर बाइक से जा रहा था तभी मैं हनुमान बगीची के पास पहुंचा तो जबरदस्ती एक ऑटो वाले ने मुझे टक्कर मार दी ओर ऑटो वाले मेरे साथ बदतमीजी गाली गलौज करने लगे और मुझे धमकी देकर चले गए उसके कुछ देर बाद 8/10 लोग एक गैंग बनाकर मेरी दुकान पर पहुचै और झगड़ा करने लगे सभी लाठी-डंडों से लैस थे और उन्होंने हमारे साथ मारपीट की व लूटपाट की और दुकान से सामान को निकाल कर बाहर फेंक दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे और भाग गए उन्होंने शहर थाना



प्रबंधक को लिखित शिकायत दि है वही व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी ने थाना प्रबंधक से कहां हमारे व्यापारी लोग हैं इनके साथ इस तरह की वारदात होगी तो कैसे चलेगा यह व्यापार हित एवं न्याय हित में नहीं है हमारी आपसे दरख्वास्त है की सभी के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाऐ वही थाना प्रभारी राजेश कुमार ने आश्वसन दिया जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी ! खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नही किया गया था!

# अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज को एकजुट रहने का संदेश

## वैश्य परिवार वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से यहां सेक्टर-10 के श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में महाराजा अग्रसेन की 5145वीं जयंती एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

**प्रदीप यादव, समाचार निर्देश,गुरुग्राम।** वैश्य परिवार वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से यहां सेक्टर-10 के श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में महाराजा अग्रसेन की 5145वीं जयंती एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कलाकारों और समाज के बच्चों, युवाओं द्वारा कला एवं संस्कृतियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई।

समारोह में व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रामनिवास गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अध्यक्षता अग्रवाल सभा गुरुग्राम के प्रधान रामनिवास मंगला ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि मार्केट कमेटी गुरुग्राम के पूर्व उपाध्यक्ष रोशन लाल गर्ग ने शिरकत की। वैश्य परिवार वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन गोयल ने संस्था के समाजहित में कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि समाज को एकजुट कर-के रखना ही वैश्य परिवार वेल्फेयर



एसोसिएशन का पहला काम है। हम सबको संयुक्त रहकर समाज की शक्ति बनना चाहिए। महाराजा अग्रसेन के विचारों को हमें आगे बढ़ाना है। उन्होंने जिस तरह से समाजवाद की स्थापना की, वह सदियों तक जारी रहेगा। एक रुपया एक ईंट दान करने का जो उनका विचार है, वह यही है कि हम एक-एक रुपया देकर जरूरतमंद की आर्थिक स्थिति ठीक करें। एक-एक ईंट देकर उसके रहने के लिए घर बनाने में मदद करें। गुड गवर्नेंस की शुरूआत भी महाराजा अग्रसेन जी ने ही की थी। समाज की राजनीति में भागीदारी के लिए सक्रिय होने की बात उन्होंने कही। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में दूसरा महाराजा अग्रसेन भवन बनाने पर काम किया जा रहा है। अग्रवाल समाज के समर्पण और दान देने की भावना पर नवीन गोयल ने कहा कि राम मंदिर निर्माण में 75 फीसदी चंदा अग्रवाल समाज की ओर से दिया गया है। इसी से साफ हो जाता है कि हम दान देने में पीछे नहीं हटते। कैनविन फाउंडेशन के कार्यों की एक लघु फिल्म दिखाकर यहां बताया गया कि समाजसेवा किसी भी तरह से शुरू की जा सकती है। कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमारी संस्कृति महान है। हमें सदा समाज को कुछ देने की सोच रखनी है। यह हमारे समाज में खूब भी है कि हम देने में विश्वास रखते हैं, लेने में नहीं। वैश्य समाज परिवार भी इसी सोच को लेकर काम करता है। शुद्ध विचारों से कोई काम किया जाता है तो सफलता अवश्य मिलती है।

**सामाजिक, राजनीतिक ताकत बनाए रखें: रामनिवास गर्ग**

मुख्य अतिथि रामनिवास गर्ग ने कहा कि अग्रवाल समाज ने सदैव समाज के उत्थान के लिए काम किया है। हमारे समाज के स्कूल, कालेज, धर्मशालाएं सभी के लिए उपलब्ध हैं। कहीं भेदभाव नहीं है। हमें अपनी सामाजिक और राजनीतिक ताकत को बनाए रखना है। रामनिवास गर्ग ने कैनविन फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही नेक कार्य है। आज के दौर में सस्ती और न के बराबर फीस में लोगों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, वह अपने आप में बड़ा और अनूठा उदाहरण है। लोगों की दुआएं मिल रही हैं, यह सबसे बड़ी सपंत्ति होती है। विशिष्ट अतिथि रामनिवास मंगला ने कहा कि समाज की शक्ति हम सबको बने रहना है। हम सब एकजुट होकर रहें और समाज को आगे बढ़ाएं। रोशन लाल गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के संदेश को आगे बढ़ाएं। यह हमारा कर्तव्य है। आईएएस की परीक्षा पास करने वाले सार्थक अग्रवाल व उनके माता-पिता और आईआईटी में 95 फीसदी अंक हासिल करने वाले शुभम अग्रवाल व उनके परिजनों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, वहीं समाज के बच्चों, युवाओं, महिलाओं ने भी मंच पर धमाल मचाया। ग्रुप डांस में सभी ने अपनी प्रतिभा दिखाई। केरल के कलाकारों ने भी मन मोह लिया। बेहद ही यादगार यह दिवस सबको मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा भी दे गया।

इस अवसर पर संस्था के महासचिव मनीष सिंघल एवं टीसी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुदर्शन अग्रवाल, डा. एमएस गर्ग के अलावा गगन गोयल, अजय अग्रवाल, शैलेंद्र गौयल, विवेक गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, अनिल आर्य, आशा गोयल, मोनिका, सुमन, मंजू गोयल, मंदीप किशोर गोयल, सुंदर लाल, गौरी शंकर बंसल, संदीप गुप्ता, रिषी अग्रवाल, पीसी जैन, वीणा अग्रवाल, समेत काफी ंख्या में लोगों ने शिरकत करके महाराजा अग्रसेन जी को नमन किया।

# मनुष्यों की भांति पशुओं में भी होती है बीपी की बीमारी

**समाचार निर्देश 11 अक्टूबर निसिंग ( राजेन्द्र कुमार )**

वर्तमान में जहां लोगों के लिए खुद को बीमारियों से सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण बना है। वहीं पशुओं को स्वस्थ रखना भी कठिन बना है। मनुष्यों की भाति पशुओं में भी ज्वर, दस्त सहित अन्य रोगों की भांति बीपी घटने व बढ? की बीमारी होती है। लेकिन बेजुबान अपनी बीमारी किसी को बता नही सकते। वीएस डा तरसेम राणा ने बताया कि जंगलों में पशु नाना प्रकार की जड़ी बूटी खाते थे। जिससे शरीर तंदरूस्त रहता था, लेकिन बीते तीन-चार दशकों से चरागाह खत्म होने से पशु स्टाल फीडर हो गए। जिन्हें नाना प्रकार व रसायनों की मदद से तैयार की गई फसलों के अवशेष चारे के रूप में खिलाए जाते है। जिससे पशुओं के हारमोन असंतुलित होने से पशुओं का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। पशुओं की बीमारियों से लड? की क्षमता लगातार घट रही है। उन्होंने कहा कि पशुओं में बीपी घटने व बढ? की बीमारी भी हो रही है। बीपी घटने से पशु सुस्त सा बना रहता है। जो खानपान भी ठीक से नही लेता। हांलाकि बेजुबानों में होने वाली इस बीमारी को चिकित्सक व पशुपालक ठीक से मोनीटर नही कर पाते। यह लक्षण किसी अन्य बीमारी के कारण भी संभव है। उन्होंने कहा

# आरडी सिटी वासियों ने हरेरा चेयरमैन को दिया ज्ञापन

**प्रदीप यादव, समाचार निर्देश,गुरुग्राम।** पाम ग्रुव, आरडी सिटी बिल्डर व निवासियों के बीच का विवाद अब हरेरा में पहुंच गया है। निवासियों ने हरेरा चेयरमैन को ज्ञापन देकर मांग की है कि वे बिल्डर द्वारा की जा रही मनमानी और पैसों की गड़बड़ी पर संज्ञान लें। लोगों से करोड़ों रुपये ऐंठ लिये गये हैं, फिर भी सुविधाओं से लोग वंचित हैं।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में पाम ग्रुव सोसायटी-आरडी सिटी के निवासियों ने हरेरा चेयरमैन केके खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपा। नवीन गोयल के साथ सोसायटी के निवासी अमरीक सिंह निर्मान (आईपीएस), संदीप गुप्ता, रिषी अग्रवाल, कमल सेठी, अशोक बंसल, एसएनएस तंवर, प्रो. एनके कौशिक, सुभाष सिवाच, एसपीएस तंवर ने बताया कि आरडी सिटी बिल्डर द्वारा पाव ग्रुव सोसायटी के सामुदायिक केंद्र में बिल्डर अपना क्लब चला रहा है। अभी तक यह आरडब्ल्यूए को स्थानांतरित नहीं किया गया है। यह केंद्र



आरडब्ल्यूए को दिलाया जाए। ब्याज मुक्त मैंटनेंस सिक्योरिटी 4 करोड़ रुपये बिल्डर ने मालिकों से ले रखे हैं, वे भी आरडब्ल्यूए को दिए जाएं। बिजली के बिलों में भी बिल्डर ने घोटाला किया है। शुरूआत में वह लोगों से पैसा लेता रहा, लेकिन बिल जमा नहीं कराये। इसलिए पैसा इकट्ठा होते-होते 85 लाख रुपये हो गये। बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया। घरों में बिजली सुविधा के लिए आरडब्ल्यूए ने निवासियों ने पैसा एकत्रित करके बिजली बिल का भुगतान किया। सोसायटी में करीब 75 फीसदी अनसोल्ड प्लॉट की मैंटेनेंस बिल्डर ने वसूल तो ली, लेकिन आरडब्ल्यूए को नहीं दी। लोगों ने कहा कि आरडी सिटी बिल्डर ने बहुत गड़बड़ी कर रखी है। शुरू से ही लोगों को धोखा दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुनक गांव में आजादी का अमृत महोत्सव के मद्देनजर ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी

**मुनक 11 अक्तूबर, (सुदेश)**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जागरूकता पैदा करने के लिए गांव मुनक में कानूनी साक्षरता अभियान के मद्देनजर एक शिविर का आयोजन किया गया। यह भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने तथा लोगों को अपने गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूक करने की एक अनूठी पहल है। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय की नुक्कड़ नाटक मंडली ने गीतों के माध्यम से आम जनता को विभिन्न कानूनी सेवा योजनाओं से अवगत कराया।

शिविर में आए लोगों को विधिक सेवा अधिनियम के तहत प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में अवगत कराया गया और उन्हें यह बताया गया कि वह व्यक्ति जिसकी सालाना आय 3 लाख रुपये से कम है और जनरल जाति से संबंध रखता है मुफ्त कानूनी लेने का हकदार है। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति जो अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति कैटेगरी से आता है या महिला है बच्चे हैं दिव्यांग है उसे मुफ्त कानूनी सहायता उसकी आए को ध्यान में न रखते हुए प्रदान की जाती है।

लोगों को यह अवगत कराया गया कि अगर उन्हें किसी प्रकार की कानूनी समस्या है या किसी परकार की दिक्कत है या वह वकील की सेवाएं लेना चाहते हैं तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं और इसके लिए उनके केस की पैरवी जिला न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक मुफ्त की जाएगी।

इसके अलावा शिविर में आए हुए लोगों को आवेदन पत्र वितरीत किए गए ताकि वह अपनी शिकायतों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेज सकें। विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी से संबंधित पुस्तिकाएं एवं पर्चे वितरित किए गए ताकि उन्हें बेसिक कानूनी ज्ञान प्राप्त हो सके और वह अपने अधिकारों के बारे में अवगत हो जिससे समाज में उनका किसी प्रकार का शोषण न हो इसके अलावा शिविर में सरपंच एवं पंचों ने भी भाग लिया ।

# गौ माता की सेवा करने से मिलती है पुण्य की प्राप्ति: एडीसी

**प्रदीप यादव, समाचार निर्देश,गुरूग्राम।** श्री राधा कृष्ण गौशाला सेक्टर 9, बसई, भवानी एनक्लेव में साप्ताहिक भागवत कथा का शुभारंभ दिल्ली आदर्श नगर विधायक पवन कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा के साथ प्रभात फेरी निकाली। कलश यात्रा का नेतृत्व श्री राधा कृष्ण गोशाला संचालिका प्रधान साध्वी सविता जी ने किया। प्रसिद्ध कथा वाचक बाल योगी जी महाराज ने कथा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर झज्जर के अतिरिक्त उपायुक्त जगनिवास व हिसार की उप पुलिस अधीक्षक भारती डबास मुख्य अतिथि के रूप से मौजूद रही।



विधायक पवन कुमार शर्मा ने कहा कि भागवत करने से व भागवत सुनने से अलग ही तरह का आनंद मिलता है। हमें अपने जीवन में एक बार भागवत का पाठ अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक पवन कुमार शर्मा को संचालिका गौशाला संचालिका साध्वी सविता जी व प्रबंधक कमेटी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त उपायुक्त जग निवास ने कहा कि गौ माता की सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। हमें ?1 एक रोटी गौ माता के लिए अवश्य निकालना चाहिए। श्री राधा कृष्ण गौशाला में गौ माता की अच्छी तरह से सेवा हो रही है। इसके लिए साध्वी सविता जी व उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं। हिसार की उप पुलिस अधीक्षक भारती डबास ने कहा कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। आज गौशाला भ्रमण के दौरान मुझे यह समझ में आया कि हरियाणा की एक महिला भी इतनी अच्छी तरह से गौशाला चला सकती हैं। इसके लिए मैं साध्वी सविता जी को हार्दिक बधाई देती हूं।

गौशाला संचालिका प्रधान साध्वी सविता जी ने कहा कि भागवत सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत सुनने से धर्म के प्रति हमारी आस्था बढ़ती है। हमें अपने सनातन धर्म को बढ़ावा देना चाहिए। क्योंकि इसी धर्म में हर चीज का वर्णन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति हर वर्ष गौशाला में भागवत होती है। जिसका समापन 14 अक्टूबर को ब्रह्मलीन गौ भक्त संदीप जी की पुण्यतिथि पर होता है। जिसमें गुड़गांव शहर के अलावा हरियाणा, दिल्ली से भक्तजन आते रहते हैं। प्रखर वक्ता बाल योगी जी महाराज ने कहा कि भागवत के माध्यम से हम लोगों में परमपिता परमात्मा के प्रति

आस्था जगाते हैं और भागवत सुनने मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर आचार्य रमेश कुमार, सीडी इंटरनेशनल स्कूल के चेयरपर्सन रेखा यादव, कमल सिंह पुट्ठी, ब्राहमण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा सहित सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

# एसीएस देवेंद्र सिंह ने वीडियो कांफ्रेंस से की जल शक्ति अभियान के तहत करवाए जा रहे कार्यों की समीक्षा

**प्रदीप यादव, समाचार निर्देश,गुरुग्राम।** जिला में इन दिनों चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान के कार्यक्रम ह्यकैच दा रेन, वेयर इट फाल्स एण्ड वेन इट फाल्सह्ल के तहत करवाए जा रहे कार्यों की सिंचाई एवं जल संशाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेंद्र सिंह ने चण्डीगढ मुख्यालय से वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान गुरूग्राम जिला की रिपोर्ट उपायुक्त डा. यश गर्ग ने प्रस्तुत की, जिस पर एसीएस सिंह ने संतुष्टि जाहिर की।

जिला उपायुक्त डॉ यश गर्ग ने एसीएस सिंह को अवगत करवाया कि जिला गुरुग्राम में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के लिए 2113 स्थानों पर स्ट्रक्कर निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसमे से 1900 स्थानों पर निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही पारंपरिक और अन्य जल निकायों व पानी के टैंकों के नवीनीकरण के लिये 21 स्थानों को चिन्हित किया गया, जिनमें से 18 स्थानों पर नवीनीकरण का कार्य पूरा हो चुका है।

डॉ गर्ग ने बताया कि जल संचयन के लिए जिला में 98 पुराने व बेकार पडे. कुओं की पहचान की गई जिनमे से 68 कुओं का जीर्णोद्धार कर उनका प्रयोग जल संचयन के लिए किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला में 35



स्थानों पर वाटरशेड विकसित करने का कार्य भी पूरा हो चुका है। उन्होंने एसीएस देवेंद्र सिंह को जानकारी देते हुए बताया कि जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए इस बार मानसून में जिला में करीब 5 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। वहीं लोगों को जल संचयन के प्रति जागरूक करने के लिए जिला में कृषि विज्ञान केन्द्रों की सहायता से 332 जागरूकता शिविर भी लगाए गए। उपायुक्त ने एसीएस देवेंद्र सिंह को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल संचयन के लिए निर्धारित लक्ष्य पूरे कर लिए जाएंगे।

एसीएस सिंह ने जल शक्ति अभियान के तहत गुरुग्राम जिला में किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुग्राम में उपरोक्त अभियान के निर्धारित 6 बिंदुओं पर प्रमुखता से कार्य किया है। इन 6 बिंदुओं में ह्यजल संरक्षण व वर्षा जल का संचयनह्ल, परंपरागत जलाशयों व टैंक का जीर्णोद्धार, पुराने कुओं व बोरवैल तथा रिचार्ज स्ट्रक्कर का पुर्न उपयोग, वॉटरशैड विकसित करने, संघन पौधारोपण और कृषि विज्ञान केंद्र मेले आयोजन शामिल हैं। समीक्षा बैठक में उन्होंने कुछ जिलों में चिन्हित बिंदुओं पर किए जा रहे कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिले निर्धारित लक्ष्य के लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास करें। समीक्षा बैठक में जिला में जलशक्ति अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान सहित गुरुजल सोसाइटी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन

**प्रदीप यादव, समाचार निर्देश,गुरुग्राम।**

गुरुग्राम जिला में नेशनल ट्रस्ट एक्ट व दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी) 2016 के तहत दिव्यांगजन को दी जा रही सुविधाओं व सेवाओं की समीक्षा हेतु आज जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिला उपायुक्त डॉ यश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उन्होंने दिव्यांगजन को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया को सुगम बनाने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ गर्ग ने 18 वर्ष से अधिक आयु के ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मंदबुद्धि व बहु दिव्यांगता से पीड़ित बच्चों की देख रेख करने व उनकी चल अचल संपत्ति व बैंकिंग आदि के कार्यों में निर्णय लेने हेतु 02 बच्चों नामतः शोमिल यादव व अनुज कुमार के पिता को कानूनी अभिभावक प्रमाण पत्र जारी किए।

गौरतलब है कि जिला समाज कल्याण विभाग को कानूनी अभिभावक प्रमाण पत्र हेतु 18 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें जिला स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा की गयी जांच में 16 आवेदन नेशनल ट्रस्ट एक्ट के नियम व शर्तों के अनुरूप नहीं पाए गए।

*क्या है कानूनी अभिभावक प्रमाण पत्र लेने की प्रकिया*

किसी परिवार में यदि कोई बच्चा ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मंदबुद्धि व बहु विकलांग रोग से पीड़ित है व उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक है तो उसके माता-पिता अथवा परिवार का कोई व्यक्ति कानूनी अभिभावक प्रमाण पत्र लेने के लिए नेशनल ट्रस्ट की वेबसाइट पर आवेदन कर सकता है। वेबसाइट पर आवेदन करने के उपरांत उनका आवेदन तीन सदस्यीय जिला स्तरीय ल्लेवल कमेटी के पास भेजा जाता है। इस तीन सदस्यीय कमेटी के चेयरमैन जिला उपायुक्त होते हैं, जबकि एक एनजीओ व जिला का एक दिव्यांगजन इस कमेटी का मेंबर होता है। यह कमेटी संबंधित आवेदन को फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए जिला समाज कल्याण विभाग को मार्क करती है। यदि फिजिकल वेरिफिकेशन में आवेदनकर्ता के सभी दस्तावेज सही पाए जाते हैं तो कमेटी के चेयरपर्सन की अनुमति के बाद आवेदनकर्ता का प्रमाणपत्र नेशनल ट्रस्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाता है। बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि दि०?यांगजन अधिकार अधिनियम, (आरपीडब्ल्यूडी) 2016 के माध्यम से दिव्यांगजन को सार्वजनिक स्थानों में दी जाने वाली सुविधाओं के तहत सभी सरकारी व निजी कार्यालय दिव्यांगजन मैत्रीपूर्ण हों।

# मेयर मधु आजाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई नगर निगम गुरूग्राम के सदन की सामान्य बैठक

**प्रदीप यादव, समाचार निर्देश,गुरूग्राम।** गुरूग्राम की मेयर मधु आजाद की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय सिविल लाईंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में नगर निगम गुरूग्राम के सदन की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर के विकास से जुड़े 6 मुख्य प्रस्तावों सहित विभिन्न पार्षदों द्वारा रखे गए बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निगम क्षेत्र में जनवरी 2020 से सितम्बर 2021 तक राईट ऑफ वे के तहत दी गई स्वीकृतियों का पूर्ण ब्यौरा सदन के समक्ष रखा गया। अधिकारियों ने बताया कि इस अवधि के दौरान 98 स्वीकृतियां दी गई हैं तथा 53.30 करोड़ रूपए के राजस्व की प्राप्ति हुई है। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अपना इन्फ्रास्ट्रक्कर तैयार करने की दिशा में कार्य किया




जाएगा, ताकि राजस्व बढ़े।

नगर निगम गठन से लेकर अब तक बिल्डर लाईसैंस कॉलोनियों को निगम में टेकओवर करने बारे अब तक जो प्रस्ताव पारित हुए थे, उनके बारे में सदन को अवगत करवाया गया। इसके साथ ही कौन सी कॉलोनी किस स्तर पर लंबित है, उन कॉलोनियों की रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2016-17 में 8 कॉलोनियां तथा वर्ष 2019-20 में 11 कॉलोनियां टेकओवर करने का निर्णय सरकार की तरफ से हुआ है। इन 11 कॉलोनियों में डेफिसिएंट सर्विसिज की डीपीआर अक्तुबर माह के अंत तक तैयार कर ली जाएगी। शहर में स्वच्छ एवं उचित दामों पर जल की उपलब्धता हेतु लगाए गए वाटर एटीएम का मेयर मधु आजाद द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर लगे वाटर एटीएम चालू अवस्था में नहीं पाए गए थे, लेकिन इन सभी पर विज्ञापन अवश्य लगे हुए थे। बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जिन एजेंसियों ने वर्क ऑर्डर के नियम एवं शर्तों का उल्लंघन किया है, उनका ठेका रद्द करके किसी अन्य एजेंसी को दिया जाए तथा अब तक वाटर एटीएम से नगर निगम गुरूग्राम को कितना राजस्व प्राप्त हुआ है।

## संपादक की कलम से

### दोस्ती निभाना सीखो

दोस्तों,ज़िंदगी में दोस्त बनाना उतना ही आसान है जितना कि दोस्त बनाकर उससे दोस्ती निभाना। दोस्त बनाने से पहले दोस्ती निभाने की बड़ी-बड़ी कसमें खाना कोई मुश्किल काम नहीं हैं ।अक्सर लोग नए रिश्ते बनाते हुए ऐसे बड़े-बड़े वादे पल भर में कर जाते हैं। परंतु असलियत तब निकलकर सामने आती है जब दोस्ती को वास्तव में निभाना पड़ता है ।सच्ची दोस्ती निभाना हर किसी के बस की बात नहीं विशेषकर तब,जबकि दोस्ती जैसे रिश्ते को पूरी ईमानदारी से निभाना पड़े।

दोस्ती को निभाना कुछ लोगों के लिए उस स्थिति में और भी अधिक कठिन क्यों हो जाता है जब दोस्ती एक पुरुष और एक महिला के बीच होती है ।संकीर्ण सोच रखने वाले लोगों के साथ ऐसा अक्सर होता देखा गया है। कहने को तो वे अक्सर दोस्ती के रिश्ते में स्वयं को बांध लेते हैं परंतु दोस्ती निभाने से घबराने लगते हैं। बहुत जल्द ही इस रिश्ते से वे बोर हो जाते हैं या यूं कहें कि दोस्ती का रिश्ता उन पर बोझ बनने लगता है।

दोस्ती तो निभाई श्री कृष्ण ने द्रोपदी के साथ ,दोस्ती तो निभाई करण ने दुर्योधन के साथ, ऐसे लोग ही दोस्तों की गलतियों को स्वीकार करते हुए उन्हें सही मार्ग प्रशस्त करना और यथासंभव सहायता करने का कार्य कर दोस्ती के सच्चे रिश्ते की लाज रखते हैं।

उन्होंने समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया जो इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया।

दोस्ती शब्द का मतलब बहुत ही कम लोग समझते हैं। हां, कुछ लोग समझते हैं लेकिन सही से नहीं समझते। दूसरों के सुखों में शामिल होना ,उनकी प्रसिद्धि पर वाह-वाह करना ,उनकी हौसला अफजाई करना ,उत्सवों में उनके साथ शामिल होना ,हंसी ठिठोली करना ..केवल यही दोस्ती नहीं होता।अपितु, उनके उन क्षणों में भी उनके साथ खड़े रहना ही दोस्ती कहलाता है जिन पलों में उन्हें आप की आवश्यकता होती है।

दोस्ती के रिश्ते में दरार प्रायः तब आती है जब दोनों में से किसी भी एक के मन में यह बात घर कर जाए कि दूसरे दोस्त का उसकी दोस्ती के बिना गुजारा ही नहीं। दोस्तों, दोस्ती में दिल से रिश्ता निभाने का जज्बा दोस्तों के दिलों में दोस्ती के रिश्ते की गांठ को पक्का करता है जिसकी वजह से यह रिश्ता साल दर साल चलता है और ऐसे रिश्तों में परवाह और प्रेम बेशुमार मात्रा में शामिल रहते हैं ।दोस्त एक दूसरे के दुख, परेशानी को बिना कहे ही समझ जाते हैं किसी एक के भीतर समझ कम है तो दूसरे दोस्त का फर्ज बनता है कि उसकी इस कमी को दिल से स्वीकार करे, उसकी बराबरी ना करते हुए दोस्ती का रिश्ता निभाए और दोस्ती की एक मिसाल कायम करे।

दुनिया में कोई भी दो लोग एक जैसे नहीं होते ।एक व्यक्ति का स्वभाव दूसरे से अलग होता है,उनका व्यवहार भी एक दूसरे से भिन्न होता है। दूसरे की कमियों को स्वीकार करने के पश्चात ही कोई भी रिश्ता निभाया जा सकता है। रिश्तो में जीवंतता लाने के लिए सर्वप्रथम अहम की भावनाओं को दरकिनार करना होगा एवं आपसी समझ को बढ़ाना होगा ।मनमुटाव होना कोई बड़ी बात नहीं है ,प्रत्येक रिश्ते में झगड़े होते हैं,

# बिहारियों पर देश के अलग-अलग भागों में लगातार होते रहे हैं हमले

**कश्मीर** की वादियां फिर से मासूमों के खून से लाल हो रही हैं। वहां पर धरतीपुत्र कश्मीरी कैमिस्ट मक्खन लाल बिंद्रा से लेकर बिहार के भागलपुर से काम की खोज में आए गरीब वीरेन्द्र पासवान और दो अध्यापकों को भी गोलियों से भून दिया जाता है। पासवान के अलावा, सभी के मारे जाने पर तो पूरे देश में शोक व्यक्त किया जा रहा है, पर पासवान की मौत पर उसके घरवालों या कुछ अपनों के अलावा रोने वाला भी करने वाला नहीं है। बिहार के भागलपुर का रहने वाला पासवान आतंकियों की गोलियों का शिकार हो गया। वीरेंद्र पासवान का अंतिम संस्कार झेलम किनारे दूधगंगा श्मशान घाट पर कर दिया गया। श्रीनगर के मेयर जुनैद अजीम मट्टू के इस संवेदनहीन बयान को पढ़िए जिसमें वे कह रहे हैं कि ह्लमैं भागलपुर में नहीं, यहीं श्रीनगर में उसके (पासवान) भाई व अन्य परिजनों के पास सांत्वना व्यक्त करने जाऊंगा।ह्व कितना महान काम कर रहे हैं मट्टू साहब। यह सब बोलते हुए उनके जमीर ने उन्हें रोका तक नहीं। वे पासवान के श्रीनगर में रहने वाले संबंधियों से मिलने का वादा कर रहे थे। जो शायद ही शिर्नगर में ढून्ढने से मिलें कपासवान के घरवालों को मुआवजे के तौर पर सवा लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान कर दी गई है। भागलपुर का रहने वाला वीरेंद्र पासवान अक्सर गर्मियों के दौरान कश्मीर में रोजी रोटी कमाने आता था। वह श्रीनगर के मदीनसाहब, लालबाजार इलाके में ठेले पर स्वादिष्ट गोल गप्पे बनाकर बेचता था। उसकी हत्या की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट आफ जम्मू कश्मीर नामक संगठन ने ली है। लेकिन, किसी मानवाधिकार संगठन या कांग्रेस, आप, सपा बसपा जैसे किसी दल ने अब तक मांग नहीं कि पासवान के घर के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी दे दी जाए। या उसे भी लखीमपुर खीरी के दंगाईयों की तरह पचासों लाखों की वौछार कर दी जाय कक्या आतंकियों के हाथों मारे गए पासवान के परिवार को सिर्फ सवा लाख रुपए की राशि देना ही पर्याप्त है? पर कड़वी सच्चाई तो यह है कि देश के किसी भी भाग में बिहार के नागरिक के मारे जाने या अपमानित किए जाने पर कोई खास प्रतिक्रिया नहीं होती। अफसोस कि यह नहीं देखा जाता कि बिहारी जहां भी जाता है वहां पर वह पूरी मेहनत से जी-जान लगाकर काम करता है। आप जम्मू-कश्मीर या अब केन्द्र शासित प्रदेश हो गए लद्दाख का भी एक चक्कर भर लगा लें। आपको दूर-दराज के इलाकों में अंडमन से लक्षद्वीप, हिमाचल से अरुणाचल तक बिहारी मजदूर निर्माण कार्यों में लगे मिलेंगे। लेह- करगिल मार्ग पर सड़क और दूसरे निमार्णाधीन परियोजनाओं में बिहारी सख्त विपरीत जलवायु में भी काम करते मिलेंगे। कुछ समय पहले मेरे कुछ मित्रों को लेह जाने का अवसर मिला था। वहां पर आम गर्मी के मौसम में भी काफी ठंडा होने लगा था। वहां तापमान 12 डिग्री के आसपास ही दिन में भी रहता है। सुबह-शाम तो पूछिये ही मत ! दिन में भी जैकेट या स्वेटर पहनना जरूरी है। इन कठिन हालातों में भी आपको अनेकों बिहारी गुरुद्वारा पत्थर साहब के आसपास मिल जाएंगे। उनके चेहरों पर उत्साह भरा रहता है। वे



पराई जगहों को भी जल्द ही अपना ही मानने लगते हैं। गुरुद्वारा पत्थर साहब की बहुत महानता मानी जाती है क क्योंकि, यहाँ बाबा नानक आए थे। आपको लेह और इसके आसपास के होटलों और बाजारों में भी बहुत से बिहारी मेहनत मशक्कत करते हुए दिखाई दे ही जाएंगे। ये सुबह से लेकर देर शाम तक काम करते रहते हैं। इन निदोर्षों पर हमला करने का क्या मतलब है। इन्हें या दूसरे मासूम लोगों को वे मार रहे हैं, जो अपने को किसी इस्लामिक संगठन का सदस्य बताते हैं। अब जरा देखिए कि कश्मीर में ताजा घटनाओं के बाद किसी भी मुस्लिम नेता या मानवाधिकार संगठन या कश्मीरियत की बात करने वाले राजनेताओं ने तेजी से बढ़ती हिंसक वारदातों की निंदा नहीं की। ये सब लोग भी यह अच्छी तरह समझ लें कि सिर्फ यह कहने से तो बात नहीं बनेगी कि इस्लाम भी अमन का ही मजहब है। यह तो इन्हें सिद्ध करना होगा कइन्हें अपने मजहब के कठमुल्लों से दो-दो हाथ करना होगा। बहरहाल, वीरेंद्र पासवान तो कश्मीर में भी बिहार से रोजी रोटी कमाने ही आया था। उस गरीब ने किसी का क्या बिगाड़ा था। जब गोलियों से छलनी वीरेन्द्र पासवान का शव मिला तो उसके मुँह पर मास्क तक लगा हुआ था। अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर कश्मीर में आये पासवान के शरीर में कोरोना तो जा नहीं पाया,परआतंकियों के बुलेट ने शरीर को छलनी कर दिया। पासवान परिवार, लालू यादव का परिवार, या किसी को भी इतनी फुर्सत नहीं है कि वे पासवान की मौत की निंदा भर ही कर दें। लेकिन, कोई दलित नेता, कोई बुद्धिजीवी या ह्यूमन राईट वाला आगे नहीं आया। यह कोई पहली बार नहीं हुआ जब अपने ही देश में किसी गरीब बिहारी के साथ सौतेला व्यवहार किया गया हो। कुछ साल पहले मणिपुर में भी बिहारियों के साथ मारपीट की घटनाएं बढ़ीं थीं। उन्हें मारा जाना देश के संघीय ढांचे को ललकराने के समान है। यह स्थिति हर हालत में रूकनी ही चाहिए। इसे न रोका गया तो देश बिखराव की तरफ ही तो बढ़ेगा। इसी तरह से बिहारियों पर देश के अलग-अलग भागों में हमले होते रहे हैं। अगर बात असम की करें तो वहां पर इन हमलों के पीछे उल्फा आतंकवादियों की भूमिका होती है। दरअसल जब भी उल्फा को केंद्र के सामने अपनी ताकत दिखानी होती है, वह निर्दोष हिंदी भाषियों (बिहार या यूपी वालो) को ही निशाना बनाने लगता है। पूर्वोत्तर के दो राज्यों क्रमशः असम तथा मणिपुर में हिन्दी भाषियों को कई वर्षों से मारा जाता रहा है। ये हिन्दी भाषी पूर्वोत्तर में सदियों से बसे हुए हैं। असम तथा मणिपुर में हिन्दी भाषियों की आबादी लाखों में है। ये अब असमिया तथा मणिपुरी ही बोलते हैं। ये पूरी तरह से वहां के ही हो गए हैं। बस एक तरह से इनके अपने पु?खों के राज्यों से भावनात्मक संबंध भर ही बचे हैं। दिल्ली में अपने मुख्यमंत्रित्वकाल के दौरान स्वर्गीय शीला दीक्षित ने भी एक बार राजधानी की समस्याओं के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार से आकर बसनेवाले लोगों को ज़िम्मेदार ठहरा दिया था। यह बात 2007 की हैं जब शीला दीक्षित ने कहा था कि दिल्ली एक संपन्न राज्य है और यहाँ जीवनयापन के लिए बिहार तथा उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग

## आलेख

### मानव मस्तिष्क की शक्ति

**सेंटर फॉर टीचिंग लर्निंग** डवलपमेंट- सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया बोले, स्वयं को किसी से कम मत समझो। कक्षा में एकाग्र भाव से सीखने की जिज्ञासा के साथ बैठो। मानव मस्तिष्क की शक्ति किसी कंप्यूटर में भी नहीं समा सकती। उसे पहचानो। कक्षा में जब तक सब कुछ समझ न आ जाए, आगे मत बढ़ो, प्रश्न करो। उन्होंने बताया कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या ने बेरोजगारी एवं प्रतिस्पर्धा को बहुत अधिक बढ़ा दिया है। पैरामेडिकल में आज संभावनाओं की भरमार है, परन्तु आने वाले वर्षों में प्रतिस्पर्धा कई गुना बढ़ सकती है। ऐसे में वही सफल होगा, जो दूसरों से अधिक कुशल होगा। उन्होंने सफलता के छह सुझाव भी बताए। अंग्रेजी बोलना सीखो। दूरदर्शी बनो। लक्ष्य सकारात्मक रखो। आत्मविश्वासी बनो। दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ो। सीखने की जिज्ञासा रखो। प्रो. कृष्णिया तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के तत्वावधान में सत्र 2021-2022 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए छह दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व माँ शारदे की पूजा अर्चना के साथ इंडक्शन प्रोग्राम प्रारम्भ हुआ। कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. नवनीत कुमार ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा, मैं कोई प्रशासक नहीं हूँ, आपका अभिभावक हूँ। मैं आपके प्रति अपने उत्तरदायित्व को लेकर कटिबद्ध हूँ। मुझे मेरे छात्र-छात्राओं का उज्जवल भविष्य बनाना है, जिसमें हम सब अपनी-अपनी भूमिका गंभीरतापूर्वक निभाएंगे ।

उल्लेखनीय है कि कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल चार डिपार्टमेंट रन करता है। फर्स्ट डे के बाद सभी डिपार्टमेंट्स में इंडक्शन प्रोग्राम हुए, जिसमें नवागत छात्र-छात्राओं को यूनिवर्सिटी और कॉलेज का इंट्रो, छात्रों का कर्त्तव्यबोध, अनुशासन, स्ट्रेस मैनेजमेंट आदि के बारे में बताया। सभी फैकल्टी से इंटरेक्शन भी हुआ। इन छात्र-छात्राओं को यूनिवर्सिटी का भी भ्रमण कराया गया। संचालन सीनियर फैकल्टी कंचन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सभी कोर्सेज के प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राएं और फैकल्टी उपस्थित रहे।

# भारत में तीव्र गति से बढ़ती प्रौद्योगिकी

**भारत में** तीव्र गति से बढ़ते प्रौद्योगिकी के कारण और डिजिटलाइजेशन के चलते अनेक क्षेत्रों में अनेक कार्य अति आसान और सुलभ हो रहे हैं। सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात पारदर्शिता में तीव्रता से वृद्धि होने पर मिथ्या व्यवस्था और गड़बड़ियों में काफी कमी होजाएगी जिसे हमारा लक्ष्य जीरो करना है, तभी हमारा भारत और भारत का हर नागरिक सुख, समृद्धि, चैन और समानता की बारिश में भीगने में सफल होगा।...साथियों इतने तीव्र प्रौद्योगिक विकास और सफलताओं के बावजूद हम देखते हैं कि भारत में बिजली, पेट्रोल और डीजल सहित पेट्रोलियम पदार्थों जैसी प्राथमिक श्रेणी की आवश्यकताओं वाली वस्तुओं में भी कीमतें हर राज्य हर शहर में अलग-अलग है। हालांकि हम सब जानते हैं कि इसका प्रमुख कारण हर राज्य में लगने वाले वैट और केंद्र का सेस जिम्मेदार हैं। साथियों हम सकारात्मक पहलू से सोचें तो इस वैट और सेस के आधार पर ही केंद्र, राज्य सरकारें अपने-अपने प्रदेशों और केंद्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक कर पाते हैं। क्योंकि इससे बड़ाआर्थिक सृजन का क्षेत्र और कोई नहीं है हालांकि यह योजनाएं जन-जन हितार्थ ही होती है परंतु, साथियों मेरा मानना है कि हालांकि विकास की यह दीर्घकालीन योजनाएं भी जरूर है ताकि आने वाली पीढ़ियों तक इनका सकारात्मक लाभ हम उपलब्ध करा सकें।परंतु वर्तमान प्रौद्योगिकी युग में नीति निर्धारकों और संबंधित मंत्रालय द्वारा स्वतःसंज्ञान लेकर एक राष्ट्र एक आवृत्ति एक मूल्य के मंत्र को साकार करने की ओर कदम तात्कालिक बढ़ाने का समय आ गया है। पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की पुरजोर मांग जनता से उठ रही है और हर जीएसटी काउंसिल मीटिंग में मुद्दा उठाने की तैयारी रहती है परंतु हो नहीं पाता।हालांकि



इस बार भी 44 वीं जीएसटी की मीटिंग में मुद्दा उठाया गया पर सहमति नहीं बन पाई क्योंकि सभी राज्य भी इस कदम का विरोध करते हैं क्योंकि उनको भी आर्थिक बैकलॉग का सवाल उत्पन्न होता है।परंतु मेरा यह सुझाव है कि जिस तरह बिजली मंत्रालय व विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के लिए बिजली की लागत को कम करने के लिए बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण (एमबीईडी) का फामूर्ला सृजित किया जिसमें राज्य सरकारों, विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम), विद्युत विनियामक आयोग, राज्यों की उत्पादक कंपनियां, इत्यादि संबंधित लागत पक्षों की कार्यशाला आयोजित कर एमबीईडी के प्रथम चरण का कार्यान्वयन 1 अप्रैल 2022 से शुरू करने की योजना है लाभार्थियों को लागत में 5 फीसदी कमी आने की संभावना है ठीक उसी तरह पेट्रोल डीजल की कीमतों में एक राष्ट्र एक आवृत्ति एक मूल्य का निर्धारण सभी संबंधित पक्षों द्वारा आपस में तालमेल स्थापित कर किया जा सकता है, भले ही जीएसटी में पेट्रोल डीजल का शामिल करना अभी दूर की कौड़ी नजर आ रहा है। परंतु एक राष्ट्र एक आवृत्ति एक मूल्य की मांग का संभावना तुरंत लागू हो सकती है बस!!! जरूरत है जज्बे जांबाजी और हौसले की जो वर्तमान प्रशासन में कूट-कूट कर भरा महसूस हो रहा है!!!...साथियों बात अगर हम 8 अक्टूबर 2021 को पीआईबी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति की करें तो उसमें इस मंत्र को तालमेल से सटीक बैठाने की कोशिश बिजली मंत्रालय और विभाग द्वारा की गई है उनके अनुसार, विद्युत मंत्रालय ने बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण (एमबीईडी) को लागू करने के लिए एक सहमति और चरणबद्ध दृष्टिकोण की आवश्यकता को पहचाना है जिससे प्रतिभागियों, बिजली (पावर एक्सचेंजों) और प्रभार प्रेषण (लोड डिस्पैच) केंद्रों को धीरे-धीरे नई व्यवस्था के अनुकूल बनाने में सहायता मिलेगी। इस उद्देश्य से इसी वर्ष, 1 जून 2021 को विद्युत मंत्रालय द्वारा सभी संबंधित हितधारकों को उनके विचार और टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए एक चर्चा नोट भेजा था। 6 जुलाई 2021 को विद्युत मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों को इस प्रक्रिया में शामिल (कवर) करने वाली एक परामर्श कार्यशाला भी आयोजित की गई थी। कार्यशाला के दौरान कई सुझाव प्राप्त हुए थे और जिन पर बाद में मंत्रालय द्वारा विचारविमर्श किया गया। इसके बाद फिर 26 अगस्त 2021 को विद्युत वितरण कम्पनियों (डिस्कॉम), विद्युत विनियामक आयोगों, राज्यों की उत्पादक कम्पनियों (जेनकोस) इत्यादि के साथ दूसरी परामर्श कार्यशाला आयोजित की गई। यह व्यापक रूप से स्वीकार्य तथ्य है कि बिजली बाजार के संचालन में सुधार और एक राष्ट्र, एक ग्रिड, एक आवृत्ति, एक मूल्य ढांचे की ओर बढ़ने में अब एक आवश्यक अगला कदम केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा शुरू किए गए बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण (एमबीईडी) को आने वाले समय में लागू करना है। एमबीईडी यह सुनिश्चित करेगा कि देश भर में सबसे सस्ते उत्पादन के संसाधनों को समग्र प्रणाली की मांग को पूरा करने के लिए प्रयोग किया जाता रहा है।

# टीएमयू में होगी एनाटॉमी पर इंटरनेशनल वर्कशॉप

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में एनाटॉमी विभाग की ओर से शरीर रचना विज्ञान में विकसित रुझानः एक वैश्विक नजरिया-2021 होगी। थीम पर अंतर्राष्ट्रीय वर्कशॉप होगी। इस ऑनलाइन कार्यशाला का शुभारम्भ 22 अक्टूबर को होगा। दो दिनी इस वर्कशॉप में न्यूजीलैंड से डॉ. स्यु एड्सटर्म, ओमान से डॉ. सृजित दास, स्पेन से सारा प्युग एलिएर, आयरलैंड से ब्रेंडन बायर्ने, यूके से डॉ. मनदीप गिल सागू,स्कॉटलैंड से डॉ. जॉन शारके, सऊदी अरब से डॉ. शाजिया इकबाल, भारत से डॉ. दीप्ति शास्त्री, अमरीका से डॉ. वार्ना तारानीकांति, ग्रीस से डॉ. आयानीस स्टवरो, भारत से प्रो. ए शरीफ, टर्की से प्रो. कैगटे बरुः भारत से डॉ. डोरिस जी योहानन, यूके से डॉ. सिसिलिया ब्रेसेट, अमरीका से डॉ. प्रीति एम मिशेल बतौर गेस्ट स्पीकर्स शिरकत करेंगे।

इंटरनेशनल वर्कशॉप ऑफ एनाटोमी आईडब्ल्यूए के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन एवं टीएमयू मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. एसके जैन ने बताया, एनाटॉमी विभाग की ओर से इंटरनेशनल वर्कशॉप का शंखनाद 22 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे होगा। यह वर्कशॉप एनाटॉमिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की संरक्षण में होगी। डॉ. जैन ने बताया, अब तक वर्कशॉप के लिए 1200 से अधिक डेलीगेट्स अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। इस वर्कशॉप में करीब एक दर्जन देशों के जाने-माने एनाटॉमिस्ट इम्पोर्टेंस ऑफ रिसर्च इन एनाटॉमी, डिमेस्टिफाइंग एनाटॉमी फॉर एवरीडे यूज, ब्लेंडेड लर्निंग इन एनाटॉमी, स्टडिंग एनाटॉमी फ्रॉम एन्सिएंट एरा टू 21 सेंचुरी आदि टॉपिक्स पर लेक्चर्स देंगे। इस वर्कशॉप की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. निधि शर्मा ने बताया, वर्कशॉप में एनाटोमी फील्ड में होने वाली नयी-नयी तकनीकों पर न केवल व्याख्यान होंगे बल्कि दुनिया के नामचीनः एनाटॉमी विद्वान अपने अनुभव साझा करेंगे। इस वर्कशॉप का संचालन डॉ. सुप्रीति भटनागर करेंगी। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, एमबीजी श्री अक्षत जैन, कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह, निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर, मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. श्यामोली दत्ता ने कहा, आईडब्ल्यूए-2021 देश और दुनिया के रिसर्चर्स लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# वर्षा जल संरक्षण के मामले में देश की आईटी राजधानी है मिसाल

देश के सबसे अमीर स्थानीय निकाय बृहनमुबई नगर निगम (बीएमसी) को भी देश की आर्थिक राजधानी के बाशिंदों को पानी देने में हाथ तंग करना पड़ रहा है। बीएमसी पहले ही पानी की आपूर्ति में 15 फीसदी की कटौती कर चुका है और इस हफ्ते इस बात पर फैसला लेगा कि मुंबईवालों को हफ्ते के सभी दिन पानी दिया जाए या किसी एक दिन उससे महरूम रखा जाए। इस साल बारिश की बेरुखी से केवल मुंबई का हाल ही बेहाल नहीं है, बल्कि देश के लगभग सभी प्रमुख शहरों में इस दफे पानी का रोना रोया जा रहा है।

शहरों का आकार जैसे-जैसे बड़ा हो रहा है पानी की उनकी जरूरत भी बढ़ती जा रही है। शहरों के स्थानीय प्रशासनों को पानी की लगातार बढ़ती माँग से तालमेल बिठने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। दिल्ली, भोपाल, चंडीगढ़, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई और बंगलुरू में से केवल बंगलुरू में ही हालात कुछ बेहतर है। इसकी सीधी सी वजह है वर्षा जल संरक्षण के मामले में देश की यह आईटी राजधानी दूसरे शहरों के लिए मिसाल है। वहीं दूसरे शहरों में खास तौर से दिल्ली में बैठे जिम्मेदार लोग बाहरी लोगों के दबाव को बदइंतजामी की वजह बताते हुए ठीकरा उनके सर फोड़ते हैं।

चेन्नई में अभी तक मीटर नहीं है। बारिश के पानी का इस्तेमाल करने के लिए मुंबई को अभी बंदोबस्त करना बाकी है। इन शहरों की नीतियों में भी पारदर्शिता की कमी झलकती है। बड़े शहरों में केवल बंगलुरू में ही 90 फीसदी मीटर काम कर रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में केवल आधी आबादी की आपूर्ति ही मीटर के जरिए होती है। बीएमसी के अधिकारी कहते हैं कि निगम पानी की बबार्दी रोकने के लिए कदम उठा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ होता नहीं नजर आ रहा है। देश में बड़े पैमाने पर भूजल का दोहन हो रहा है, लेकिन इंदौर को छोड़कर किसी अन्य शहर में भूजल के बेजा इस्तेमाल पर जुमार्ना नहीं है। मध्य प्रदेश के इस प्रमुख वाणिज्यिक शहर में इस साल पानी के मामले में आपातकाल जैसे हालात हैं। पूरब के महानगर कोलकाता में भी पानी देने वाली हुगली नदी को नजरअंदाज किया जा रहा है।

ऐसे समय में जब खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं और दुनिया में भुखमरी अपने पैर पसार रही है, जलवायु परिवर्तन से संबंधित विशेषज्ञ आगाह कर रहे हैं कि आने वाले वक्त में हमें और भी भयावह स्थिति का सामना करना पडेगा। दिनों-दिन बढते वैश्विक तापमान की वजह से भारत की कृषि क्षमता में लगातार गिरावट आती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक इस क्षमता में 40 फीसदी तक की कमी हो सकती है।

तापमान बढ़ने के साथ ही देश के एक बड़े हिस्से में सूखे और जल संकट की समस्या भी बद से बदतर होती जा रही है। एक तरफ वैश्विक तापमान से निपटने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल पर ब्रेक लगाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर कृषि कार्य के लिए पानी की आपूर्ति के वास्ते बिजली की आवश्यकता भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

खाद्य सुरक्षा, पानी और बिजली के बीच यह संबंध जलवायु परिवर्तन की वजह से कहीं ज्यादा उभरकर सामने आया है। एक अनुमान के मुताबिक अगले दशक में भारतीय कृषि की बिजली की जरूरत बढ़कर दोगुनी हो जाने की संभावना है। यदि निकट भविष्य में भारत को कार्बन उत्सर्जन में कटौती के समझौते को स्वीकारने के लिए बाध्य होना पड़ता है तो सबसे बड़ा सवाल यही उठेगा कि फिर आखिर भारतीय कृषि की यह माँग कैसे पूरी की जा सकेगी।

इसका जवाब कोपेनहेगन में नहीं, बल्कि कृषि में पानी और बिजली के इस्तेमाल को युक्तिसंगत बनाने में निहित है। कृषि में बिजली का बढ़ता इस्तेमाल इस तथ्य से साफ है कि अब किसान पाँच हार्सपॉवर के पंपों के बजाय 15 से 20 हार्सपॉवर के सबमसिबल पंपों का इस्तेमाल करने लगे हैं। पाँच हार्सपॉवर के पंप 1970 के दशक में काफी प्रचलन में थे। इससे राज्य सरकारें अत्यधिक दबाव में हैं, क्योंकि कृषि क्षेत्र की बिजली संबंधी जरूरतों की पूर्ति उसे ही करनी होगी। जमीन के भीतर से पानी खींचने के लिए बिजली की अधिक जरूरत पड़ती है। पंजाब में बिजली की जितनी खपत होती है, उसका एक तिहाई हिस्सा अकेले पानी को पंप करने में ही खर्च हो जाता है। हरियाणा में यह आँकड़ा 41 और आंध्र प्रदेश में 36 फीसदी है। हालाँकि सरकार वृहद सिंचाई परियोजनाओं और नहरों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन तथ्य यह है कि नहरों के पानी का महज 25 से 45 फीसदी ही इस्तेमाल हो पाता है, जबकि कुओं और नलकूपों का 70 से 80 फीसदी तक पानी इस्तेमाल कर लिया जाता है।

भूजल से कृषि उत्पादकता नहरी सिंचाई से कृषि उत्पादकता की तुलना में डेढ़ से दो गुनी ज्यादा है।

यही वजह है कि निजी क्षेत्र भूजल में ही निवेश को प्राथमिकता दे रहा है।

देश के सिंचाई साधनों में 60 फीसदी हिस्सा भूजल स्त्रोतों का है जिनके विकास पर निजी क्षेत्र 2.2 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहा है।

लेकिन भूजल से सिंचाई तब तक टिकाऊ नहीं हैं, जब तक कि जल संरक्षण के लिए उतनी ही राशि खर्च नहीं की जाती जितनी कि भूमिगत जल स्त्रोतों के विकास पर खर्च की जा रही है। उन क्षेत्रों में जल प्रबंधन बहुत जरूरी है जो सिंचाई के लिए पूरी तरह से भूमिगत पानी पर निर्भर है, ताकि वहाँ भूजल के स्तर के साथ संतुलन बनाया जा सके, लेकिन हमारे नीति निमार्ताओं ने अब तक इस पर ध्यान नहीं दिया है। अभी पूरा ध्यान नहरी सिंचाई पर ही दिया जा रहा है। भारत में भूमिगत जल का भौगोलिक बँटवारा असमान है और इसका इस्तेमाल भी बेहद गलत ढंग से किया जा रहा है। देश के 70 फीसदी प्रखंडों में भूजल का स्तर संतोषजनक है, लेकिन उन 30 फीसदी प्रखंडों में पानी का अधिकतम दोहन किया जा रहा है, जहाँ पहले से ही पानी का संकट है।

भूजल में कमी की प्रमुख वजह नलकूपों से सिंचाई है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण पंजाब है। वहाँ भूजल का स्तर 50 से 100 फीट तक नीचे गिर चुका है, लेकिन इसके बावजूद वह अनाज के रूप में 21 अरब क्यूबिक मीटर पानी का निर्यात कर रहा है। वहाँ भूजल का दोहन 145 फीसदी तक हो रहा है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश भी अनाज के रूप में 21 अरब क्यूबिक मीटर पानी का निर्यात कर रहा है, लेकिन भूजल का दोहन 70 फीसदी तक सीमित है। हरियाणा 14 अरब क्यूबिक मीटर पानी का निर्यात कर रहा है और भूजल दोहन का आंकड़ा 109 फीसदी है। कुछ राज्यों ने जल प्रबंधन की दिशा में कई कदम उठाए हैं।

महाराष्ट्र ने 'वाटर आडिट' करने की व्यवस्था शुरू की है। पंजाब और हरियाणा अब चावल की रोपाई मशीन से करने लगे हैं, ताकि ग्रीष्मकाल में सबसे गर्म दिनों से बचा जा सके।

# मजदूरों किसानों एवं जनता के जन मुद्दे पर 25 नवंबर को नोएडा प्राधिकरण पर करेंगे प्रदर्शन: गंगेश्वर दत्त

राजा पारचा

नोएडा, गांव व गांव से लगी बस्तियों/ कालोनियों की नोएडा प्राधिकरण एवं जनप्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा के खिलाफ एवं नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर 10 अक्टूबर 2021 को सोरखा जहीदाबाद सेक्टर- 115, नोएडा शंभू दयाल स्कूल में आम सभा/ पंचायत का आयोजन हुआ। पंचायत में पहुंचे मजदूर नेता सीटू जिलाध्यक्ष व ग्रामीण विकास समिति के संयोजक गंगेश्वर दत शर्मा, किसान सभा के जिला प्रवक्ता व ग्रामीण विकास समिति के संरक्षक डॉ रुपेश वर्मा एडवोकेट, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की नेता आशा यादव, चंदा बेगम, सीटू नेता लता सिंह, माकपा नेता भरत डेंजर, ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष वशिष्ठ मिश्रा, उपाध्यक्ष गोविंद सिंह, मीडिया प्रभारी राजेश दुबे आदि नेताओं का जोरदार स्वागत कर सम्मान व्यक्त किया और उन्हें नाली, सीवर, सड़क बनवाने, पीने योग्य पानी की व्यवस्था आदि जन समस्याओं के समाधान करवाने हेतु ज्ञापन/ मांग पत्र



सौंपा। आम सभा में जन मुद्दों पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार और सुझाव रखे। जिस पर पंचायत को संबोधित करते हुए किसान नेता डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहा कि प्राधिकरण गांवों एवं मजदूर बस्तियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रहा है गांव में मजदूर बस्तियों में लोग नाली, सीवर, सड़क, पीने योग्य पानी, बिजली आदि मूलभूत जन सुविधाओं के अभाव में नारकीय जिंदगी जीने को मजबूर है इस स्थिति के खिलाफ हमें एकजुट होकर लड़ना होगा।

आम सभा को संबोधित करते हुए मजदूर नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि नोएडा के मजदूरों/कामगारों पर लगातार उत्पीड़न बढ़ रहा है, रेहडी पटरी फुटपाथ के पथ विक्रेताओं को रोजगार नहीं करने दिया जा रहा है आए दिन पुलिस, नोएडा अथॉरिटी उनका उत्पीड़न शोषण कर रही है और उनकी मांगों समस्याओं का लगातार अनदेखी की जा रही है इसी तरह किसान भी पीड़ित है और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है आज भी किसान महीनों से हरौला बरात घर में सुखबीर खलीफा जी के नेतृत्व में धरनारत हैं हम किसानों के साथ हैं और उनके आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। गांव व कॉलोनियों के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं वहीं हिंडन नदी पुस्ता पार दर्जनों कालोनियों में लाखों की आबादी के पास बिजली के कनेक्शन नहीं है। बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार/ प्रशासन की नैतिक व प्राथमिक जिम्मेदारी होती है जिसे वे पूरा नहीं कर रहे हैं उन्होंने कहा कि हम लोगों की समस्याओं/ मांगों से सरकार, प्राधिकरण, जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएंगे यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 18 अक्टूबर 2021 को प्रातः 11:00 नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल- 6, कार्यालय सेक्टर- 20, नोएडा पर ज्ञापन दिया जाएगा और 24 अक्टूबर 2021 को प्रातः 11:00 बजे नोएडा विधायक माननीय पंकज सिंह के कार्यालय सेक्टर- 26, नोएडा पर जनता का जन मार्च कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं 25 नवंबर 2021 को ग्रामीण विकास समिति व मजदूर संगठन सीटू द्वारा व्यापक जन अभियान चलाकर शहर का चक्का जाम हड़ताल कर नोएडा प्राधिकरण सेक्टर- 6, पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। जिस पर आम सभा ने सर्वसम्मति से अपनी स्वीकृति प्रदान किया। पंचायत में गांव सोरखा संघर्ष कमेटी का गठन किया गया।

## यूपी में प्रियंका के नेतृत्व में बनेंगी काँग्रेस की सरकार

**भुप सिंह यादव**

नोएड़ा।उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के सद्स्य सतेन्द्र शर्मा ने नोएड़ा विधानसभा 61 के सेक्टर 2 में विभिन्न विभिन्न कालोनियों के युवा निवासियों से मुलाकात की,सतेन्द्र शर्मा ने सभी युवाओं से आव्हान करते हुये कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रियंका गाँधी जी के साथ चलने एव काँग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करे,युवाओं के लिए सदैव काँग्रेस पार्टी सँघर्ष करेगी भाजपा से युवाओं से झूठ बोला है प्रत्येक वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था वो सिर्फ चुनावी वादा ही रहे



गया,अगर यूपी में कोई जनता के हक के लिए लड़ाई लड़ रहा है सिर्फ काँग्रेस पार्टी,इस अवसर पर ब्लॉक उपाध्यक्ष कुलदीप त्रिपाठी,लाला सतपाल गर्ग,मनोज कुमार,सोनू गुप्ता,नीरज सिंह सहित कार्यकर्ता रहे।

## बिजली केंद्र पर कर्मचारियों के पास कटौती का कोई जवाब नहीं है: कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मामून शाह

**समाचार निर्देश ब्यूरो सलीम खान/आसिम अजीज**

रामपुरः उत्तर प्रदेश कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मामून शाह खान ने कहा कि काशिराम कॉलोनी, आसरा कॉलोनी में मात्र दस घंटे ही बिजली मिल रही है अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। पिछले कई दिनों से पूरी पूरी रात बिजली नहीं आ रही। जिससे कॉलोनी वासी सो नहीं पा रहे है, दिन और रात में बिजली कटौती हो रही है। बिजली कटौती से नाराज लोगों ने प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से मांग की कि कटौती बंद की



जाए। मामून शाह खान ने कहा कि पिछले कई दिनों से बिजली की कटौती से लोग परेशान है। लेकिन पिछले दिनों से रात के समय हो रही कटौती ने बड़ी मुश्किल पैदा कर दी है। बिजली केंद्र पर कर्मचारियों के पास कटौती का कोई जवाब नहीं है। ऊपर से बिजली नहीं आ रही यह कहकर कर्मचारी फोन काट देते हैं।

इस समय पूरे इलाके में बीमारियां फैली हुई है। मच्छरों से लोग परेशान हैं। ऐसे में बिजली कटौती से बीमारियां और फैलने का खतरा पैदा हो गया है।

इस मौके पर, कांग्रेस नेता सय्यद फैसल हसन, एजाज हुसैन खान, सईद कुरेशी, नासिर मलिक, जमशेद खान,नूर मोहम्मद, चांद खां, आबिद, जावेद, नवीन सैनी, आदि मौजूद रहे।

## अंत्योदय कार्ड धारकों को भी मिलेगा मुख्यमंत्री जनआरोग्य अभियान का लाभ

**भुप सिंह यादव**

नोएडा।अब अन्त्योदय कार्ड धारकों को भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान का लाभ मिलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुनील कुमार शर्मा ने बताया जनपद में 7852 परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया अन्त्योदय कार्ड धारकों को अपना कार्ड लेकर नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर जाना है, जहां उनका आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाया जाएगा। अन्त्योदय कार्ड धारक हर माह राशन डीलर से रियायती दर पर राशन प्राप्त करते हैं, इसलिए राशन डीलरों को भी अन्त्योदय कार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई है।




आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डा. अशोक कुमार ने बताया जनपद में 7852 परिवार अन्त्योदय कार्ड धारक हैं। इन परिवारों के सदस्यों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान का लाभ दिए जाने के शासनादेश प्राप्त हुए हैं। शासनादेश के अनुपालन में सभी के आयुष्मान कार्ड बनवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के समान मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में भी हर परिवार को हर वर्ष पांच लाख तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। लाभार्थी योजना से आबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में उपचार प्राप्त कर सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड होना जरूरी है। अन्त्योदय कार्ड धारक योजना से आबद्ध अस्पतालों के अलावा किसी भी जन सुविधा केंद्र में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। यह कार्ड पूरी तरह निशुल्क बनाया जाता है। यदि कोई कार्ड बनाने के नाम पर पैसे की मांग करे तो उसकी शिकायत सीएमओ कार्यालय में की जा सकती है।नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट की पात्रता सूची में शामिल अत्यंत गरीब परिवारों को भारत सरकार द्वारा अन्त्योदय कार्ड दिया जाता है।

इस कार्ड धारक परिवार को 35 किलो अनाज प्रतिमाह दिया जाता है। इन परिवारों को सरकार दो रुपये प्रति किलो गेहूं और तीन रुपए प्रति किलो चावल उपलब्ध कराती है।

## तरुण मित्र परिषद ने विद्यार्थियों को वितरित की पाठ्य सामग्री

**भुप सिंह यादव**

**नोएडा।**अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा साधनहीन, पित्रहीन व दिव्यांग विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी व छात्रवृत्तियां वितरित की गईं । परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि ए. एस. वी. जे. सी. सै. स्कूल, दरियागंज में आयोजित 46वें वार्षिक निःशुल्क पुस्तकें? व स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम में 400 से अधिक साधनहीन विद्यार्थियों को जीवन पब्लिशिंग हाउस द्वारा सहायक पुस्तकें, धर्मपाल सत्यपाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रजिस्टर व कापियां एवं परिषद की संरक्षिका सुधा गुप्ता द्वारा स्कूल बैग व स्टेशनरी प्रदान की गई। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम सेठी ने नोएडा के कुछ विद्यार्थियों को वाहन से कार्यक्रम स्थल पर ले जाया गया।

जहा उन बच्चों को तरुण मित्र परिषद के द्वारा स्टेशनरी व छात्रवृत्तियां वितरित की गयी।परिषद के अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि इस अवसर पर 170 पित्रहीन,दिव्यांग व साधनहीन विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता हेतु लाखों रुपए मूल्य की छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं।

## व्यूसती हैंडलूम फैशन शो गुड़गांव में

### कर्नाटका महाराष्ट्र के ग्रामीण जुलाहो की आर्थिक सहायता के लिए एग्जीबिशन लगाया गया

**समाचार निर्देश गुरुग्राम 11 अक्टूबर/ब्यूरो**

मुंबई की प्राची सर्राफ ने कोविड-19 के बाद आर्थिक तकलीफ से जूझते हुए जुलाहो की सहायता करने के लिए व्यूसती हैंडलूम की शुरूआत की है' रविवार रात सेंट्रल पार्क 1 के बैंक्वेट में व्यूसती हैंडलूम का गुरुग्राम में एग्जीबिशन के साथ लॉन्च किया गया' एग्जीबिशन सुबह 11:00 बजे से श्याम 8 बजे तक चला ' गुरुग्राम की कई प्रमुख महिलाओं ने हैंडलूम की साड़ी पहनकर



कैटवॉक किया' डॉ सारिका वर्मा ने कहा साड़ी एक बहुत ही खूबसूरत और सत प्रतिशत भारतीय पहनावा है' पिछले 2 साल में सजावट की चीजें कम खरीदी जा रही है जिसकी वजह से जो लोग कपड़े जूते जेवर पर्स इत्यादि सजावट की चीजें को बनाने के कारोबार में लगे हैं उन्हें बहुत आर्थिक दिक्कत आ रही है' प्राची सर्राफ का व्यूसती हैंडलूम आत्मनिर्भर भारत की ओर सराहनीय कदम है' जेनिथ चौधरी ने कहा साड़ी पहन कर नारी अपने आप को खूबसूरत और कॉन्फिडेंट दोनों महसूस करती है और बाकी कपड़े छोटे बड़े हो जाएं साड़ियां कई दशक तक पहनी जा सकती हैं' लतिका ठुकराल ने कहा इस समय फैशन के साथ सस्टेनेबिलिटी का भी ध्यान रखते हुए ऐसी चीजें खरीदनी चाहिए जो सालों साल चले।

## संक्षिप्त खबरें

### एक्टिवा चोरी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**समाचार निर्देश ब्यूरो,पिहोवा (पृथ्वी सिंह):-**

थाना ईस्माइलाबाद पुलिस ने एक्टिवा चोरी करने के आरोप में संजय कुमार पुत्र रामकुमार वासी सैक्टर-21 कैथल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी की गई एक्टिवा बरामद करने में सफलता हासिल की । जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक (मु.) सुभाष चन्द्र ने बताया कि 4 अक्तूबर 2021 को सुनीता रानी पत्नी कर्मचन्द वासी सौंटी जिला अम्बाला ने थाना ईस्माइलाबाद पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसने अपनी एक्टिवा सरकारी हस्पताल इस्माईलाबाद के पास खडी की थी । कुछ देर बाद उसने देखा तो उसको वहां पर उसकी एक्टिवा नहीं मिली जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। जिसकी शिकायत पर थाना ईस्माइलाबाद में मामला दर्ज करके जांच हवलदार पवन कुमार को सौंपी गई । 10 अक्तूबर 2021 को हवलदार पवन कुमार व रिषीपाल की टीम ने मामले में जांच करते हुए आरोपी संजय कुमार पुत्र रामकुमार वासी सैक्टर-21 कैथल को गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक्टिवा बरामद कर ली। आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया ।

### मारपीट करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**समाचार निर्देश ब्यूरो,पिहोवा (पृथ्वी सिंह):-**

थाना ईस्माइलाबाद पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में जोधबीर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह वासी डेरा तलहेडी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की । जानकारी अनुसार 9 अक्तूबर 2021 को मुकेश अग्रवाल पुत्र मदन लाल वासी तलहेडी रोड ने थाना ईस्माइलाबाद पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 8 अक्तूबर 2021 को जोहरा सिंह निवासी तलहेडी व अन्य 03/04 लडकों ने उनकी झाडू फैकटरी में आकर उसके व उसके मैनेजर योगेश व अन्य स्टाफ के साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी देकर मौका से फरार हो गये । जिसकी शिकायत पर थाना ईस्माइलाबाद में मामला दर्ज करके जांच हवलदार पवन कुमार को सौंपी गई । दिनांक 10 अक्तूबर 2021 को हवलदार पवन कुमार व रिषीपाल की टीम ने मामले में जांच करते हुए आरोपी जोधबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया । आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया ।

### उपमंडल पिहोवा में अब तक 5 लाख 53 हजार 374 मीट्रिक टन धान की हुई आवक: सोनू राम

**समाचार निर्देश ब्यूरो,पिहोवा (पृथ्वी सिंह):-**

उपमंडल अधिकारी नागरिक सोनू राम ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में धान की खरीद का कार्य जोरों पर चल रहा है। गत दिनों तक पिहोवा की मंडियों में कुल 5 लाख 53 हजार 374 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। धान की खरीद का कार्य पिहोवा अनाज मंडी सहित अन्य खरीद केंद्रों पर शुरू कर दिया गया है।

उन्होंने बातचीत करते हुए कहा कि मार्किट कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार पिहोवा में अब तक 5 लाख 53 हजार 374 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई, जिसे सरकारी खरीद एजेंयियों द्वारा खरीदा गया। इसमें से 273443 मीट्रिक टन धान खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा, 150537 मीट्रिक टन हैफेड द्वारा, गुमथला गढु में 97532 मीट्रिक टन, मलिकपुर में 10110 मीट्रिक टन धान, थाना में 15406 मीट्रिक टन तथा भौर सैदां में 6346 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। एसडीएम ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल को सूखाकर मंडियों में लेकर आएं ताकि उन्हें फसल बेचने में कोई परेशानी न आए। उन्होंने यह भी कहा कि किसान फसलों के अवशेषों को खेतों में न जलाएं बल्कि उनका खेतों में ही समुचित प्रबंध करें। कहीं पर भी खेतों में फसल अवशेष न जलाए। उन्होंने फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाओं का जिक्र करते कहा कि मानव स्वास्थ्य से जुड़े इस मुद्दे को लेकर अब सर्वोच्च न्यायालय, एनजीटी और प्रदूषण नियंत्रण विभाग गम्भीर है और ऐसे मामलों में भारी जुमार्ना और सजा का प्रावधान कर दिया है। अगर कोई फसल अवशेष जलाया पाया जाता है तो वह पर्यावरण के नुकसान की भरपाई देने के लिए उत्तरदायी होगा। उन्होंने कहा कि 2 एकड़ भूमि तक 2500 रुपये प्रति एकड़ घटना, 2 से 5 एकड़ भूमि तक 5 हजार रुपये प्रति घटना, 5 एकड़ से ज्यादा भूमि 15 हजार रुपये प्रति एकड़ घटना का प्रावधान है।

### पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निदेशानुसार चुनाव के दृष्टिगत व आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा

**राजा पारचा**

**नोएडा।** *आज दिनांक 11/10/2021 को समय 12.00 बजे पुलिस उपायुक्त, ग्रेटर नोएडा की अध्यक्षता में नॉलेज पार्क-3 ग्रेटर नोएडा स्थित पुलिस उपायुक्त कार्यालय में एक अर्न्तजनदीय क्राईम कोर्डिनेशन मीटिंग आहुत की गयी है, जिसमें जनपद बुलन्दशहर से पुलिस अधीक्षक अपराध श्री कमलेश बहादुर, जनपद बुलन्दशहर स्वॉट टीम प्रभारी व उनकी टीम एवं जनपद हापुड से पुलिस उपाधीक्षक-पिलखुवा / अपराध डा0 श्री तेजवीर सिंह, उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह क्राईम ब्रान्च जनपद हापुड तथा जोन ग्रेटर नोएडा से सहायक पुलिस आयुक्त- प्रथम ग्रेटर नोएडा श्री महेन्द्र सिंह देव, सहायक पुलिस आयुक्त- द्वितीय ग्रेटर नोएडा श्री नितिन कुमार सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त- तृतीय ग्रेटर नोएडा श्री बृजनन्दन राय एवं जनपद गौतमबुद्धनगर से स्पेशल क्राईम ब्रान्च प्रभारी निरीक्षक श्री शावेज खान द्वारा प्रतिभाग किया।*

*उक्त गोष्ठी का मुख्य एजेन्डा आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद गौतमबुद्धनगर एवं सीमावर्ती जनपदों में प्रभावी समनव्य स्थापित कर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी एवं सम्पर्क सुत्रो का आदान- प्रदान किया गया। उक्त गोष्ठी में सीमावर्ती जनपदो के अपराधियों एवं महत्वपूर्ण घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी साझा की गयी।*

# सपा नोएडा महानगर ने मनाई जयप्रकाश नारायण जी की जयंती.......

**राजा पारचा**

**नोएडा।** सेक्टर 9 में समाजवादी पार्टी (सपा ) ने सोमवार को जय प्रकाश नारायण की जयंती मनाई। सपा महानगर अध्यक्ष दीपक विग के नेतृत्व में जयंती मनाई गई। सपा नेताओं ने जय प्रकाश नारायण की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर दीपक विग ने कहा कि जेपी का जो विचार है और जैसा उन्होंने नेतृत्व किया उसी से हम सब लोग जाने और सीखे उसके आधार पर आज हम सब काम कर रहे हैं। जेपी के विचारों को ही अपनाते हुए समाज को आगे बढ़ा रहे हैं। समाज में एकता रखना, भाईचारा रखना ही हमलोगों ने उनसे सीखा है। पिछली बार कोरोना था, लेकिन इस बार जैसे ही आने का मौका मिला तो हमलोग आए। 11 अक्टूबर, 1902 को जन्मे जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। वे समाज-सेवक थे, जिन्हें ह्यलोकनायकह्न के नाम से भी जाना जाता है। 1999 में उन्हें मरणोपरांत ह्यभारत रत्नह्न से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें समाजसेवा के लिए 1965 में मैगससे पुरस्कार प्रदान किया गया था। सपान महानगर महासचिव शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा की




दिल्ली सरकार का सबसे बड़ा अस्पताल ह्यलोकनायक जयप्रकाश अस्पतालह्न भी उनके नाम पर है। लोकनायक जयप्रकाश की समस्त जीवन यात्रा संघर्ष तथा साधना से भरपूर रही। उसमें अनेक पड़ाव आए, उन्होंने भारतीय राजनीति को ही नहीं बल्कि आम जनजीवन को एक नई दिशा दी, नए मानक गढ़े। जैसे - भौतिकवाद से अध्यात्म, राजनीति से सामाजिक कार्य तथा जबरन सामाजिक सुधार से व्यक्तिगत दिमागों में परिवर्तन। महानगर उपाध्यक्ष शकील सैफी ने कहा की वे विदेशी सत्ता से देशी सत्ता, देशी सत्ता से व्यवस्था, व्यवस्था से व्यक्ति में परिवर्तन और व्यक्ति में परिवर्तन से नैतिकता के पक्षधर थे। वे समूचे भारत में ग्राम स्वराज्य का सपना देखते थे और उसे आकार देने के लिए अथक प्रयत्न भी किए। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय समाज की समस्याओं के समाधानों के लिए प्रकट हुआ, एक अवतार की तरह, एक मसीहा की तरह। वे भारतीय राजनीति में सत्ता की कीचड़ में केवल सेवा के कमल कहलाने में विश्वास रखते थे। आज के कार्यक्रम में मौजूद मुख्य लोगों में दीपक विग, शकील सैफी ,गौरव चाचरा ,दिलबर सिंह रावत, शंभू प्रसाद पोखरियाल, गौरव कुमार यादव, कुलदीप शर्मा, उदयवीर, साहिल चौधरी, शिव कुमार यादव, गुड्डू शाह ,तनवीर हुसैन ,मोहम्मद शहजाद ,हिमांशु अवाना ,यस बसोया, मांगते सलमानी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# आदर्श व्यवस्था पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याकारी योजनाओं में हुई गड़बड़ियों की जाँच के लिए ने रुद्रपुर तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी के समक्ष धरना दिया

**लार/देवरिया/राहुल तिवारी**
आज दिनांक 11-10-2021 को आदर्श व्यवस्था पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने रुद्रपुर तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी के समक्ष धरना दिया जो प्रातः 10:30 से अपराह्न 2:00 बजे तक चला. इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में पीड़ित जनता मौजूद थी. ज्ञातव्य है कि आदर्श जनता पार्टी के कारकर्ता और पदाधिकारी केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की हकीकत जानने के लिए 19-09-2021 से ही जनपद के सभी ब्लॉकों और तहसीलों के गावों का भ्रमण कर रहे हैं और जनता की समस्याओं एवं शिकायतों को लिपिबद्ध कर रहे हैं. इस क्रम में कल और आज 10बजे तक कार्यकताओं ने तारासारा, मौनी आराजी,मौनी खास तथा नगर पंचायत रुद्रपुर का भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान लगभग सभी गावों में प्रधानमंत्री आवास के आवंटन में भारी अनियमितता की गयी है. राशन कार्ड, पेंशन में भी बहुत धांधली हुई है. इस कार्य में ग्राम



विकास अधिकारीयों की भूमिका अत्यंत निंदनीय पायी गयी है. जिन गरीब पात्रों को योजनाओं का लाभ सबसे पहले दिया जाना चाहिए था, वे आज भी बंचित हैं. पैसे और रसूख के बल पर योजनाओं जैसे आवास, पेंशन और राशन कार्ड अपात्रों को दे दिया गया है. ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जे की भी शिकायते मिली है. धरने को पार्टी के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष सूबेदार वी के शुक्ला, सलेमपुर विधानसभा प्रभारी रामनाथ प्रसाद, वकील यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमशंकर यादव, जिलाध्यक्ष नन्दलाल यादव, भटनी नगर अध्यक्ष रमेश यादव, पिंटू यादव और अयोध्या साहनी ने सम्बोधित किया. संचालन राजेश पाण्डेय ने किया. धरने को संवोधित करते हुए रामप्रताप सिंह ने उप जिलाधिकारी से रुद्रपुर नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास में हुई गड़बड़ियों की जाँच करने की मांग की. उन्होंने कहा कि ग्रामसमाज की जमीनों पर अवैध कब्जे को हटाकर खाली जमीनों को भूमि हीनो में वितरित किया जाय.अंत में पार्टी के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह और कोषाध्यक्ष सूबेदार वी के शुक्ला के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी रुद्रपुर को मांगो से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि रुद्रपुर तहसील के कम से कम 10गावों और रुद्रपुर नगरपंचायत में कराये गए कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का भौतिक सत्यापन कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में पार्टी तालाबंदी, अनशन चक्का जाम के लिए बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी.



विगत दिनों काव्य गगन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान लाने के लिए पंजाब की पूरी ट्राम को सम्मानित करते हुए साहित्य24 के संस्थापक हरिप्रकाश पाण्डेय ।सिम्बोलिक चेक,ट्रॉफी ऑयर सभी को प्रमाण पत्र दिए गए।

# यूपी के ऊर्जा मंत्री ने दिलाया भरोसा, जल्द दूर होगा कोयला संकट, नहीं बंद होंगे पावर हाउस

**रिपोटर /अशुतोष तिवारी**
उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने भरोसा दिलाया कि कोयले का संकट जल्द दूर हो जाएगा और लोगों को बिजली की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। श्रीकांत शर्मा ने रविवार को कहा कि केन्द्र सरकार कोयले की कमी को दूर करने के तमाम उपाय कर रही है और जल्द ही प्रदेश के बिजलीघरों को पयार्प्त मात्रा में कोयला मिलने लगेगा। उन्होने कहा कि कोयले की कमी से बंद बिजली घरों को जल्द चालू कराया जायेगा जहां दो चार दिन का कोयला बचा है,उन्हे बंद करने की नौबत नहीं आएगी।
विद्युत उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि उन्होने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली कटौती की तरफ ऊर्जा मंत्री का ध्यान दिलाते हुए कोयला संकट दूर कराने की मांग उठाई। कोयले की किल्लत को लेकर ज्यादातर उत्पादन गृह कम क्षमता पर काम कर रहे है जिसकी वजह से पूरे देश में विद्युत आपूर्ति पर प्रभाव पड़ा है और जिलों में विद्युत कटौती हो रही है ।
श्रीकांत शर्मा ने भरोसा दिलाया कि उपभोक्ता हित में सभी वह प्रयास जारी है जिससे स्थित सामान्य हो। पावर कॉर्पोरेशन उत्पादन निगम के उच्चाधिकारियों को पूरी स्थिति पर दिन रात कार्ययोजना के तहत निर्देश दिए जा रहे है। केंद्र सरकार के संपर्क में रहकर कोयला संकट पर बहुत जल्द प्रभावी नियंत्रण पा लिया जाएगा जिन उत्पादन गृहो में 2 चार दिन का कोयला बचा है अब उसे बंद नहीं करना पड़ेगा क्योंकि कोयला पहुंच रहा है। जो पावर हाउस कोयले की कमी से बंद है उन्हे बहुत जल्द कोयला उपलब्ध कराकर चालू कराया जाएगा।

## देवरिया में सोनखारिका गांव में नवरात्रि पर श्री दुर्गा पूजा समारोह पर मां दुर्गा की मूर्ति रखी गई



**आदित्य त्रिपाठी। देवरिया**
उत्तर प्रदेश के देवरिया में सोमवार को सोनखारिका गांव में नवरात्रि पर श्री दुर्गा पूजा समारोह पर मां दुर्गा की मूर्ति रखी गई। जिसमें आज रात जागरण होगा। जागरण में अन्टू भोजपुरिया , अनुराधा तिवारी, राजन द्विवेदी और धनंजय मिश्रा कलाकार अपना अपना प्रदर्शन करेंगे। मूर्ति रखने के उपलक्ष में संरक्षक श्री तारकेश्वर तिवारी जी ने कीर्तन किया और लोगों को दुर्गा पूजा के लिए अवगत कराया। यहां लोग दुर्गा पूजा के लिए बहुत ही उत्साहित हैं। दुर्गा जी की मूर्ति हर साल नवरात्रि में रखी जाती है और पूजा के बाद दशहरा बीत जाने पर मूर्ति को नदी में विसर्जित किया जाता है।



प्रो डॉ देविंदर कौर का नाम O My Good बुक ऑफ रिकार्ड में उनके म्यूजिक में अधिकतम लेक्चर और 25 म्यूजिक की पुस्तकें प्रकाशित होने पर दर्ज हुआ। उनके परिवार और शुभचिंतको ने उन्हें बधाई दी।

# प्रो डॉ देविंदर कौर की दो पुस्तकों ख्वाहिशें और इजहार -ए -इश्क का लोकार्पण सम्पन्न- हरिप्रकाश पाण्डेय

**पटियाला पंजाब /समाचार निर्देश**
पंजाब के पटियाला में डॉ देविंदर कौर की दो पुस्तकों का लोकार्पण समपन्न हुआ। ख्वाइशें और इजहार ए इश्क में डॉ देविंदर कौर ने जीवन मूल्यों पर आधारित रचनाओं को खूबसूरती से उकेरा है।
साहित्य 24 डॉट कॉम के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में पटियाला और चंडीगढ़ के तमाम साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति रही।इस अवसर डॉ देविंदर कौर को प्रेरणा दर्पण साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच,साहित्य 24 और मीडिया पंचायत की ओर से उनके अतुलनीय और सराहनीय योगदान के लिए संस्था के संस्थापक हरिप्रकाश पाण्डेय ने सम्मानित भी किया।इस खूबसूरत कार्यक्रम का आयोजन डॉ देविंदर कौर के घर पर किया गया।डॉ देविंदर कौर के तमाम शुभचिंतक, श्री एम एस जग्गी,सुशील कुमार आजाद,जागृति गौड़,सुनील कुमारी,डॉ हरसिमरन कौर,कमलजीत खुर्मी, नलिनी उप्पल,सरिता नोहरिया,बलवीन कौर,स्नेहदीप कौर और पवन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।साहित्य 24 के द्वारा आयोजित ऑनलाइन काव्य गगन में पंजाब की टीम तीसरे स्थान पर थी।इसके लिए टीम में शामिल सभी प्रतिभागियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ देविंदर कौर के भाई मनजीत सिंह जी और भाभी कुलजीत कौर डाली भी मौजूद रहीं।डॉ संगीता राय भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी ,संस्था ने उन्हें नृत्य में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया।

# गांव की नाबालिग के साथ दो युवकों ने किया दुष्कर्म

**समाचार निर्देश ब्यूरो घरौंडा : प्रवीण कौशिक**
मुनक थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग दो युवकों ने अपनी हवस का शिकार बनाया। नाबालिग घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। जिसे दो दिन बाद निसिंग थाना क्षेत्र से बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल करवाया और माननीय न्यायालय में पेश किया। माननीय न्यायालय में दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।
मुनक थाना क्षेत्र के एक गांव से छह/सात अक्तूबर की दरमियानी रात नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने आस पास के एरिया में युवती की तलाश शुरू की लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लगा। बाद में आठ अक्तूबर को परिजनों ने पुलिस में शिकायत दी।
पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस की टीमें नाबालिग की खोजबीन में लगी रही। पुलिस ने नौ अक्तूबर को निसिंग थाना क्षेत्र में एक कमरे से नाबालिग को बरामद कर लिया। नाबालिग डरी सहमी थी। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की तो दुष्कर्म का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक, दो युवकों के नाम सामने आए। पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल करवाया। रेप की पुष्टि होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। दोनों आरोपियों की उम्र 27 से 28 वर्ष बताई जा रही है। इन दोनों आरोपियों का पुलिस ने सोमवार को घरौंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकंल करवाया।







प्रेरणा दर्पण साहित्यिक एवम सांस्कृतिक मंच, मीडिया पंचायत ऑयर साहित्य 24 डॉट कॉम ने डॉ देविंदर कौर को उनके अब फक किये गए कार्यों को देखते हुए सम्मानित करते हुए।



डॉ देविंदर कौर को सम्मानित करती हुई सरिता नोहरिया।



साहित्य 24 डॉट कॉम की पंजाब इकाई की नाव गठित टीम के साथ संस्था का संस्थापक और सहसंस्थापक हरिप्रकाश पाण्डेय और डॉ देविंदर कौर जी।



सरिता नौरहिया जी को मनोनीत अध्यक्ष का प्रमाण पत्र देते हुए ।



मनोनीत सदस्य कमलजोत खुर्मी को मनोनयन पत्र देते हुए।



फुलकारी पहनाकर मुख्य अतिथि हरिप्रकाश पाण्डेय जी को सम्मानित करते हुए सरदार मनजीत सिंह जी।



सुशील कुमार आजाद नई को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंजाब का मनोनयन प्रमाण पत्र देते हुए हरिप्रकाश पाण्डेय।



केक काटते हुए हरिप्रकाश पाण्डेय।साथ में डॉ देविंदर कौर जी,मनजीत सिंह जी और डाली जी।



अतिथि हरिप्रकाश पाण्डेय जी को बुके देखकर स्वागत करती हुई डॉ देविंदर कौर, जागृति गौड़ और कमलजोत खुर्मी।



नेशनल बुक रेकार्ड के साथ अपने परिवार और शुभचिन्तको के साथ डॉ देविंदर कौर जी।



पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए एम एस जग्गी जी को सम्मानित करते हरिप्रकाश पाण्डेय और डॉ देविंदर कौर जी



साहित्य24 डॉट कॉम पंजाब इकाई की पूरी टीम।

# दिल्ली प्रदेश के कांग्रेस अल्पसंख्यक डिपार्टमेंट के प्रभारी बने शाहनवाज शेख

**समाचार निर्देश जुबेर खान नूंह**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक डिपार्टमेंट के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी ने शाहनवाज शेख को राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक डिपार्टमेंट का प्रभारी का कार्यभार दिया है` दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस रिसर्च विभाग के प्रभारी डॉ अनिल कुमार मीणा ने बताया कि शाहनवाज छात्र राजनीति में उनके साथ काम कर चुके हैं दिल्ली विश्वविद्यालय जेएनयू जैसे कई विश्वविद्यालयों में उनकी बड़ी मेहनत लगन से चुनाव में जीत मिली है उनके काम करने के तरीके से संगठन का हर कोई व्यक्ति कायल है` इमरान प्रतापगढ़ी भारत के जाने-माने विश्व विख्यात शायर है, जिन्होंने लफ्जों के माध्यम से सरकार कि गलत रणनीतियां और देश की समस्याओं को उठाया है फिलहाल इमरान ने कांग्रेस के जमीनी धरातल से जुड़े हुए युवा ऊजार्वान



कार्यकताओं को कांग्रेस पार्टी की मुख्यधारा में ला रहे हैं शाहनवाज पहले भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय महासचिव, अहमदाबाद से पार्षद एवं पिछले 3 वर्षों से शाहनवाज मध्य प्रदेश के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी संभाल चुके हैं` इनकी कार्यप्रणाली ईमानदारी एवं संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए राहुल गांधी एवं इमरान प्रतापगढ़ी संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने अल्पसंख्यक समुदाय को संगठित एवं राष्ट्रीय नेतृत्व की भागीदारी में शामिल करने के उद्देश्य से दिल्ली प्रदेश के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी दी है शाहनवाज ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय में आने वाले मुस्लिम, सिख , जैन , बौद्ध, ईसाई एवं पारसी समाज को राजनीति की मुख्यधारा से वंचितों को राजनीति की मुख्यधारा में कांग्रेस के नेतृत्व में आगे लाना है` वर्तमान हालात में देश में चल रहे अल्पसंख्यक लोगों के खिलाफ हो रही घटनाओं पदार्फाश करने अल्पसंख्यक समुदाय के मुद्दों की लड़ाई लड़ने के लिए आने वाले दिनों में अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत किया जाएगो भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के खिलाफ संघर्ष को मजबूत किया जाएगा`

# लावारिस हालत में मिली बच्ची को झज्जर पुलिस ने पहुंचाया हॉस्पिटल



**समाचार निर्देश ब्यूरो झज्जर**
सोमवार 11 अक्टूबर 2021 की सुबह सवेरे मात्र 02/03 दिन की नवजात बच्ची के लावारिस हालत में एक मंदिर के पास लिटाया हुआ होने के संबंध में स्थानीय पुलिस को सूचना मिली थी। थाना माच्छरोली क्षेत्र के गांव अहरी में स्थित एक मंदिर के पास लावारिस हालत में एक बच्ची के संबंध में सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक महोदय झज्जर श्री राजेश दुग्गल ने ईआरवी की टीम को तुरंत मौका पर पहुंचने तथा सावधानी से उठाकर बच्ची को तत्परता से हॉस्पिटल पहुंचाने व उसका तुरंत उपचार शुरू करवाने के संबंध में दिशा निर्देश किए गए थे। एसपी श्री राजेश दुग्गल के दिशा निर्देशों की पालना करते हुए थाना
माच्छरोली क्षेत्र में तैनात ईआरवी-351 की टीम ने तत्परता से मौका पर पहुंचकर बच्ची को चंद मिनटों में सिविल हॉस्पिटल झज्जर पहुंचाया। लावारिस हालत में मिली बच्ची का सिविल हॉस्पिटल झज्जर के आईसीयू में उपचार लगातार जारी है। ईआरवी 351 पर तैनात सहायक उप निरीक्षक पूनम कुमार, सिपाही संदीप कुमार व सिपाही शमशेर सिंह की टीम ने गांव अहरी के एरिया में लावारिस हालत में मिली बच्ची को मात्र 17 मिनट में सिविल हॉस्पिटल झज्जर पहुंचाकर व तुरंत उपचार शुरू करवाकर उसकी जान बचाई।

एक तरफ जहां देश में सरकार बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान चला रही है और बेटियों को आगे बढ़ाने की कोशिश में लगी है। बेटियों को मानसिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। जिससे कि बेटी किसी पर बोझ न रहे, बावजूद इसके अब भी कुछ लोग बेटी को लेकर अपनी सोच नहीं बदल पा रहे हैं। जिसका उदाहरण 11 अक्टूबर 2021 की सुबह गांव आहरी जिला झज्जर लावारिस हालत में मिली मात्र 02/03 दिन की एक नवजात बच्ची के तौर पर सामने आया। जबकि देवी का स्वरूप मानकर नवरात्रों में कन्या पूजन भी किया जाता है। मंदिर परिसर के नजदीक एक पेड़ के नीचे नवजात बच्ची को लावारिस हालत में देख कर एक व्यक्ति द्वारा डायल 112 को फोन कर सूचना दी गई। जिसके पश्चात पुलिस की टीम द्वारा बच्ची को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां आईसीयू में बच्ची का इलाज जारी है।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी काबू

**समाचार निर्देश ब्यूरो झज्जर**
मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गहनता से कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा एक आरोपी को चोरीशुदा मोटरसाइकिल के साथ काबु किया गया। पकड़े गए आरोपी के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रबन्धक शहर झज्जर निरीक्षक जय भगवान ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि थाना में तैनात मुख्य सिपाही कुलबीर के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना पर मुस्तैदी से कार्रवाई करके चोरी शुदा मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को काबू किया। पकड़े गए आरोपी की पूछताछ में पहचान सतीश निवासी बॉस जिला हिसार के तौर पर की गई। पकड़े गए आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी की उपरोक्त वारदात का खुलासा किया। आरोपी कब्जे से बरामद उपरोक्त मोटरसाइकिल के संबंध में जून 2021 में थाना बावल जिला रेवाड़ी में मोटरसाइकिल चोरी बारे मामला दर्ज किया गया था। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे अदालत में पेश किया गया।

# हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने बादली में नशे के विरुद्ध आम लोगों को किया जागरूक

## नशा तस्करी के संबंध में किसी प्रकार की सूचना 9050891508 पर दी जा सकती है

**समाचार निर्देश ब्यूरो बादली**
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, हरियाणा पुलिस और प्रयास संस्था द्वारा बादली कस्बे में विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताकर उनसे दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव के दिशा-निर्देशों से पूरे हरियाणा राज्य में किया जा रहा है। हरियाणा राज्य को नशा मुक्त करने के लिए पिछले वर्ष हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन




किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य नशे की आपूर्ति की रोकथाम के साथ साथ इसके सेवन से दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक करना है। सोमवार को थाना प्रबंधक बादली निरीक्षक जसवीर सिंह की अध्यक्षता में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बादली पहुंचे उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित जन समुदाय को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे का कारोबार करता है तो इसकी सूचना हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री नंबर 9050891508 पर दें। इस अवसर पर हिंद केसरी निरीक्षक सोनू पहलवान, सहायक उप निरीक्षक देवेन्द्र, सिपाही मंजीत, सिपाही नरेश, सिपाही अंजय व अन्य उपस्थित रहे।

# हत्या व छीनाझपटी की वारदात पर एसपी राजेश दुग्गल ने घटना स्थल गांव दहकौरा पहुंचकर लिया जायजा

**समाचार निर्देश ब्यूरो बहादुरगढ़**
थाना आसौदा क्षेत्र के गांव दहकौरा के एरिया में एक महिला की अज्ञात दोषियों द्वारा हत्या करके फरार हो जाने की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसपी श्री राजेश दुग्गल ने उपरोक्त मामले के दोषियों का पता लगा कर मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के संबंध में कड़े दिशानिर्देश दिए हैं। स्थानीय पुलिस को मिली सूचना के अनुसार सोमवार को खेत मे गई गांव दहकौरा निवासी एक महिला की अज्ञात दोषियों द्वारा हत्या करके उसके कानों के बाले व मोबाइल फोन को छीन कर मौका से फरार हो जाने की वारदात को अंजाम दिया गया था। उपरोक्त वारदात की सूचना पर एसपी झज्जर श्री राजेश दुग्गल स्वयं मौका पर गांव दहकौरा पहुंचे। सोवार को बाद दोपहर घटनास्थल पर पहुंच कर घटना का बारीक की जायजा लेते हुए उन्होंने स्थानीय लोगों तथा पुलिस अधिकारियों से वारदात की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान घटनास्थल पर एसपी श्री राजेश दुग्गल के साथ थाना प्रबंधक आसौदा निरीक्षक बाबूलाल, चौकी प्रभारी मांडोठी सहायक उपनिरीक्षक प्रीतम कुमार व




अन्य पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे। जानकारी देते हुए थाना प्रबंधक आसौदा निरीक्षक बाबूलाल ने बताया कि गांव दहकौरा निवासी एक महिला की हत्या की वारदात की सूचना पर मौका पर पहुंचे एसपी श्री राजेश दुग्गल ने घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से वारदात के संबंध में बातचीत की। मृतका के पुत्र के कथन अनुसार अज्ञात दोषियों द्वारा उसकी माता की हत्या करने व छीनाझपटी करके मौका से फरार हो जाने की वारदात को अंजाम दिया गया था। महिला का शव खेत से बरामद किया गया। उपरोक्त वारदात के संबंध में थाना आसौदा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या व छीना झपटी का मामला दर्ज किया गया। न्होंने बताया कि एसपी श्री राजेश दुग्गल ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए उपरोक्त मामले की गहनता से जांच पड़ताल करने तथा वारदात के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के संबंध में कड़े दिशा निर्देश दिए। वारदात को जल्द से जल्द सुलझाने तथा वांछित दोषियों को पकड़ने के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक बादली श्री अमित यशवर्धन आईपीएस के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीमों का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रबंधक आसौदा, सीआईए प्रथम व द्वितीय बहादुरगढ़ तथा साइबर सैल की टीम को शामिल किया गया है। उपरोक्त मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए पुलिस द्वारा हर एंगल से गहन जांच की जाएगी। उपरोक्त वारदात के दोषियों को काबू करने तथा वारदात को जल्द सुलझाने के लिए पुलिस के स्तर पर हर संभव कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हत्या की उपरोक्त वारदात के दोषियों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के पास कोई जानकारी हो वह थाना प्रबंधक आसौदा के मोबाइल फोन नंबर 8930500630 अथवा पुलिस चौकी प्रभारी मांडोठी के मोबाइल नंबर 8930500629 पर दी जा सकती है।

# सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करता आरोपी काबू

**समाचार निर्देश ब्यूरो बहादुरगढ़**
झज्जर पुलिस कीएक टीम द्वारा मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए सरेआम सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी को काबू किया गया। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रबन्धक सेक्टर 6 बहादुरगढ़ निरीक्षक नरसिंह ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम तथा वांछित अपराधियों की धरपकड़ के संबंध में एसपी झज्जर श्री राजेश दुग्गल आईपीएस द्वारा विशेष रूप से कड़े दिशा निर्देश किए गए थे। एसपी के दिशा निर्देश अनुसार मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर 6 बहादुरगढ़ की एक टीम द्वारा सर्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी को रंगे हाथ काबू करने में सफलता प्राप्त की गई। थाना सेक्टर 6 बहादुरगढ़ मे तैनात मुख्य सिपाही पवन कुमार की एक पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करते काबू किया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रवि शंकर निवासी बहादुरगढ़ के तौर पर की गई।

# जानलेवा हमला करने का एक आरोपी गिरफ्तार

**समाचार निर्देश ब्यूरो झज्जर**
झज्जर पुलिस की टीम द्वारा मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गई। थाना साल्हावास के अंतर्गत झाड़ली पुलिस चौकी के एरिया में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस चौकी झाड़ली के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि बाबूलाल निवासी जिला रेवाड़ी ने शिकायत देते हुए बताया कि 18 जुलाई 2021 को



वह झाड़ली प्लांट से ड्यूटी करके अपनी मोटरसाइकिल से अपने गांव की जा रहा था। रास्ते में एक पिकअप वाले ने अपनी गाड़ी को उसकी मोटरसाइकिल के आगे अड़ा दिया। उसपर हथियार से जानलेवा हमला कर दिया और मौके से भाग गए। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना साल्हावास में आपराधिक मामला दर्ज किया गया। पुलिस चौकी झाड़ली की एक टीम द्वारा उपरोक्त मामले पर गहनता से कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गई।

उन्होंने बताया कि आपराधिक मामलों मे शीघ्रता से कार्रवाई करने तथा वांछित दोषियों की धरपकड़ के संबंध में एसपी श्री राजेश दुग्गल द्वारा कड़े दिशा निर्देश दिए गए थे। एसपी के दिशा निर्देशों की पालना करते हुए उपरोक्त मामले के वांछित आरोपी को काबू किया गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान मुकेश निवासी नाहड़ जिला रेवाड़ी के तौर पर की गई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे अदालत में पेश किया गया। अदालत के आदेश अनुसार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मादक पदार्थ स्मैक के साथ तीन आरोपी काबू

**समाचार निर्देश ब्यूरो बादली**
झज्जर पुलिस की एक टीम द्वारा मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। नार्कोटिक सैल झज्जर की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करके नशीले पदार्थ स्मैक के साथ तीन आरोपीयों को थाना बादली के एरिया से गिरफ्तार किया गया। मामले की जानकारी देते हुऐ नारकोटिक सैल झज्जर के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मादक एवं नशीले पदार्थों की तस्करी के अवैध धंधे पर अंकुश लगाने तथा नशीले पदार्थों के अवैध धंधे में लिप्त दोषियों की धरपकड़ के लिए एसपी झज्जर श्री राजेश दुग्गल द्वारा विशेष रुप से नारकोटिक सैल झज्जर का गठन किया गया था। एसपी के दिशा निदेर्शानुसार कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को नशीले पदार्थ स्मैक के साथ काबू किया गया। उन्होंने बताया कि नारकोटिक सैल में तैनात उप निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक पुलिस टीम थाना बादली के एरिया में तैनात थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली की तीन लड़के ढांसा बॉर्डर दिल्ली से बादली की तरफ मोटरसाइकिल पर आ रहे हैं, जिनके पास नशीला पदार्थ है। गुप्त सूचना पर ततपरता से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियो को काबू किया



गया। गिरफ्त में आये युवकों के पास मादक पदार्थ होने के संदेह पर नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी को सूचित किया गया। जिस पर श्रीनिवास तहसीलदार बादली मौका पर पहुंचे। जिन के समक्ष नियम अनुसार तलाशी ली गई तो आरोपियों के कब्जे से नशीला पदार्थ स्मैक बरामद हुई। नशीले पदार्थ का वजन करने पर 6.84 ग्राम पाया गया। मादक पदार्थ स्मैक के साथ पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए थाना बादली में आपराधिक मामला दर्ज किया गया।
पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमित, रविंद्र व अमित निवासी बादली के तौर पर की गई। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीनो को अदालत में पेश किया गया।

# ट्रक ने लगाए ब्रेक, ट्रक के पीछे टकराई पंजाब की प्राइवेट बस, बस में थी 65 सवारियां, चालक समेत तीन चोटिल

**समाचार**
**घरौंडा : प्रवीण कौशिक**
घरौंडा फ्लाईओवर पर दिल्ली चुंगी के ठीक सामने पंजाब की एक प्राइवेट बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। जिससे बस चालक सहित तीन यात्री मामूली रूपी से चोटिल हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई।
सोमवार की अलसुबह पंजाब नंबर की एक प्राइवेट बस 60-65 सवारियां लेकर दिल्ली से चंडीगढ़ की तरफ जा रही थी। जैसे ही बस घरौंडा फ्लाईओवर पर दिल्ली चुंगी के सामने पहुंची तो उसके आगे चल रहे ट्रक ने



अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे ट्रक के पीछे आ रही बस ट्रक में जा भिड़ी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बस के टकराने से बस में बैठे यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। बस ड्राइवर व दो सवारियों को चोटें आई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।
घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों का सरकारी अस्पताल में ईलाज करवाया। जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि आज सुबह हाइवे पर प्राइवेट बस ट्रक से टकरा गई थी। ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगाए थे। जिस कारण हादसा हुआ। ट्रक चालक फरार हो गया था। बस चालक की तरफ से पुलिस को किसी तरह की शिकायत नहीं दी गई।

# थाना करैली क्षेत्र में चोरी करने वाले के ऊपर चला जबरदस्त डंडा : अनुराग शर्मा

**समाचार निर्देश, ब्यूरो फते मोहम्मद/करैली, (प्रयागराज)।** डीआईजी/ एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अपराध, क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम सत्येंद्र तिवारी व थाना प्रभारी करैली अनुराग शर्मा द्वारा चलाए जा रहे,अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान में थाना करैली पुलिस टीम द्वारा असगरी तिराहा के पास थाना करैली से मुकदमा




अपराध संख्या 652/ 2021 धारा 379 /411 भादवीं से संबंधित 1 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 4 अदद बैट्री एक्साइड कंपनी की जिस पर एक्साइड ई राइड प्लस इ फकड्र-लअह बैटरी रंगलाल के साथ बरामद किया गया। पुलिस द्वारा शेख पुत्र आइया शेख निवासी मुस्तफा गार्डन के पीछे जुग्गी झोपड़ी थाना करेली प्रयागराज मूलनिवासी फुरबरिया थाना राजमहल जनपद शाहबगंज झारखंड उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी करैली अनुराग शर्मा, उपनिरीक्षक राजबहादुर यादव, हेड कांस्टेबल तुफैल खान, कांस्टेबल संतोष कुमार शामिल रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा के 'मंडल मंत्री' बने दिव्याँशू चतुवेर्दी व 'मंडल अध्यक्ष' बने रोहित केसरवानी

**समाचार निर्देश, ब्यूरो फते मोहम्मद/प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा यमुनापार जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय व मंडल अध्यक्ष नारीबारी रोहित केसरवानी ने रविवार देर रात्रि नारीबारी मंडल के युवा मोर्चा के पदाधिकारियो कार्यकर्ताओ की सूची जारी कर दी जिसमें 11 पदाधिकारी और 9 सदस्य व मंडल अध्यक्ष सहित 21 की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें झँझरा चौबे नारीबारी निवासी दिव्याँशू चतुवेर्दी को मंत्री का दायित्व सौपा गया। वही नारीबारी निवासी शुभम मिश्र को



उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। सूची प्रकाशित होते ही नारीबारी क्षेत्र के युवाओ के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी,पिछला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल,युवा मोर्चा जिला महामंत्री अशोक पांडेय,रामकुमार शर्मा,प्रदीप कुमार मिश्र,गिरीश कुमार चतुवेर्दी,धर्मराज पाल,संतोष सिंह,रिषी मोदनवाल,पंकज पांडेय,पृथ्वीराज साहू, रत्नाकर सिंह,सुधाकर सिंह आदि पदाधिकारियो ने समस्त मंडल टीम को शुभकामनाएं दी। वही दिव्याँशू चतुवेर्दी और शुभम मिश्र ने भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय,मंडल अध्यक्ष रोहित केसरवानी का आभार जताते हुए दिए गए दायित्व के निर्वहन का भरोषा दिया।

# उरुवा ब्लाक में मेजा विधायक के द्वारा नियुक्ति पत्र व प्रधानमंत्री जन आरोग्य कार्ड का किया वितरण

**समाचार निर्देश, ब्यूरो फते मोहम्मद/मेजा, प्रयागराज।** विकासखंड उरूवा मे नवनियुक्त आशा संगिनीयों विधायक ने नियुक्ति पत्र व प्रधानमंत्री जन आरोग्य कार्ड का वितरण किया। बता दें कि उरुवा ब्लॉक मे सोमवार को विधायक नीलम करवरिया के द्वारा 10 नव नियुक्त चयनित आशा संगिनीयों को नियुक्ति पत्र व 150 प्रधानमंत्री जन आरोग्य कार्ड का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम



मे सीएचसी रामनगर के अधीक्षक डां. वाई पी सिंह, अशोक पाल (स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी), आशा संगिनी मिथिलेश देवी, वंदना द्विवेदी, विमला मिश्रा, सुशीला, कामराज जायसवाल (सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता), अजित सिंह (आपूर्ति), विनय कांत शुक्ला (खंड़ परियोजना प्रबंधक एन. आर. एल. एम.), मनोज (ब्लाक कोर्डिनेटर स्वास्थ्य), आशीष तिवारी व पप्पू जेरा, ब्रिजेश शुक्ला (डोहरिया) व अन्य लाभार्थी उपस्थित रहें।

# प्रयागराज कौशांबी के विधायक रहे वाचस्पति ने किया लालापुर का दौरा मंदिर पर भी माथा टेका

**समाचार निर्देश, परवेज आलम घूरपुर, प्रयागराज।** प्रयागराज घूरपुर कौशांबी के विधायक रह चुके वाचस्पति ने आज बारा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले लालापुर क्षेत्र का दौरा किया जिसके अंतर्गत मनकामेश्वर मंदिर पर पहुंचकर दर्शन किए उसके बाद क्षेत्र के कई समाजसेवियों और ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। और



आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चचाएं भी की इस दौरान जमुनापार क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं वाचस्पति इस दौरान ग्रामसभा कंजासा के समाजसेवी मुकेश द्विवेदी से उनके निवास पर जाकर मुलाकात की उनके साथ समाजसेवी सतीश साहू, राजन निषाद, कोटेदार आदि लोग मौजूद रहे।

# हंडिया में नसर मियां द्वारा फीता काटकर अक्सा काम्प्लेक्स का किया गया उद्घाटन

**समाचार निर्देश, इसरार अहमद हंडिया, प्रयागराज।** सोमवार को कस्बा हंडिया में जंघई रोड पर स्थित अक्सा कांप्लेक्स का शुभारंभ किया गया। काम्प्लेक्स का शुभारंभ दमगड़ा शरीफ के नसर मियां द्वारा फीता काटकर किया गया। वहीं पर जनसंपर्क के दौरान सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख हंडिया डॉ सुरेश चंद्र मौर्य भी अक़्सा काम्प्लेक्स पहुंचे जहां पर उन्होंने कांप्लेक्स के मालिक राजू



ऑटो पार्ट्स को कांप्लेक्स के शुभारंभ को लेकर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है जहां पर सबसे पहले किसानों एवं बेरोजगारों की समस्याओं का निदान कराने का सतत प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर आर बी पाल, रिशु सिंह, राजेंद्र मौर्य, गोलू मौर्य, भोला पासी, मोहम्मद हारून, राजू, मोहम्मद वैस, मोहम्मद इसहाक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में हुआ चौमुखी विकास : सुरेंद्र चौधरी

**समाचार निर्देश, संवाददाता मऊआइमा, प्रयागराज।** मऊआइमा ब्लाक के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड वितरण समारोह का आयोजन मऊआइमा भाजपा नगर अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ल की अध्यक्षता मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊआइमा मे संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि एमएलसी सुरेंद्र चौधरी रहे। मुख्य अतिथि द्वारा आए हुए अंत्योदय कार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड



वितरण किया गया। एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा स्वास्थ्य, बिजली ,पानी ,सड़क इन तमाम सुविधाओं पर उत्पन्न समस्याओं को हमारी सरकार द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से कार्य किया गया। आम जनता के बीच आज भाजपा सरकार के किए गए कार्यों को सराहा जा रहा है। आने वाले विधानसभा चुनाव 2022 में एक पूर्ण बहुमत की सरकार हम लोग बनाने में सफल होंगे। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अधीक्षक डॉक्टर राम गोपाल वर्मा, नगर मंडल उपाध्यक्ष हरीश मौर्य ,हरगोविंद, पटेल ,डॉक्टर प्रकाश पटेल ,निमिष खत्री , श्याम सुंदर मिश्र, रमेश सोनी, अभय राज सिंह, इत्यादि लोग मौजूद है।

# प्रयागराज भाजपा कार्यालय पर भाजयुमो काशीक्षेत्रीय कामकाजी कार्यसमिति बैठक हुई संपन्न

**समाचार निर्देश, ब्यूरो फते मोहम्मद/प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की काशी क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में कार्य समिति की कामकाजी बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला मंचासीन रहे और कार्यक्रम में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें आगामी क्षेत्रीय कार्यसमिति बैठक मिजार्पुर में कराए जाने की घोषणा की गई और सभी जिलों के जिला अध्यक्षों से मंडल कार्यसमिति की घोषणा की




जानकारी ली गई और विगत दिनों में कराए गए कार्यक्रमों की जानकारी ली गई इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा ने अपने शब्दों से सभी पदाधिकारियों में नई ऊर्जा और जोश का संचार किया तो वही प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने किस तरह से कार्य को करना चाहिए उसके बारे में पदाधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी तो वही प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला ने किस तरह से मीडिया में कार्य करना चाहिए और मीडिया को साथियों को किस तरह से सम्मान करना चाहिए इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष रोहित पांडे उर्फ पप्पू पांडे महामंत्री अमित गुप्ता और महामंत्री श्याम प्रकाश पांडे कार्यालय मंत्री शशांक शेखर सिंह विक्रांत शुक्ला सभी ने आए हुए सभी मंचासीन और अध्यक्ष जी को माला पहनाकर पुष्पगुच्छ देकर अंग वस्त्र देकर सभी का स्वागत किया इस अवसर पर काशी क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं सभी 16 जिलों के जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री उपस्थित रहे।

# डॉ सुरेश चंद्र मौर्य द्वारा कई दुर्गा पूजा पंडाल में जाकर माता रानी का लिया गया आशीर्वाद

**समाचार निर्देश/इसरार अहमद हंडिया, प्रयागराज।** सोमवार को शारदीय नवरात्रि पर्व के मौके पर जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ सुरेश चंद्र मौर्य द्वारा हंडिया क्षेत्र के मनी का पूरा दुलापुर में दुर्गा पूजा कार्यक्रम में पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया गया। इतना ही नहीं उन्होंने माता रानी के दरबार में समाजवादी पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का बखूबी अपना फर्ज निभाया जहां पर भक्तजनों द्वारा स्वागत किया गया। इसके अलावा



उनके द्वारा खुशहालपुर तारागांव राका चंदनहा समेत कई ग्राम सभाओं में जाकर माता रानी के पंडाल में आशीर्वाद लिया गया । बता दें कि डॉक्टर सुरेश चंद्र मौर्य जनता की आवाज कार्यक्रम को लेकर आए यहां पर ग्रामीण क्षेत्रों में उनका भरपूर समर्थन मिल रहा है इतना ही नहीं उनके द्वारा कोरोना काल में भी लगातार जरूरतमंदों की सेवा की गई थी जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। इस मौके पर सुनील कुमार यादव, शीलवंत प्रसाद बीडीसी, हरिओम यादव, सौरव यादव, अमित शिव शंकर यादव पुरंदर सिंह अनिल पाल विमलेश चौहान राजू चौहान आर बी पाल राकेश कुमार भोला पासी गोलू मौर्य राजेंद्र मौर्य समेत तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## पूर्व जिलाध्यक्ष ने की माँ दुर्गा की आरती



**समाचार निर्देश, गंगापार प्रयागराज।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी गंगापार के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कन्हैयालाल पांडेय ने नव युवक दुर्गा जागरण कमेटी पहलवान का पूरा द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा स्थल पर पहुँच कर माँ दुर्गा की आरती की एवं कहा कि माँ दुर्गा जगत जननी की कृपा सब पर बनी रहे इनकी कृपा से सारे दुख दूर होंगे।इस अवसर पर बृजेश तिवारी, उदय भान सिंह, कमलभान सिंह,पवन सरोज,संजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

# ब्लाक प्रमुख हंडिया महेंद्र कुमार सिंह द्वारा शरीफपुर में बायर लर्निंग सेंटर का किया गया शुभारंभ

**समाचार निर्देश/ इसरार अहमद हंडिया, प्रयागराज।** सोमवार को हंडिया क्षेत्र के ग्राम सभा शरीफ पुर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर बायर लर्निंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। बता दें कि बायर लर्निंग कंपनी स्वयं का धान एवं सरसों का बीज तैयार कराती है जिसे किसानों के खेतों में रोपाई करके पूरी तरह से देख रेख कराती है। उन्नतशील पैदावार के लिए लगातार किसानों को



प्रशिक्षित भी करती है। कंपनी द्वारा शरीफ पुर निवासी ठाकुर राज नारायण सिंह के खेत में बायर कंपनी द्वारा धान का पौधा लगाया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान सरकारी बीज भंडार प्रभारी गोविंद यादव प्रतापपुर विकासखंड के एडीओ एजी देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा खेत में लगाए गए धान के पौधे का निरीक्षण भी किया गया। इस मौके पर बायर कंपनी के अधिकारियों में राजेश दुबे पीयूष सिंह सत्यवीर सिंह पवन राजभर अतुल सिंह तथा किसानों में राजेश प्रताप सिंह शमशेर सिंह फूलचंद्र हरिजन जगन्नाथ पाल ननकू सिंह लालकृष्ण मिश्रा मोती सिंह विजय शंकर दुबे सत्यदेव दुबे सूर्यमणि दुबे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# लोगों की सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य: शीतल मौर्य

**समाचार निर्देश, संवाददाता प्रयागराज।** वूमेन चाइल्ड ओल्डर्स वेलफेयर सोसायटी पिपरिया के दौरा खेड़ापति मठ माता मार्ग संगम में नवरात्रि महोत्सव के दौरान महाप्रसादी फलहारी




खिचड़ी का वितरण किया। गया जिसमे संस्था की सदस्य मोनिका नाम देव, आगामी सदस्य देवेंद्र तिवारी नागेश शुक्ला आशु पुरोहित संध्या ना गोत्र, मोहित बिलासपुरिया और जिला अध्यक्ष सुजाता राजपूत जिला उपाध्यक्ष कौशल्या ठाकुर जिला सचिव ज्योति सुखद नगर सहायक सचिव ममता बैरागी कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र पटेल और एनजीओ की अध्यक्ष शीतल अभिषेक मौर्य भी उपस्थित रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा गंगापार प्रतापपुर विधानसभा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**समाचार निर्देश, गंगापार ब्यूरो गंगापार, प्रयागराज।** सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा गंगापार प्रतापपुर विधानसभा मंडल कार्यसमिति की की बैठक चंद्रशेखर आजाद इंटर मीडिएट कॉलेज परमेश्वरपुर में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीन दयाल उपाध्याय जी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की तस्वीरों को पुष्पांजलि अर्पित कर व राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री




विभूति नारायण सिंह जी (पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा) ने केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा किसान भाईयों के लिए चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किया। मुख्य वक्ता रमेश चंद पांडेय (पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा) ने आगामी किसान चौपाल व मंडल कार्यसमिति गठन के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा गंगापार जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय जी ने किया व सभी आगंतुकों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम के विधान सभा संयोजक रुद्र प्रताप सिंह रहे व संचालन प्रतापपुर भाजपा मंडल महामंत्री श्याम धर शर्मा ने किया। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा गंगापार उपाध्यक्ष-गण काशीनाथ दूबे,भूपेंद्र मिश्रा, जिला महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी 'परेवहा',जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष-गण सच्चिदानंद त्रिपाठी, धर्मराज बिंद, ज्ञान बाबू पटेल, प्रमोद मिश्रा, वरुणा भाजपा मंडल मंत्री संजय पटेल, निसार अहमद ,अनु साहू, रिंकू ,उदयवीर प्रजापति ,सूर्या यादव पत्रकार, लालेश पटेल ,विभव सिंह, आदित्य सोनी, गणेश तिवारी सहित सैकडों.कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेजा क्षेत्र के मनु का पूरा गांव में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है दुर्गा पूजा

**समाचार निर्देश, ब्यूरो फते मोहम्मद/मेजा, प्रयागराज।** शारदीय नवरात्रि पर्व के मौके पर जहां भक्तों की माता रानी के दरबार में लगातार भीड़ जमा हो रही है वहीं पर श्री दुर्गा कमेटी, मनु का पूरा के नवनियुक्त मनीष शुक्ला (विकास) को नए पद ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी गई दिलीप शुक्ला ने आशा व्यक्त करते



हुए कहा कि आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है आपकी कुशल देख रेख, पूजा पाठ में आतुर भक्त को दर्शन हवन प्रसाद एवं मनवांछित फल, यश, वैभव की आप माँ से प्रार्थना कर हर भक्तों की इच्छा पूर्ण करने, और सही मार्गदर्शन कराएंगे। कमेटी के अध्यक्ष दिलीप शुक्ला 'विन्ध्य निवास'द्वारा बताया गया कि भक्तों के अलावा पूरे गांव मे खुशी का माहौल बना रहा।

# बिहार उपचुनाव : दो सीटों पर 2 महिला सहित 21 कैंडिडेट चुनावी मैदान में

**समाचार निर्देश / बिहार संपादक**
**मुकेश कुमार सिंह**






**पटना (बिहार):** बिहार विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने 28 सितंबर को बिगुल फूंक दिया था। उसके बाद, एक अक्टूबर को अधिसूचना जारी हो गयी और 8 अक्टूबर तक उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। सोमवार का दिन स्क्रूटनी के लिए तय किया गया था। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद उपयुक्त प्रत्याशियों की लिस्ट को जारी किया गया है। सोमवार को निर्वाचन आयोग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक बिहार विधानसभा की दो सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर 21 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान से 9 और मुंगेर के तारापुर सीट से 12 कैंडिडेट्स ने नॉमिनेशन किया है। इनमें दो महिलाएं शामिल हैं। 2 महिलाएं में कुशेश्वरस्थान से चिराग पासवान की पार्टी की उम्मीदवार अंजू देवी और तारापुर सीट से निर्दलीय कैंडिडेट अंशु कुमारी ताल ठोंक रही हैं। इन दोनों सीटों पर 9 निर्दलीय उम्मीदवार खड़े हुए हैं। गौरतलब है कि कुशेश्वरस्थान से चार और तारापुर सीट से पांच निर्दलीय उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। कुशेश्वरस्थान से राजद ने गणेश भारती और तारापुर से अरुण कुमार साह को टिकट दिया है। सत्ताधारी जेडीयू ने कुशेश्वरस्थान से अमन भूषण हजारी को चुनावी मैदान में उतारा है। बताना लाजिमी है कि अमन भूषण हजारी जेडीयू के पूर्व विधायक शशिभूषण हजारी के बेटे हैं। पिता के निधन के बाद ये सीट खाली हुई थी। तारापुर से जेडीयू ने राजीव कुमार सिंह को टिकट दिया है। वहाँ से मेवालाल चौधरी विधायक चुने गए थे लेकिन उनकी मृत्यु हो गयी।
दीगर बात है कि कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के अतिरेक कुमार और समता पार्टी के सच्चिदानंद पासवान भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तारापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 12 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। यहाँ कांग्रेस के राजेश कुमार मिश्र, लोजपा (रामविलास) के कुमार चंदन, दी प्लूरल्स पार्टी के वशिष्ठ नारायण, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के उपेंद्र सहनी और बिहार जस्टिस पार्टी के मो. जसीम ने नामांकन किया है। इन उम्मीदवारों के साथ-साथ पाँच निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी समर में हैं। इस उपचुनाव में जदयू की प्रतिष्ठा दाँव पर लगी हुई है। इस उपचुनाव के परिणाम से यह जाहिर हो जाएगा कि जदयू का जनाधार, खिसका है, या पूर्ववत है। राजनीतिक जानकारों की नजरें भी, चुनाव परिणाम पर टिकी हुई है।

# जिलाधिकारी व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बाँटे आयुष्मान कार्ड



**समाचार निर्देश ब्यूरो उरई जालौन ।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा लखनऊ में अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड बांटने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद चौहान , सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में विकास भवन में 'आयुष्मान अंत्योदय के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा विकास भवन सभागार में 125 अंत्योदय राशन कार्ड धारक लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। जनपद के समस्त विकासखंडों पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से 1250 अंत्योदय राशन कार्ड धारक लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने इस अवसर पर कहा कि आयुष्मान योजना केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना में से एक हैं जिसमें गरीब परिवारों को निशुल्क उपचार के लिए 05 लाख तक की सुविधा दी जाती है इस कार्ड के माध्यम से लाभार्थी व उनके परिवार का सदस्य किसी भी पंजीकृत निजी व राजकीय चिकित्सालय में भर्ती होने के उपरांत बिना किसी शुल्क के उपचार करा सकते हैं। इससे उन्हें अपने या परिवार के उपचार के लिए किसी भी कर्ज में फंसने की आवश्यकता नहीं होती है, ना ही उन्हें अपने घर या जमीन गिरवी रखना पड़ता है।
विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में लाभार्थी परिवार के किसी भी सदस्य को निशुल्क उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड होना अनिवार्य है एवं वर्तमान में जनपद में 14 अस्पताल इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं।
जिलाधिकारी ने कहा कि अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को योजना में सम्मिलित होने के पश्चात गरीबी रेखा के नीचे जी रहे लोगों के लिए यह योजना एक वरदान के रूप में है। इस अवसर पर जिला चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा , जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी सहित लाभार्थी उपस्तिथ रहे ।

# 'किसानों की समस्याओं को शासन प्रशासन नही सुनता है'

**समाचार निर्देश ब्यूरो सलीम खान/आसिम अजीज**



**रामपुरः** भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि शासन प्रशासन किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं नहीं है तहसील मिलक एक ग्रामीण क्षेत्र रास डांडिया इस सड़कें जर्जर है 30 वर्षों से अभी तक सड़क चौड़ी नहीं किए जबकि तहसील मिलक में सबसे ज्यादा आवाजाही डांस इंडिया से शीशगढ़ बहेड़ी को होती है 50,000 से अधिक किसान क्षेत्र में इसी सड़क से गुजरता है अपनी धान की फसल लेकर गन्ने की फसल लेकर गेहूं की फसल लेकर अन्य सभी को सूत्रों से पता चला है कि नहीं ब्लॉक का निर्माण होने जा रहा है तहसील मिलक में हम किसानों की मांग है विकास जंडिया एवं सिलाई बड़ा गांव में नया ब्लॉक स्थापना कराई जाए क्योंकि मिलक तहसील ब्लाक मिलक क्षेत्रफल के हिसाब से सेंटर बीच का राजधानियां पड़ता है सरकार महंगाई पर महंगाई सरकार थोप रही है किसान मजदूरों पर शहीद किसानों का बलिदान किसी कीमत या नहीं जाने दिया जाएगा पंचायत के बाद सभी कार्यकर्ता श्री वारसी के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट साहब को सौंपा ज्ञापन सौंपने से पहले जोरदार नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की सीढ़ियों पर खड़े होकर जोरदार प्रदर्शन किया गया नारेबाजी की गई प्रदर्शन के दौरान ज्ञापन देते समय सड़क चौड़ी कराने को लेकर 1 माह का समय दिया गया 1 माह के अंदर अगर रास डांडिया से जाने वाली शीशगढ़ बहेड़ी को जोड़ने वाली रोड को चौड़ा नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन बेमियादी कलेक्ट्रेट पर चलाया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी प्रदर्शन करने वालों में एवं ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांतीय प्रवक्ता भानु प्रताप गंगवार जिला संयोजक हारून खान प्रदेश सचिव कामरान शाह खान प्रदेश संगठन मंत्री राशिद अली अंसारी जिला सचिव अशरफ खान युवा जिला प्रभारी शाहीम रामपुरी कमाल पाशा राम बहादुर वर्मा शफात खान पप्पू सुल्तान खान दिल प्रकार का नजाकत खान चेतराम गंगवार धर्मेंद्र गंगवार राउफ अली हबीब अहमद वसीम अहमद नईम मियां आदि शामिल है।

# राजनीति के पीछे भाग रहे युवा पढ़ने लिखने में नही रख रहे रुचि

**पिरौना (जालौन)**



राजनीति में ब्राह्मण का स्थान हमेशा शुरूआत से ही श्रेष्ठ माना गया है हजारों सालों से ब्राह्मण राजगुरु के पद पर सम्मान प्राप्त करके अपनी राजनीति से राजाओं का मार्गदर्शन करते रहे हैं पर चाणक्य के राजनीति को एक अलग पहचान दी है चाणक्य ने रणनीति जन कल्याण तथा राष्ट्र हित के लिए की थी जन कल्याण तथा राष्ट्र हित के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया चाणक्य हमेशा स्वच्छ राजनीति करते थे उनके लिए हमेशा जन कल्याण तथा राष्ट्र हित ही सर्वोपरी था यही उनके जीवन का एक मात्र उपदेश था पर बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज कल के नेताओं ने रणनीति को भ्रष्ट बना दिया है आजकल के वो नेता जो पार्टी के उचतम पद पर विराजमान है वह सिर्फ पार्टी को जिताने के लिए झूठ तथा हजारों करोडों रुपये पानी की तरह बर्बाद कर देते है जो किसी के काम नहीं आता अगर वही पैसा जन कल्याण में खर्च किया जाए तो न इतने कभी दल होगे न कभी पार्टी को इतनी मेहनत करनी पड़ेगी और न कोई दूसरा बिरोधी होगा और जो छोटे नेता होते हैं वह केवल अपना रुतवा तथा भ्रष्टाचार के माध्यम से पैसा कमाने के लिए राजनीति करते हैं कोई भी जन कल्याण के विषय में विचार भी नहीं करता आज हर नौजवान राजनीति की ओर भाग रहा है क्योकि उसे मालूम है कि अगर पड़लिख कर नौकरी अगर करुगा तो साठ साल तक केवल रोटी कपड़ा और मकान से ज्यादा कुछ भी नहीं जोड़ सकता सरकारी नौकरी में तो अब पैंशन भी नहीं है इस लिए आजकल के नौजवान राजनीति की ओर जाना चाहते हैं क्योकि भ्रष्टाचार के माध्यम से पैसा, रुतवा तथा पैंशन आदि सभी सुविधाओ भोग करना चाहते हैं

**राजनीति दो प्रकार की होती हैं।**
**1. स्वच्छ राजनीति, 2. भ्रष्ट राजनीति**

1. स्वच्छ राजनीति जो चाणक्य ने की थी जिसमे जन कल्याण तथा राष्ट्र हित के शिवाय कुछ भी शामिल नहीं था जिसमे केवल एक शासक एक शासन तथा कोई भी विरोधी नहीं था जो भी पैसा खर्च होता था जन कल्याण तथा राष्ट्र हित में होता था इस लिए स्वच्छ राजनीति अजेय थी।
2. भ्रष्ट राजनीति वह राजनीति जो केवल पार्टी के हित और भ्रष्टाचार के जरिए पैसा कमाने तथा सुख सुविधा और रुतवा के लिए की जाये जिसमे जन कल्याण तथा राष्ट्र हित से पहले अपना हित नजर आये केवल सत्ता पाने के लिए कुछ भी गलत कार्य करने के लिए किसी का भी परहेज न किया जाये झूठ, जातिवाद, धर्म इस तरह की भूख ने सबको जानवर बना कर रख दिया है जिस तरह जानवर सिर्फ अपना तथा अपने परिवार का पेट भरने से ज्यादा कुछ और विचार नहीं करता उसी तरह से आजकल के नेता अपना तथा अपने परिवार से ज्यादा कुछ भी विचार नहीं करता इसीलिए इस राजनीति में जन कल्याण तथा राष्ट्र हित की बात सोचना भी एक गुनाह है जब तक स्वच्छ राजनीति नहीं होगी तब तक जन कल्याण तथा राष्ट्र हित का सपना सपना ही रहेगा कृपया मेरे इस सपने को पूरा कर दो अगर स्वच्छ राजनीति करना चाहते हो तो मैं आपका मार्गदर्शन करूंगा देश का शुभ चिंतक वरूण कुमार तिवारी (चाणक्य द्वितीय)

# छत्तीसगढ़ के एक डेलिगेशन ने सीएम नीतीश कुमार से की मुलाकात

**समाचार निर्देश / बिहार संपादक/मुकेश कुमार सिंह**



**पटना (बिहार) :** सोमवार को छत्तीसगढ़ के एक पाँच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ में 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने का न्योता दिया। इस दौरान, छत्तीसगढ़ से आये डेलिगेशन ने सीएम को आमंत्रित करते हुए उन्हें शॉल और प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। छत्तीसगढ़ के विधायक और नगर प्रशासन और विकास के संसदीय सचिव रेख चंद्र जैन के नेतृत्व में डेलिगेशन ने पटना में एक अन्ने मार्ग स्थित कक्ष में सीएम से मुलाकात की। गौरतलब है कि पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में प्रदेश में इस साल भी राज्योत्सव के अवसर पर "साल इंटरनेशनल ट्राईबल फेस्टिवल 2021" के नाम से 28 अक्टूबर से एक नवम्बर तक द्वितीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। दीगर बात है कि छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर "साल इंटरनेशनल ट्राईबल फेस्टिवल 2021" में शामिल होने के लिए देश भर के मुख्यमंत्रियों को न्योता भेजा जा रहा है। छत्तीसगढ़ के विधायक और अधिकारी देश के सभी राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेश जाकर उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को, बारी-बारी से, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए न्यौता दे रहे हैं। इसके अलावा उन राज्यों के संस्कृति विभागों के माध्यम से उनके आदिवासी दलों को इस महोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण भी दे रहे हैं। इससे दो राज्यों की आदिवासी संस्कृति को समझा जाएगा।

# जनपद न्यायाधीश श्री तरूण सक्सेना के निर्देशन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**समाचार निर्देश ब्यूरो उरई (जालौन)** आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत आज ह्यह्यअन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवसह्यह्य के अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश श्री तरूण सक्सेना के निर्देशन में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज उरई में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोरोना गाइड-लाइन के अन्तर्गत सम्पन्न इस शिविर की मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती रेनू यादव ने बालिकाओं को उन्हें अपने अधिकारों व सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने की सलाह देते हुये महिलाओं की सुरक्षा व उनके कल्याण के लिये बनाये गये विभिन्न कानूनो की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से अधिकाधिक ज्ञानोपार्जन करने हेतु प्रेरित करते हुये उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनने को भी प्रेरित किया। इस मौके पर उन्होंने कई बालिकाओं को बालिका सशक्तीकरण सम्बन्धी नारे लिखे हेयरबैण्ड लगाये सदस्य स्थायी लोकअदालत श्री रामबाबू ने स्थायी लोकअदालत की उपयोगिता एवं इसके महत्व और क्षेत्राधिकार के बारे में सभी को अवगत कराया। जिला प्रोबेशन कार्यालय से आयी महिला कल्याण अधिकारी अल्कमा अख्तर और सहविधि परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती संध्या झा ने महिलाओं के हित में शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुये सहायता व हेल्पलाइन के नम्बर बताते हुये कोई संकट आने पर उनका लाभ उठाने की प्रक्रिया भी समझाई नायब तहसीलदार श्री चन्द्रकान्त तिवारी ने ह्यअन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवसह्य मनाये जाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुये ह्यसुमंगला कन्या योजनाह्य की जानकारी देते हुये बताया कि यह योजना समाज में लैंगिक असामानता को कम करने की दृष्टि से बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिये शासन द्वारा लागू की गयी है। प्रधानाचार्या श्रीमती कुसुमलता शाक्यवार ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया इस अवसर पर अध्यापिका श्रीमती मनीषा सिंह, गीता तिवारी, आकांक्षा सिंह, राखी पटेरिया, क्रान्ति निषाद, प्राधिकरण कार्यालय लिपिक श्री अश्वनी कुमार मिश्र, डी0ई0ओ0 दीपक नरायण, पीएलवी टीम लीडर महेन्द्र मिश्रा, देवेन्द्र सिंह आजाद, योगेन्द्र सिंह तखेले, रामदेव चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र कुमार, श्रीमती मनीषा चतुर्वेदी, अलका भारती समेत दर्जनों छात्रायें उपस्थित रहे।

# कदौरा क्षेत्र गौकसी में लिफ़्त अपराधियों में दो को पुलिस ने दबोचा, बाकी फरार

**समाचार निर्देश ब्यूरो कदौरा/जालौन**



आखिर कार लंबे अरसे के बाद कदौरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में जारी गौकसी में रोकथाम के नजरिये से आधा दर्जन लोगों के खिलाप मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए दो लोगो जेल भेजा गया पुलिस के मुताबिक लिफ़्त लोगो द्वारा प्रधानी की जीत के जश्न में गौकसी को अंजाम दे चुके थे जिनके पास गौमांश सहित प्रयुक्त हतियार बरामद कर लिए गए जिसमे मौजूद ग्राम प्रधान प्रति को भी संलिप्तता दिखाते हुए पुलिस द्वारा जेल भेजा गया।
ज्ञातव्य हो कि थाना कदौरा क्षेत्र में बीती रात मुखबिर की सूचना पर कदौरा पुलिस द्वारा गौकसी को अंजाम दे चुके लोगो को छापेमारी करते हुए घेराबंदी की गयी जिसमे दो लोगो को मौके पर गौमांश व प्रयुक्त हथियार समेत दबोच लिया गया व मौके से बाकी 5 लोग फरार हो गए जिनकी तलास की जारी है।
मामले में हुई प्रेस वार्ता में निरीक्षक रविन्द्र नाथ यादव द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उनके द्वारा जारी कार्यवाही के सिलसिले में सूचना मिली कि क्षेत्र ग्राम मुहारी में कुछ लोगो द्वारा गौकसी की घटना को अंजाम दिया गया है।
मौके पर पहुंची पुलिस में निरीक्षक रवींद्र नाथ द्वारा फोर्स पर प्रधान प्रति जयकरन पाल पुत्र श्यामबाबू व जमील वेग पुत्र अली वेग निवासी मुहारी को दबोच लिया गया जिसमें जमील के पास गौमांस व छुरी आदि बरामद हुई बाकी 5 लोग मौके से फरार हो गए।पूंछतांछ में मालूम चला कि उक्त ग्राम में प्रधानी जीतने से पूर्व प्रधान प्रति जयकरन पाल द्वारा उक्त लोगो से बीफ पार्टी का वायदा किया था एव 9 सितंबर की रात्रि उक्त प्रधान प्रति द्वारा अपना गौवंश गांव के कुछ कसाइयों को दान कर दिया जिसे सम्मलित कसाइयों ने नीम के पेड़ से बांधकर हलाल कर दिया एव मांस बेचने जा रहे थे एव अन्य गौवंश भी काटने की फिराक में थे जिन्हें बीती रात प्रधान प्रति समेत एक को गौमांश व छुरा समेत ग्रिफ्तार कर लिया गया।
पुलिस ने बताया पकड़े गए जमील वेग का बड़ा आपराधिक इतिहास है जिसके खिलाप हत्या प्रयास लूट गौकसी मारपीट गैंगस्टर सहित अन्य मामले पहले से दर्ज है।वही सम्मलित अन्य लोगो मे भूरा खां जियाउल हक आलिया पन्नू अफजल आदि की तलाश पुलिस कर रही है।
कार्यवाही में निरीक्षक रवींद्र नाथ के साथ उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह मधुसूदन गौड़ का दीपू पाल का संजय यादव आदि लोग सम्मलित रहे।

**लगातार कदौरा क्षेत्र में जारी है गौकसी मामले**

अक्सर कदौरा क्षेत्र में पेशेवर लोग गौकसी की घटनाओं को चोरी छिपे अंजाम देते रहते है जिसमे कुछ बार इकौना चौकी पुलिस व थाना पुलिस द्वारा घटना से पूर्व सूचना मिलते ही कटने जा रहे गौवंशो को आजाद कराया जा चुका है बावजूद घटनाओं में विराम नही लगा और अलग अलग चिन्हित जगहों पर पेशेवर लोग आसानी से सुनसान जगह व घरो में गौकसी को अंजाम देते है।

**अक्सर इन मामलो में पकड़े गए लोगो को छुड़वाने में दिखते है कुछ सभ्रांत लोग**

जब जब कदौरा क्षेत्र में कही भी गौकशी मामलों में संलिप्त लोगो को पुलिस द्वारा दबोच लिया जाता है तो उन्हें छुड़वाने व पैरवी करने में ऐसे लोग सामने आते है जिनके बारे में यदि उजागर हो तो समाज के पैरों तले जमीन खिसक जाएगी जो अक्सर थाना पुलिस का ठेका ऐसे कांड करवाने से पहले ले लेते है जबकि पुलिस को कुछ भी पता तक

# कदौरा क्षेत्र भाड़े के शिक्षक लगाकर चल रहा प्राथमिक विद्यालय अन्य अध्यापक नदारद

**समाचार निर्देश ब्यूरो कदौरा/जालौन**



प्रायमरी विद्यालय में सरकारी अध्यापकों के नियमित न आने व भाड़े के शिक्षक द्वारा स्कूल चलवाने से नाराज ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री हेल्प लाइन समेत बेसिक शिक्षाधिकारी को शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गयी वही उच्चाधिकारी द्वारा मामले में जांच कार्यवाही का आस्वासन दिया गया।
गौरतलब हो कि विकास खण्ड कदौरा क्षेत्र ग्राम पंचायत जमरेही के मजरा गौहना प्रायमरी विद्यालय में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के अक्सर विद्यालय से नदारद रहने से कुपित ग्रामीणों द्वारा सोमवार को विद्यालय पहुँचे तो पुराने ढर्रे की तरह दोनों अध्यापक स्कूल से नदारद मिले एव विधालय में शिक्षामित्र व भाड़े के अन्य शिक्षकों से पूछा गया तो उक्त लोगो द्वारा ग्रामीणों को विद्यालय अंदर नही आने दिया व कोई जानकारी भी नही दी तभी ग्रामीण त्रिभुवन सिंह दीपू पाल विनय पाल माखन पाल मनीष प्रजापति मनु सिंह लखन पाल द्वारा तभी मुख्यमंत्री हेल्प लाइन व बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चन्द्र यादव को दूरभाष पर शिकायत कर अवगत कराया कि उक्त प्रायमरी के दोनों सरकारी शिक्षक अक्सर नदारद रहते है एव स्कूल में भाड़े के शिक्षक के अलावा शिक्षा मित्र रहते है।जिन पर कार्यवाही की जाए क्यो कि उक्त लोग बारी बारी से गायब रहते है व कोई जांच आआये तो छुट्टी लेटर पहले से तैयार रखते है और कोई जांच न पहुंची तो फर्जी हाजिरी चढ़ा देते है।
ग्रामीणों ने उक्त आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की गयी।जिन्होंने उक्त शिक्षकों पर ड्यूटी में लापरवाही बर्तते हुए ग्रामीण बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ करने के आरोप लगाए गए।
वही मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी अंकित सिंह द्वारा कहा गया कि मामला संज्ञान में है जिसकी जांच कार्यवाही की जाएगी पूर्व में जांच हुई थी तो कोई कुछ कहने को तैयार नही हुआ था।

# प्रदेश में उर्दू भाषा पढ़ाने के लिए जल्द बनेगी योजना: मनोहर लाल

**समाचार निर्देश जुबैर खान नूंह**
**नूह- हरियाणा के** मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जो भाषा बहुलता में प्रयोग की जा रही है, उस भाषा को भविष्य में पढ़ाए जाने को लेकर योजना बनाई जाएगी। इससे उस क्षेत्रों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री ने अपने आवास चंडीगढ़ पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ सीधे संवाद के दौरान उर्दू भाषा के संदर्भ में की। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन, हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्री नसीम अहमद, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भूपेश्वर दयाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के नारे पर जोर देते हुए कहा कि



प्रदेश में हमें अमन-चैन और भाईचारे के साथ मिलकर रहना है। एक-दूसरे की मदद और उनके रीति-रिवाजों का सम्मान करेंगे, तभी सभ्य समाज की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रही है। बहुत से लोग अल्पसंख्यक समाज को वोटबैंक की राजनीति के चलते जात-पात के नाम पर बहकाने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोगों के बहकावे में न आकर, समाज और देशहित में कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की अति पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष नजर है। ऐसे क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जाएगा। तत्काल 5 कम्युनिटी सेंटर को दी मंजूरी अल्पसंख्यक मोर्चा की मांग पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में 5 कम्युनिटी सेंटर बनाने की घोषणा की। इसके लिए उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों को 5 स्थानों का चयन कर सूची देने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी गांव में विकास संबंधी समस्या के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर अपने गांव की गली, नाली व अन्य समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन तक पहुंचाया जा सकता है। सरकार अब इसी तर्ज पर नगर दर्शन पोर्टल भी तैयार करेगी, जो शहरी क्षेत्र की विकास संबंधी समस्याओं के लिए होगा। शिवधाम विकास योजना मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शमशान घाट और कब्रिस्तानों का विकास करने के लिए सरकार ने शिवधाम विकास योजना की शुरूआत की है। इस योजना के अंतर्गत इन स्थानों की चारदिवारी, शेड और पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ आवागमन के लिए रास्तों को पक्का करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उनके क्षेत्रों में इन स्थानों पर कोई कमी है तो वे अपने जिला उपायुक्त को लिखकर दें। प्रदेश में खाद की नहीं रहेगी कमी मुख्यमंत्री ने कहा कि रबी की फसल के दौरान प्रदेश में किसानों को खाद की कोई कमी नहीं रहेगी।

## हाईटेक मिनी डेयरी योजना के तहत सब्सिडी पर 4, 10, 20 तथा 50 दुधारू पशुओं की डेयरी स्थापित कर सकते हैं पशुपालक : डीसी शक्ति सिंह

**समाचार निर्देश जुबेर खान नूंह**
**नूंह डीसी कैप्**टन शक्ति सिंह ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश में प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता में बढ़ोतरी करने तथा डेयरी व्यवसाय से बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से दुग्ध एवं डेयरी से संबंधित विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। हाईटेक मिनी डेयरी योजना के तहत सामान्य वर्ग के पशुपालक 4, 10, 20 तथा 50 दुधारू पशुओं की डेयरी स्थापित कर सकते हैं। विभाग द्वारा 4 व 10 दुधारू पशुओं (भैंस/गाय) की डेयरी स्थापित करने वाले पशुपालकों को 25 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इसी प्रकार से 20 व 50 दुधारू पशुओं की डेयरी पर ब्याज की सब्सिडी देने का प्रावधान दिया गया है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति से जुड़े व्यक्तियों के लिए 2 या 3 दुधारू पशुओं की डेयरी स्थापित करने तथा सूअर पालन के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि भेड़ या बकरियों की डेयरी करने वाले व्यक्तियों को 90 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। डेयरी पालन का व्यवसाय करने के इच्छुक व्यक्तियों को सरल पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत माता श्री का निधन होने के कारण मारवाड़ क्षेत्र में शोक की लहर

**समाचार निर्देश ब्यूरो पाली**
**सरदार कर्मपालसिंह सवाली**
**केंद्रीय जल** मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की माता श्री का निधन होने के कारण मारवाड़ क्षेत्र में शोक की लहर
अनेक नेताओं ने श्रद्धांजलि भेंट करते हुए पाली सांसद पी. पी. चौधरी बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत पाली विधायक ज्ञानचंद पारख, सोजत विधायक शोभा चौहान,
रायपुर मारवाड़ से अविनाश गहलोत, सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत, भाजपा जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार पाली जिला सभापति रेखा राकेश भाटी पाली जिला प्रमुख रेशमी सिंह, पाली उप जिला प्रमुख जगदीश चौधरी वाली प्रधान पान देवी उपप्रधान महावीर सिंह चौहान। राजपूत महासभा के अध्यक्ष उगम सिंह कुमटिया गणपत सिंह बोया, शैतान सिंह सेंदड़ा, नगर पालिका चेयरमैन भरत चौधरी नगर पालिका चेयरमैन ललिता सादड़ी समाजसेवी हनवंत सिंह चौहान, देसूरी भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक पुरी गोस्वामी भाजपा युवा नेता गजेंद्र सुथार, युवा नेता गणपत जणवा, नरपत सिंह राठौड़, उपसरपंच भवानी सिंह राठौड़, तेजाराम देवासी, नरेंद्र सिंह राठौड़ जीनियस



पब्लिक स्कूल देसूरी, जगदीश प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष चुनी लाल सुथार, मुकेश पुरी गोस्वामी, रणछोड़ सोनी, समाजसेवी कमलेश सोनी, भीम सिंह सिसोदिया, एडवोकेट ताराचंद मीना, महेंद्र सिंह सोलंकी, मानवेंद्र सिंह बागोल, पत्रकार जगदीश सिंह गहलोत, देसूरी पंचायत समिति सदस्य रेखा प्रजापति, मुकेश प्रजापति, कल्पेश वैष्णव, कैलाश दास वैष्णव,
केसरी ग्रुप देसूरी प्रमुख प्रकाश प्रजापति, के अलावा
अनेक समाजसेवी युवाओं ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की माता श्री को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन दर करके श्रद्धांजलि भेंट की गई।

## एक शाम श्री पुरबजी महाराज के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन

**समाचार निर्देश ब्यूरो सादड़ी, छगन प्रजापति। सादड़ी**, क्षेत्र की अकाश गंगा कॉलोनी में सारदीया नवरात्रा शुक्ल पक्ष के बीज को श्री पूरबजी महाराज बारली सादड़ी में एक शाम श्री पूरबजी महाराज के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया उपासक राहुल कुमार पुत्र प्रेम कुमार के सानिध्य में इस विशाल भजन संध्या का
आयोजन रखा गया। जिसमें आसपास से श्री पूरबजी जी के दरबार में अनेक कलाकारों ने अपनी हाजिरीया लगाकर



अपने-अपने सरस्वती के कंठ से श्री पूरबजी महाराज के नाम से वंदना धोक लगाकर श्री गणपति जी के नाम पर वंदना करके इस भजन संध्या का आयोजन का शुभारंभ किया गया अनेक भजनी कलाकारों ने भक्ति के सागर की महिमा सुनाकर भक्तों में केसर जैसी महक ने पूरी रात्रि में ही जन-जन को भक्ति के सागर में भावविभोर हो गए हैं।
इस समय भजन संध्या में पधारे हुए भक्तों को कंडारा परिवार सादड़ी की ओर से तिलक लगाकर माल्यार्पण करके मारवाड़ी साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस भजन संध्या में ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ा पडा।

## खाद की किल्लत सुलझाने डीसी से मिले आफताब अहमद, सैम ग्रस्त गांवों का मामला भी उठाया

**समाचार निर्देश जुबेर खान नूंह**
**नूंह विधायक** व सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने सोमवार को जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह से मुलाकात की और जिले के किसानों को खाद की किल्लत होने का मामला उठाया। नूंह विधायक आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त को बताया कि किसानों को बिना खाद के भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरसों बिजाई का समय सर पर है और किसान बिना खाद बीज के परेशान है। विधायक ने बाजरा खरीद नहीं होने की भी शिकायत डीसी से की है। उन्होंने कहा कि दावा अखबारों में बाजरा खरीद का होता है लेकिन खरीद हो नहीं रही है। ज़िला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने नूंह विधायक आफताब अहमद को आश्वस्त किया है कि खाद आपूर्ति को जल्द पूरा कर दिया जाएगा। बाजरा खरीद भी सुचारू की जाएगी।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐतिहासिक अभियान निर्णय पर अबार ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की जरूरत

**समाचार निर्देश ब्यूरो डरी/ पाली**
**सरदार कर्मपालसिंह सवाली**
**प्रशासन** गांवों के संग अभियान के तहत ग्राम पंचायत डरी विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर मैं आज केंद्रीय बाल श्रम बोर्ड भारत सरकार के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिशुपाल सिंह निंबाड़ा ज़िला कांग्रेस उपाध्यक्ष यशपाल सिंह कुम्पावत, राजूराम मीणा पूर्व सरपंच डरी, ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष राजू सिंह सोनाई, आदि नेताओं ने शिविर में शिरकत करते हुए आमजन से रूबरू होकर उनकी जन समस्याओं का उपस्थित अधिकारियों के साथ चर्चा कर



निस्तारण कराया गया इस अवसर निम्बड़ा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान हेतु लिए गए इस एतिहासिक अभियान के निर्णय पर आभार व्यक्त करते हुए कहा की आमजन अधिक से अधिक इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें यह अधिकारी रहे मौजूद : उपखण्ड अधिकारी देशलदान, विकास अधिकारी सुमेरपुर मोहनलाल तहसीलदार पाली सुरेंद्र कुमार, ऋण सुपरवाइजर त्रिभुवन सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बड़ोद ग्राम पंचायत में पधारे योगी सुरेंद्रनाथ कृपलानी

**समाचार निर्देश ब्यूरो नाडोल, सरदार कर्मपालसिंह सवाली**
**नाडोल,** निकटवर्ती बड़ोद ग्राम पंचायत में शिव आश्रम शादरा के गादीपति योगी सुरेंद्रनाथ कृपलानी आज बड़ोद ग्राम पंचायत में आए एवं बड़ोद ग्राम पंचायत द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन व वृक्षारोपण कार्य का अवलोकन किया कार्यों की गुणवत्ता देखकर योगी जी ने स्थानीय पंचायत की सराहना की वो कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है वृक्षों की महत्ता हमारे सनातन धर्म में बहुत ज्यादा है।

# DSGMC delegation led by Manjinder Singh Sirsa meets JK LG on assassination of Principal, Teacher and trader from minority community

**Samachar Nirdesh Bureau New Delhi, : The Delhi** Sikh Gurdwara Management Committee (DSGMC) led by its President Mr. Manjinder Singh Sirsa today met Manoj Sinha Lieutenant Governor of Jammu and Kashmir and took up issue of assassination of Prinicpal Supinder Kaur, teacher Deepak Chand and trader Makhan Lal Bindroo in recent days by terrorists with a single motive to scare minorities in Kashmir to force them to leave state.
Delegation, which also included General Secretary Harmeet Singh Kalka, apprised the LG about how Minorities were facing serious problems including threats to their lives by terrorists. They urged the LG to take up concrete steps to ensure that security and safety of all the members of Minorities including Sikh community. They also reminded him of abduction and forceful conversion of two Sikh girls. They impressed upon him to ensure grant of Minority status to Sikhs in Jammu and Kashmir, constitution of Minority Commission for welfare of Sikhs, reinstatement of second official language for Punjabi



besides other demands.
During the meeting, LG Sinha assured the delegation that Administration has identified residential areas of the Minorities and it will deputing special security in these areas.
He said that fool proof security and safety of Minorities will be ensure.
LG also told the Delegation that though terrorists have succeeded in one such attempt to kill people of minorities but Administration will ensure that they never succeed in such attempts in future.
He also assured that terrorist who have killed Principal, teacher and trader will be identified and strict punishment for them will be ensure.
He also told delegation that he is available round the clock and if anyone has any problem he/she can call or meet him anytime.
Earlier before meeting LG, this delegation, which has come to Kashmir as per directive of the Shiromani Akali Dal President Mr. Sukhbir Singh Badal, also met families of slain

## संक्षिप्त खबरें

### जरुरतमंद 60 बच्चों के बैठने हेतू चटाई भेंट की

**समाचार निर्देश ब्यूरो रामकरण प्रजापति**
**सूरतगढ़। पूनम** फाउंडेशन ट्रस्ट श्योपुरा सूरतगढ़ से जुडे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान एम्बेसडर मोहन लाल नौरतना ने पूजा की पाठशाला गांव प्रेमपुरा के तीस बच्चों हेतू और देव दिव्या की पाठशाला वार्ड नंबर 10 सुरतगढ़ मे तीस बच्चों के बैठने हेतू चटाई भेंट की। मोहन लाल नौरतना ने अपने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की मुहिम चला रखी है। उन्होंने एक बेटी कीर्ति को गोद लेकर मिशाल कायम की है।

### आजादी के अमृत महोत्सव पर खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

**समाचार निर्देश ब्यूरो डॉ पूनम प्रजापति भारतीय**
**पीलीबंगा।स्वतंत्रता** दिवस की 75 वी वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव के तहत रविवार को ग्राम पंचायत भागसर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। नेहरू युवा केन्द्र हनुमानगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तत्वाध्यान मे राजकीय माध्यमिक विद्यालय भागसर मे आजाद युवा कल्ब भागसर के द्वारा आयोजित खो-खो प्रतियोगिता करवाई गईं प्रतियोगिता में 4 टीमों ने भाग लियो प्रतियोगिता का उद्देश्य राजस्थान ग्रामीण ओलंपिक प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों से अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन पंजीयन करवाने तथा प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत रखा गयो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच रामकुमार ने शिक्षा के साथ खेलों को दिनचर्या में शामिल करने की बात कही नेहरू युवा केंद्र हनुमानगढ़ के जिला युवा सहलाकार समिति के सदस्य इन्द्राज पंवार ने स्वच्छ भारत मिशन व राजस्थान ग्रामीण ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र हनुमानगढ़ के पीलीबंगा के ब्लॉक प्रभारी कमलेश पंवार, उपसरपंच हंसराम,मंडल कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, भीमसैन पटीर,राहुल भादू, संदीप कुमार,बाबू सिंह, पोलाराम आदि मौजूद रहे

### मोटरसाइकिल चोरी का नहीं दर्ज हो सका मुकदमा

**समाचार निर्देश ब्यूरो कुशीनगर।धनदयाल पाण्डेय**
**पिछले** दिनों मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल से गायब मोटरसाईकिल चोरी का मुकदमा थाने पर दर्ज नहीं हो सका है पीड़ित तहरीर सौंप बार बार थाने का चक्कर काटने को मजबूर हैं। पुलिस को दिए तहरीर के अनुसार सिसवां दिगर निवासी सुभाष चौहान पुत्र हरी चौहान ने बताया है कि वह सेवरही माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम स्थल से उसकी मोटर साईकिल यूपी 57-एएम0193 एचएफ डिलक्स हीरो की गाड़ी चोरी हो गई। बहुत खोज-बीन के बाद तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की गयी पर अबतक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है।

### अबैध पटाखो के साथ एक गिरफ्तार

**समाचार निर्देश ब्यूरो कुशीनगर/धनदयाल पाण्डेय**
**पुलिस** अधीक्षक कुशीनगर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, तथा क्षेत्राधिकारी तरकुहीराज के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों की रोक थाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तरया सुजान पुलिस द्वारा एक अभियुक्त जावेद पुत्र जाकीर हुसैन सा0 तमकुहीराज गुदरी मुहल्ला थाना तरयासुजान के पास से बिना लाइसेंस के एक बोरी व दो अदद गत्ते में अवैध पटाखा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तार के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 389/21 धारा 5/9 ख विस्फोटक अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है
*बरामदगी व गिरफ्तार करने वाली टीम-*
.एसएचओ कपिलदेव चौधरी थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर
.उ0नि0 राजकुमार बरवार थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर
.हे0का0 मो0 इरशाद थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर
.का0 सचिन विश्वकर्मा थाना तरयासुजान जनपद कुशीनगर
.का0 धर्मचन्द्र राम थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर
.का0 आस्था सिंह थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर

### राजस्थानी रामलीला मांय दसरथ, कैकयी संवाद अर राम बनवास री लीला देखर दरसकां री भीजी आँखड़ल्या

**समाचार निर्देश ब्यूरो डॉ पूनम प्रजापति भारतीय**
**सूरतगढ़ - मायड़भा**सा राजस्थानी लोककला रंगमंच कान्नी सूं ऑनलाईन खेलीजण आळी राजस्थानी रामलीला री चौथी रात री लीला में दसरथ - कैकयी अर राम बनवास रा दरसाव दिखाईज्या । रंग कलाकारां रो सरजीवण अभीनै देखह्यर दर्शका री आंख्यां भर आईं । दसरथ , कैकयी , कौशल्या , सुमित्रा , मंथरा, राम , लिछमण बणिया रंग कलाकारां चरित में डूबह्यर घणो जीवट अभिनै करयो जिणरी पांवणा अर ऑनलाईन देखणीयां खुले हिड़दै सूं सरावणा करी।
चौथी रात री लीला रै संवादां री बानगी:-
दसरथ - क्यूं कोप भवन में बेठी हो , क्यूं भारी थानै घड़ी पल है ।
जिको थानै जीव सूं है प्यारो उणरौ राजतिलक काल है ।।
जै किणी बस्तु री मनस्या हैं तो म्हारी जान मांग तूं ।
पण उतार दे इण मौके उदासी रो ओ स्वांग तूं ।।
कैकयी - सतवादी हा राजा हरिश्चंद्र , जका सत कोनी छोड्यो संकट में।
बां री सच्चाई रो दिवलो , जगमग करे है मरघट में ।।
दसरथ - राणी - राणी झोळी मांड , तेरी मांग भी लै , दान भी लै ,
राज भी लै , बनवास भी लै अर मेरा पिराण भी लै ।।
राम - ओ कोमल तन , कोमल मन , बठै घणा ई संकट है ।
बना में जी जंत , राक्सा , साँप-सळैटां रो डर है ।
सीता - जद दरसण सुख रा हुसी तो बन संकट किसो ।
सिंघणी जद शेर रै साथै है तो उणने डर किस्यो ।।
वशिष्ठ - राणी - राणी हूं सावधान क्यू छेड़ रेयी तू सांगो है ।
तैं बनवास राम रो मांग्यो है , का सीता रो भी मांग्यो है ।।
दशरथ दरबार में उठी भासा मानता री मांग :-
सिरै पांवणा शिक्षाविद गिरधारी लाल स्वामी भगवान रामजी री आरती करह्यर लीला सरू करवाई । दशरथ दरबार में लीला रो अ?क अंक बणता थकां मायड़ भासा राजस्थानी नै मानता दिरावण री मांग सबळाई सूं उठाईजी । देस दुनिया रै मायड़ भासा रै हेताळवां सूं अरज करीजी कै राजस्थानी भासा नै बरत्यूं री भासा बणा'र पैलपोत खुद मानता देवो । इण रो पोखण अर रिछपाल करो । आपणै पोसाळां में राजस्थानी साहित्य सरू करवाओ । हर मिनख आप आप रै? ढंग सूं सैयोग करो।

### चौथी रात री लीला रा कलाकार

**समाचार निर्देश ब्यूरो चौथी रात री लीला रा कलाकार :-**
**राम** - मनोज सुथार , लिछमण- प्रदीप बाजीगर , सीता - निखिल स्वामी , दशरथ - अमित कल्याणा , कौशल्या - नरेश शर्मा , कैकयी - सोनू सोनी , सुमित्रा - पवन भाटी , वशिष्ठ - इमरान , कैवट- देव भारती , मंथरा - राजकमल , निशादराज - सुजित , मंत्री - संदीप भांभू , नचार - खुर्शीद , सोनू सोनी , सोनू अरोड़ा , पवन भाटी , अरूण अर देव भारती आद बण्या अर विकी नंदा दरसकां नें घणां हंसाया । निर्देशण मनोज स्वामी अर अमरीश जंवरिया करयो। लाईव प्रसारण रो काम संभाळण में अनिल, अशोक, हरीश स्वामी रो योगदान रैयो । हनुवंतसिंघ राजपुरोहित लंदन री अगुवाई में जै जै राजस्थान री टीम ऑनलाईन प्रसारण रोजिना 9 बज्यां सूं कर रैयी है। हनुवंतसिंह राजपुरोहित लंदन, सत्यनारायण राजस्थानी आसोप, अचल सोनी लंदन, अरूण तापड़िया लखिमपुर, आकाश मोदी उड़ीसा, किरण राजपुरोहित जोधपुर, फाऊलाल प्रजापत बैंगलोर, छैलू चारण छैल बीकानेर, हरीश हैरी बहलोलनगर री टीम इण प्रसारण नै आखी दुनिया तांई पूगायो।



राष्ट्रीय दैनिक हिन्दी/अंग्रेजी

# समाचार निर्देश

हरियाणा से प्रकाशित



www.samacharnirdesh.in/com 9654140328 Google app smacharnirdeshhr@gmail.com RNI.NO DELBIL/2011/43227

वर्ष 01 अंक 06 हरियाणा मंगलवार,12 अक्टूबर 2021 मुल्य :-3/- वार्षिक शुल्क 1100/- पृष्ठ :-08


## डीसी ने कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन के कार्य का पुलिस लाईन, ग्राउंड, अंबाला शहर में जाकर किया निरीक्षण

**समाचार निर्देश अम्बाला ( ब्यूरो)**
**उपायुक्त** विक्रम सिंह ने पराली प्रबंधन के लिए किसानों को उपलब्ध करवाए जा रहे व्यक्तिगत व कस्टम हायरिंग सेंटर के कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन के कार्य का आज पुलिस लाईन, ग्राउड, अंबाला शहर में जाकर निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों से बातचीत भी की और भौतिक सत्यापन के कार्य में किसी प्रकार की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही, इस बारे भी जानकारी ली। किसानों ने इस विषय के तहत पटवारियों की न मिलने की समस्या बारे उपायुक्त को अवगत करवाया। उपायुक्त ने किसानों को कहा कि जिस क्षेत्र के पटवारी की उन्हें दिक्कत आ रही है उसका नाम व सर्कल सहायक कृषि अभियंता के माध्यम से उन्हें उपलब्ध करवाएं। उनकी इस समस्या का तुरंत समाधान किया जायेगा। उपायुक्त ने कृषि यंत्रों के भौतिक सत्यापन के तहत मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत करते हुए सम्बन्धित मशीन की गतिविधियों के बारे में उनसे जानकारी ली। मशीन से किस प्रकार कार्य किया जाता है वह भी उनसे जाना। उन्होंने किसानों से कहा कि वे पराली प्रबंधन के दृष्टिगत इन यंत्रों का वे स्वयं प्रयोग करें और दूसरे किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करें।
उन्होंने कहा कि खेतों में पड़े अवशेष जलाने से काफी नुकसान होता है, यह धीमा जहर होता है, जिसका बाद में पता चलता




है। यह मानव जीवन के लिए काफी खतरनाक होता है। उन्होने किसानों को कहा कि पराली प्रबंधन के लिए कृषि विभाग द्वारा जो यंत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं उनका प्रयोग करें। कस्टम हायरिंग सेंटरों में भी इन यंत्रों को उपलब्ध करवाया जाता है, उनका वे प्रयोग कर सकते हैं। मकसद पराली का जलाना नहीं है, उसका सही प्रबंधन करना है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान हैप्पी सीडर, चौपर, कटर, मिट्टी पलटने वाले यंत्र के साथ-साथ यहां पर लाये यंत्रों के बारे किसानों से बातचीत की।
सहायक कृषि अभियंता ओ.पी. महिवाल ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि आज अम्बाला ब्लाक वन व द्वितीय के अंतर्गत आने वाले जिन किसानों ने पोर्टल पर आवेदन किया था, उनके कृषि यंत्रों का सत्यापन करने का कार्य किया जा रहा है। आज अभी तक 60 से ज्यादा कृषि यंत्रों का सत्यापन का कार्य कर लिया गया है। कल भी इस कार्य को किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिन किसानों ने 09 अक्तूबर तक विभागीय पोर्टल पर बिल, ई-वे बिल, घोषणा-पत्र, कृषि यंत्र के साथ आवेदक की फोटो अपलोड किया है उन सभी योग्य किसानों के कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन 12 अक्तूबर तक सुबह 09:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक साहा, ब्लॉक बराड़ा, ब्लॉक नारायणगढ़ व ब्लॉक शहजादपुर का कालपी (नहोनी फलाई ओवर के पास) निर्धारित तिथि को जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी द्वारा गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा ।
सभी व्यक्तिगत श्रेणी के किसान अपने कृषि यंत्रों के साथ जरूरी दस्तावेज जैसे ऑनलाइन आवेदन स्लिप, बिल, इ-वे बिल, घोषणा-पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता की फोटोप्रति, पटवारी रिपोर्ट, कृषि यंत्रों के साथ किसान व नम्बर प्लेट की फोटो, ट्रैक्टर की आर सी, मेरी फसल मेरा ब्योरा, कृषि यंत्र पर पक्के पैंट से किसान का नाम, मोबाईल न0, गाँव का नाम, सीआरएम 2021-22 लिखना अनिवार्य है ।

## मुनक गांव में आजादी का अमृत महोत्सव के मद्देनजर ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी

**मुनक/करनाल समाचार निर्देश ( सुदेश रानी)**
**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण ने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जागरूकता पैदा करने के लिए गांव मुनक में कानूनी साक्षरता अभियान के मद्देनजर एक शिविर का आयोजन किया गया। यह भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने तथा लोगों को अपने गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूक करने की एक अनूठी पहल है। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय की नुक्कड़ नाटक मंडली ने गीतों के माध्यम से आम जनता को विभिन्न कानूनी सेवा योजनाओं से अवगत कराया। शिविर में आए लोगों को विधिक सेवा अधिनियम के तहत प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में अवगत कराया गया और उन्हें यह बताया गया कि वह व्यक्ति जिसकी सालाना आय 3 लाख रुपये से कम है और जनरल जाति से संबंध रखता है मुफ्त कानूनी लेने का हकदार है। इसके अलावा कोई भी



व्यक्ति जो अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति कैटेगरी से आता है या महिला है बच्चे हैं दिव्यांग है उसे मुफ्त कानूनी सहायता उसकी आए को ध्यान में न रखते हुए प्रदान की जाती है। लोगों को यह अवगत कराया गया कि अगर उन्हें किसी प्रकार की कानूनी समस्या है या किसी परकार की दिक्कत है या वह वकील की सेवाएं लेना चाहते हैं तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं और इसके लिए उनके केस की पैरवी जिला न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक मुफ्त की जाएगी। इसके अलावा शिविर में आए हुए लोगों को आवेदन पत्र वितरीत किए गए ताकि वह अपनी शिकायतों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेज सकें। विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी से संबंधित पुस्तिकाएं एवं पर्चे वितरित किए गए ताकि उन्हें बेसिक कानूनी ज्ञान प्राप्त हो सके और वह अपने अधिकारों के बारे में अवगत हो जिससे समाज में उनका किसी प्रकार का शोषण न हो इसके अलावा शिविर में सरपंच एवं पंचों ने भी भाग लिया।

## सरदार गुरजिंदर सिंह बने हरियाणा रोडवेज मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन के चेयरमैन

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा)**
हरियाणा रोडवेज मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन का चुनाव हुआ जिस में सरदार गुरजिंदर सिंह को चेयरमैन अशोक गोरिया को प्रधान अनूप कुमार को



उप प्रधान सभी कर्मचारियों की सहमति से बनाया गया इस मोके पर प्रांतीय उप प्रधान श्री भगवान लाठर ओम सिंह सांगवान राज सिंह संजय बह्‌म सिंह बिजेन्दर संधू नरेश खोखर व अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया

## मापदंडो के तहत समय अवधि के तहत पूरा कर कार्य

**समाचार निर्देश अम्बाला ( ब्यूरो)**
**अतिरिक्त** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सोमवार उपायुक्त कार्यालय में डिस्ट्रीक लैवल क्लीयरैंस कमेटी की एक बैठक लेते हुए उद्योगों से सम्बन्धित जिन विभागों द्वारा जो कार्य किया जाना है व मोबाईल टावर विषय को लेकर भी जो आवश्यक कार्य किए जाने हैं उन्हें भी निर्धारित मापदंडो के तहत समय अवधि के तहत पूरा करें।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र,जरनैल रंगा । भारत विकास** परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा।
प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में स्कूल के छात्रों ने पहले दोनों स्थान प्राप्त किए तथा कनिष्ठ वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के छात्रों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. एमएम सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र के सभी विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में 12वीं कक्षा की छात्रा शिवानी ने 40 में से 38 अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। स्कूल के ही कक्षा 11वीं के छात्र यश वर्मा ने 35 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कनिष्ठ वर्ग में 8वीं कक्षा की छात्रा जैमिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है । प्रतियोगिता का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। यह प्रतियोगिता ऑनलाईन माध्यम से आयोजित की गई थी। पहले 3 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव।

## सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के एसीएस देवेन्द्र ने जल शक्ति अभियान को लेकर उपायुक्तों को निर्देश दिए

**करनाल ( सतीश कुमार)**
**सिंचाई एवं** जल संसाधन विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेन्द्र सिंह ने सोमवार को प्रदेश के उपायुक्तों के साथ जल शक्ति अभियान विषय पर चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से समीक्षा की और कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों के निर्धारित लक्ष्यों को जल्द पूरा करें। नवम्बर माह में राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस




मिशन की समीक्षा करेंगे। उन्होंने बताया कि जल शक्ति अभियान के तहत पांच बिंदुओं पर मुख्यतः बल दिया जा रहा है जिनमें जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टर, जल श्रोतों का नवीकरण, बोरवेल का पुर्नप्रयोग, सघन पौधारोपण और आई.ई.सी. गतिविधियां शामिल हैं। ए.सी.एस. ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधी गतिविधियों की फोटोग्राफी, वीडियो अवश्य पोर्टल पर अपलोड करते रहें। इसके अलावा एक्सल शीट में डाटा को अपडेट करें। उन्होंने कहा कि अधिकांश जिलों में इस दिशा में अच्छा कार्य हुआ है, लेकिन इसे और बेहतरीन बनाने की जरूरत है।

## पढ़ाई के साथ प्रशिक्षण व खुद के पांव पर खड़ा होने का मौका देता है न्यूजहाउंड

**समाचार निर्देश कुरुक्षेत्र (जरनैल रंगा ) न्यूजहाउंड** के को-फाउंडर अर्जुन समर महेन्द्रन ने कहा है कि मीडिया पाठयक्रमों में शिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को न्यूजहाउंड अपने वर्चुअल प्लेटफार्म के माध्यम से कंटेंट तैयार कर एक बेहतर एवं कुशल मीडियाकर्मी बनने का मौका देता है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मीडिया पाठयक्रमों के विद्यार्थी एक कामयाब मीडियाकर्मी बने इसके लिए ही न्यूजहाउंड व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के बीच समझौता हुआ है। उसी समझौते के तहत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए न्यूजहाउंड की ओर से एक दिवसीय ओरिएंटेशन वर्कशॉप का सोमवार को आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए अर्जुन समर ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह मीडिया के क्षेत्र में भी नौकरियों की लगातार कमी हो रही है। अवसरों की कमी के चलते मीडिया पाठयक्रम पढने वाले विद्यार्थियों को कम अवसर मिल पाते हैं। मीडिया के विद्यार्थी अपने खुद के प्लेटफार्म बनाएं व वे उन पर उच्च स्तरीय गुणवत्तापरक कंटेंट पाठकों को उपलब्ध करवाएं इसी दिशा में न्यूजहाउंट कार्य कर रहा है।
अपनी प्रस्तुति में उन्होंने विद्यार्थी किस तरह से न्यूजहाउंड के साथ जुड़कर अवसरों का लाभ उठा सकते हैं इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपने शिक्षकों की देखरेख में अपने आसपास के क्षेत्र से फोटो, टेक्सट, ऑडिया, वीडियो के स्वरूप में स्टोरी तैयार कर सकते हैं और उसे अपने स्टूडेंट मेंटर के सहयोग से अपलोड कर सकते हैं।

## विधायक एवं वन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मपाल गोंदर विश्राम गृह का किया शिलान्यास

**करनाल (सतीश कुमार): स्थानीय** विधायक एवं वन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मपाल गोंदर ने इंडस्ट्रियल के समीप विश्राम गृह का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने नारियल फोड कर नीवं रखी। पी डब्लयू डी की बिल्डिंग शाखा विश्राम गृह का निर्माण करेगी। विधायक एवं विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मपाल गोंदर ने बताया विश्राम गृह के निर्माण पर 2,87,25 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। विश्राम गृह का ठेका कुरुक्षेत्र की एक फर्म को दिया गया है।इसे जनवरी 2023 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक ने बताया कि 13 अक्तूबर से इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक ने



बताया कि बस स्टैंड के लिए जगह का चयन कर लिया गया है। अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। कोरोना की वजह से ग्रांट न आने से नपा के कार्य प्रभावित हुए हैं। नपा को जल्द ग्रांट मिल जाएगी जिससे रुके हुए विकास कार्य शुरू हो जाएंगे। नीलोखेड़ी को सब डिवीजन बनाए जाने की मांग पर उन्होंने कहा कि मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में है। पीडब्ल्यूडी की बिल्डिंग शाखा के एसडीओ सवित पन्नू ने बताया विश्राम गृह में एक सी एम सूट होगा जिसमें एक बेडरूम, एक डायनिंग हाल तथा एक मीटिंग हाल होगा। दो आफिसर्स रूम तथा एक वी आई पी रूम का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश प्रभाकर, सतनाम आहूजा, नरेन्द्र शर्मा, ,दीपक बंसल, रमेश कादियान, पब्लिक हेल्थ के एस डी ओ अभिषेक तथा जेई हर्ष उपस्थित थे।

## पत्रकार जितेंद्र पर लाठी डंडों से हमला करके चोट मारने के आरोप में पुलिस ने दिखाई तत्परता

### वारदात के महज 12 घंटे के अंदर जींद पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार, जींद पुलिस की टीमों ने किया सराहनीय कार्य - नीतीश अग्रवाल एएसपी जींद

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा)**
**अतिरिक्त** पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि राजेंद्र नगर में गली को पक्का किया जा रहा था दो गुटों में गली बनने व नाली बनाने के विवाद को लेकर जितेंद्र व दूसरे पक्ष में कहासुनी हो गई थी दोनों तरफ से पुलिस चौकी पटियाला चौक



में शिकायत की गई थी और शाम को 5 :00 बजे दोनों पक्षों को पुलिस चौकी में बुलाया गया था जब पत्रकार जितेंद्र शाम 5 :00 बजे के करीब पुलिस चौकी में जाने के लिए अपनी बाइक पर जाट स्कूल के पास पहुंचा तो अचानक दो गाड़ियों में सवार कुछ युवकों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था जिससे पत्रकार घायल हो गया और राहगीरों ने उनको नागरिक अस्पताल जींद में पहुंचाया था, आरोपी दोनों गाड़ियों में सवार होकर भाग गए थे जींद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए देर रात को ही एक महिला सहित छह आरोपियों को चंडीगढ़ व उचाना से गिरफ्तार कर लिया गया है। जींद शहर थाना पुलिस और डिटेक्टिव स्टाफ की टीम इन सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।उन्होंने बताया की घटना के बाद जींद पुलिस ने टीमें बनाकर आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई। थाना प्रभारी शहर जींद निरीक्षक दिनेश कुमार, डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज उप निरीक्षक बिजेंदर सिंह व सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम ने एकजुट होकर कार्य करते हुए रात के समय महज 12 घंटे में एक महिला सहित 6 आरोपियों नीरज शर्मा वासी पटियाला चौक जींद, राहुल वासी खरक भूरा, जसविंदर उर्फ जस्सू वासी ढाकल, अजय वासी गांधी नगर नरवाना व साहिल वासी उचाना कला को काबू किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद घटना में प्रयोग 2 गाड़ियां व लाठी डंडे भी बरामद कर लिए गए हैं। इनके खिलाफ अनेक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुख्य एससी एक्ट की धारा भी पत्रकार जितेंद्र की शिकायत पर लगाई गई है इसमें शामिल तीन आरोपी अभी फरार चल रहे हैं उन्हें भी जल्दी ही जींद पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## धान एंजैसियों को निर्देश दिये कि धान उठान के कार्य में तेजी लाई जाये

**समाचार निर्देश अम्बाला (ब्यूरो)**
**उपायुक्त** विक्रम सिंह ने आज अपने कार्यालय में जिला स्तरीय डिस्ट्रीक मिलिंग कमेटी की बैठक लेते हुए मिलर्स को, आढ़तियों को व किसानों को मंडी में धान खरीद कार्य व उठान संबधी कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है, इस बारे जानकारी लेते हुए सम्बन्धित धान एंजैसियों को निर्देश दिये कि धान उठान के कार्य में तेजी लाई जाये। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि धान खरीद कार्य को लेकर जिन एंजैसियों द्वारा यह कार्य किया जा रहा है वह पूरी पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। उठान का कार्य भी तेजी से हो, इसके लिए वे बेहतर तरीके से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होने यह भी कहा कि अन्य जिले जींद, पानीपत, सोनीपत से जिला स्तरीय डिस्ट्रीक मिलिंग कमेटी से धान खरीद को लेकर जो डिमांड प्राप्त हुई है, सम्बन्धित एंजैसी नियमों के तहत इस कार्य को करना सुनिश्चित करें। पारदर्शी तरीके एवं नियमों के मुताबिक यह कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। बैठक में उन्होंने अन्य बिंदुओं बारे भी समीक्षा की और सम्बन्धित एंजैसियों को इस कार्य में किसी प्रकार की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही, उस बारे भी चर्चा की।

# विवेक बंसल, कुमारी सेलजा की अध्यक्षता में मौन व्रत, पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन भी रहे मौजूद

**हरियाणा/चंडीगढ़ (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख) लखीमपुर** खीरी में भाजपा के कथित नेताओं ० कार्यकताओं द्वारा किसानों की दिन दहाड़े की गई हत्या ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। इससे भी दुखदः यह है कि इस घटनाक्रम से पहले केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ. टेनी ने किसानों को मारने की खुली चुनौती दी थी। इस कृत्य के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने खुले तौर पर कहा है कि किसानों को रोंदने वाले वाहन को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री का बेटा आशीष मिश्रा उर्फ. मोनू चला रहा था और वह जीप भी केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अथवा उनके परिवार के नाम पर पंजीकृत है। किसानों के विरोध और सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद भी सभी आरोपियों या मंत्री के खिलाफ




कोई कार्यवाई नहीं की गई है। शर्म की बात तो यह है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने इस नृशंस हत्या पर सांत्वना का एक शब्द भी नहीं कहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कि माननीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी एवं हमारे प्रिय नेता श्री राहुल गाँधी के निदेर्शानुसार इस संबंध में पार्टी ने राज्यस्तर पर बरनाला रोड़, सिरसा में स्थित कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया के कार्यालय के सामने इस जघन्य हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को उनके पद से तत्काल बखस्ति करने की मांग को लेकर मौन व्रत किया जा रहा है। 46-ऐलनाबाद विधान सभा उपचुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी श्री पवन बेनीवाल के पक्ष मे भारी मतदान करवाने तथा कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से *हरियाणा में पार्टी मामलों के प्रभारी श्री विवेक बंसल ने हरियाणा

कांग्रेस के समस्त नेताओं और कार्यकताओं की आज एक आवश्यक बैठक ली दोपहर 12:30 बजे निशुराज रिसोर्ट, हिसार रोड़, सिरसा में उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने बहुमूल्य विचारों से अवगत कराया जिस बेठक खास तौर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा कुमारी सेलजा जी व पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन जी व राम किशन गुजर जी , राजनीतिक सचिव कुमारी सेलजा जी), डॉक्टर के वी सिंह , वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशी शर्मा,देवेंद्र शर्मा काला व अन्य कांग्रेस नेता भी उपस्थित थे

# प्रदेश में गाय के दूध से बने उत्पादों व पंचगव्य उत्पादों को बढ़ावा देना मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगाः राज्यपाल

**हरियाणा/चंडीगढ़ (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख) - हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रदेश में गाय के दूध से बने उत्पादों व पंचगव्य उत्पादों को बढ़ावा देना मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। इससे गौ संरक्षण को भी बल मिलेगा। उन्होंने यह बात बात सोमवार को उनसे मिलने आए हरियाणा गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री विद्या सागर बाघला से कही।

उन्होंने कहा कि गौ सेवा आयोग के पदाधिकारी पशुपालन विभाग, गौशालाओं व अन्य सामाजिक संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर आमजन को पंचगव्य उत्पादों के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाएं तथा इन उत्पादों की मार्केटिंग में भी सहयोग करें। इससे यह उत्पाद लोकल से ग्लोबल तक



पहुंच पाएंगे और यह आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि गौ उत्पाद का अधिक से अधिक प्रयोग करने से गंभीर बीमारियों से बच सकता है। गौ उत्पाद बढ़ाने के लिए गाय का संरक्षण अति महत्वपर्णू है। उन्होंने हरियाणा में गौ सेवा आयोग के गठन के लिए हरियाणा सरकार की प्रशंसा की और कहा कि गौ सेवा आयोग के माध्यम से प्रदेश में गौ संरक्षण के कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया है कि गाय का दूध, घी व इनसे बने उत्पाद मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए उत्तम हैं।

श्री दत्तात्रेय ने कहा कि कृषि में गाय के गोबर से बने अधिक से अधिक जैविक खादों का प्रयोग करके जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है।

# मौका आया हाथ, चलो सरकार के साथ,इस जोर -जुल्म की टक्कर में, ऐलनाबाद का विकास हमारा नारा हैः--सुभाष

**हरियाणा/चंडीगढ़ (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख) ये** उपचुनाव इसलिए हो रहा है, क्योंकि एक व्यक्ति ने पहले अपने राजनीतिक लाभ के लिए किसानों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया और फिर उपचुनाव में खुद ही चुनाव भी लड़ रहे हैं।। जबकि कृषि कानूनों पर माननीय सुप्रीम कोर्ट की पहले से ही रोक है।

तो दरअसल ये लड़ाई किसानों के लिए नहीं लड़ रहे थे, वो लड़ाई अपने परिवार के अंदर की विरासत की लड़ रहे हैं।।

कृषि कानूनों के बहाने, किसानों का नाम लेकर और इस्तीफे का राजनीतिक खेल खेलकर दरअसल वे अपने परिवार की विरासत को दोबारा हासिल करना चाहते हैं।

लेकिन इन सब के बीच ऐलनाबाद की जनता को और देश प्रदेश की सरकार को एक और उपचुनाव से गुजरना पड़ रहा है।

लेकिन भारतीय जनता पार्टी हर राजनीतिक बदलाव को एक अवसर में तब्दील करना जानती है।

ये चुनाव अभय चौटाला के लिए चुनौती है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लिए सुनहरा अवसर है।।

मैं तो ये कहता हूं कि भाजपा से ज्यादा तो ये अवसर ऐलनाबाद की जनता के लिए है।।

17 वर्षों से विपक्ष में बैठे ऐलनाबाद के लोगों के पास एक मौका हाथ आया है, कि सरकार के साथ चलो, भाजपा के साथ चलो और विकास के मीठा फल का स्वाद लो।।

इस उपचुनाव से सरकार की सेहत पर या हरियाणा की सियासत पर कोई फर्क नहीं पड़ने जा रहा है, अगर फर्क पड़ना है तो सिर्फ और सिर्फ ऐलनाबाद की जनता पर और उनके विकास कार्यों पर।।

लगातार विपक्ष और बहकावे की राजनीति की वजह से ऐलनाबाद पिछड़ गया है।।

# टिकैत का ऐलान- करनाल की तर्ज पर ऐलनाबाद में भी विरोध प्रदर्शन करेंगे किसान

**हरियाणा/चंडीगढ़ (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख) : भारतीय** किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने ऐलान किया है कि ऐलनाबाद थाने के बाहर करनाल व टोहाना की तर्ज पर किसान विरोध प्रदर्शन करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों का यह विरोध प्रदर्शन ऐलनाबाद में भाजपा नेता के साथ हुई धक्का-मुक्की के मामले में किसानों पर दर्ज मुकदमे को लेकर होगा। वहीं टिकैत के इस ऐलान के बाद किसानों में भाजपा के खिलाफ रोष पनपता दिखाई दे रहा है। यहां तक कि एक युवा किसान ने भी सोशल मीडिया पर अन्य किसानों से अपील की है कि ऐलनाबाद में भाजपा का जमकर विरोध किया जाए।

गौरतलब है कि शनिवार को ऐलनाबाद



स्थित गुरुद्वारा में भाजपा-जजपा के प्रत्याशी गोबिंद कांडा अपने समर्थकों समेत पहुंचे थे। जहां उनको गुरुद्वारा से बाहर निकाल दिया गया। इसके साथ ही कथित तौर पर गोबिंद कांडा के साथ धक्का-मुक्की हो गई। जिसको लेकर ऐलनाबाद थाने में कुछ किसानों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं किसानों का पक्ष इस धक्कामुक्की का जिम्मेदार भाजपा को ही ठहराया है और किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग रखी है।

गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी ने की है कड़ी निंदा ऐलनाबाद के गुरुद्वारे में भाजपा नेताओं के साथ धक्का-मुक्की को लेकर कल शाम गुरद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें कमेटी ने इस घटना की कड़ी निंदा की और शोक व्यक्त किया। इस घटना की निंदा करते हुए गुरद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी ने लोगों से माफी मांगी और लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव मात्र दो दिन के हैं, लेकिन चुनाव के दौरान हमारा भाईचारा नहीं बिगड?ा चाहिए और गुरुघर सभी के हैं।

# सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत से घटा वाहनों का उत्पादन, गाड़ियों की मांग बढ़ी, शुभ मुहूर्त पर नहीं मिल पा रही डिलीवरी

**हरियाणा/चंडीगढ़, (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख) - त्योहारी** सीजन में अगर आप कार या बाइक खरीदने की सोच रहे हैं तो डिलीवरी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। वजह है सेमीकंडक्टर चिप की भारी कमी और मांग में तेजी। इस चिप की कमी से वाहनों का उत्पादन घट गया है, जिससे लोगों को गाड़ियों की डिलीवरी के लिए एक से छह महीने तक इंतजार करना पड़ रहा है।

लंबे वेटिंग पीरियड से केवल ग्राहक ही नहीं बल्कि कंपनियां और डीलर्स भी उतने ही परेशान हैं। करिश्मा हुंडई चंडीगढ़ के सीईओ सौरभ कौशल ने बताया कि आई-20, वेरना, वेन्यू व ग्रैंड आई 10 जैसी कारों की मांग काफी ज्यादा है, लेकिन अभी उपलब्धता कम है। बीते मई, जून में जो गाड़ियां बुक हुई थीं, अभी उनकी डिलीवरी दी जा रही है। वर्तमान में एक महीने से छह महीने की वेटिंग चल रही है। सौरभ कहते हैं कि इससे बिक्री पर असर तो पड़ा ही है, ग्राहकों को भी अपनी पसंद से समझौता करना पड़ रहा है। कोई सोचे कि अभी बुकिंग करवाकर दीपावली पर गाड़ी की डिलीवरी मिल जाए, तो वर्तमान माहौल में ये संभव नहीं है। हालांकि, हम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। हुंडई व टाटा मोटर्स के डीलर संजय धमीजा ने बताया कि सेमीकंडक्टर व अन्य पुर्जों के आयात की कमी की वजह से रोजाना की बिक्री में 40 फीसदी तक की कमी आ गई है। वहीं, सीजन में औसत से 50 फीसदी बिक्री कम हुई है। हालांकि, मांग काफी ज्यादा है। किसी तरह लोगों को कार समय पर डिलीवर करने का प्रयास कर रहे हैं।

मध्यम श्रेणी की कारों की बुकिंग पर ज्यादा जोर

शहर में मध्यम श्रेणी की कारों की मांग बढ़ी है, जिनकी कीमत छह से आठ लाख रुपये के बीच है। अब इनमें भी जो गाड़ियां सबसे ज्यादा स्पोर्टी लुक में दिख रही हैं, उनकी बुकिंग सबसे ज्यादा हो रही है। इनमें आई-20, निसान मैग्नाइट, किआ सोनेट, ब्रेजा, बलेनो, स्विफ्ट, आर्टिगा, वेन्यू आदि की मांग ज्यादा है। बड़ी कारों में टोयोटा, महिंद्रा थार, क्रेटा, मर्सिडीज की कारें शामिल हैं।

दो पहिया में एक्टिवा की मांग ज्यादा

दोपहिया वाहनों में होंडा की एक्टिवा सिक्स जी, बजाज पल्सर, प्लेटिना, रायल इनफील्ड की बुलेट की अधिकतर बुकिंग हुई है। वहीं हीरो में सुपर स्प्लेंडर, होंडा की साइन, टीवीएस की अपाचे और जूपिटर की सर्वाधिक बुकिंग हुई है। वेटिंग लिस्ट की समस्या ज्यादा सीसी वाली दोपहिया गाड़ियों में भी है। गाड़ी जितनी ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक्स और डिजिटलाइज होगी, वेटिंग उतनी ही अधिक होगी। 150 सीसी या इससे अधिक सीसी की बाइक और 1200 सीसी से अधिक की कारों में वेटिंग लंबी होती जा रही है।

# पीजीआई में इंतजार से मुक्ति, टेलीकंसल्टेशन के जरिये मरीज करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**हरियाणा/चंडीगढ़ (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख) कोरोना** संक्रमण के कारण लंबे समय से बंद पड़े चंडीगढ़ पीजीआई की ओपीडी जहां खोल दी गई है। उसी के साथ समय में भी बदलाव किया गया है। अब टेलीकंसल्टेशन के जरिये मरीज अपने इलाज के लिए सुबह 10.30 से 11.15 बजे के बीच रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सोमवार से टेलीकंसल्टेशन के लिए नया नियम लागू होगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने पर पहले हर विभाग की ओपीडी में केवल 30 मरीजों को देखा जा रहा था। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के जरिये हर ओपीडी में 50 मरीजों को देखा जाएगा। इसके अलावा ऑप्थोलमोलॉजी, हेप्टालॉजी और इंटरनल मेडिसिन विभाग की ओपीडी के लिए 100-100 लोग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। दूसरी लहर के चलते 20 अप्रैल से टेलीकंसल्टेशन सर्विस शुरू की गई थी।

# महाराजा अग्रसेन सेवा संगठन मनीमाजरा के पदाधिकारियों ने किया, विश्वास फाउंडेशन को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित - साध्वी

**हरियाणा/चंडीगढ (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख) सेवा** और साधना के ध्येय को लेकर दशकों से गुरूदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से जनजागरण में जुटे विश्वास फाउंडेशन को नवरात्रों के उपलक्ष्य पर महाराजा अग्रसेन सेवा संगठन मनीमाजरा के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान प्रशस्ति प्रमाण पत्र के रूप में विश्वास फाउंडेशन की महासचिव साध्वी नीलिमा विश्वास जी को दिया गया। इस



अवसर पर महाराजा अग्रसेन सेवा संगठन की और से चेयरमैन सतबीर गर्ग, सलाहकार सुभाष जैन, प्रधान नेम चंद अग्रवाल, सचिव दयाल शरण अग्रवाल, हरिन्द्र गुप्ता, श्री निवास कंसल, खेम चंद गुप्ता व हेम चंद गुप्ता मौजूद रहे। विश्वास फाउंडेशन की ओर से पिछले साल शुरू हुई कोरोना महामारी के दौरान जगह-जगह ब्लड डोनेशन कैंप्स लगाकर पीजीआई चंडीगढ़ सहित विभिन्न सरकारी व निजी अस्पतालों में खून की कमी को पूरा करने में योगदान देने, कोरोना योद्धाओं को प्रोत्साहित करने, पीजीआई समेत विभिन्न अस्पतालों में पीपीई किट्स, डेड बाडीज को रैप करने की किट्स, आक्सीजन कंसट्रेटर्स, आक्सीमीटर्स, सेनेटाईजर्स व मास्क आदि के रूप में जरुरतें पूरी करने के अलावा जरुरतमंदों को लोकल प्रशासन की मार्फत राशन व अन्य चीजें मुहैया करने के एवज में दिया गया।

# साईस मेले में टेलिस्कोप बना आकर्षण का केन्द्र

**हरियाणा/चंडीगढ (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख) ग्रामीण** युवा विकास मंडल के तत्वधान में राष्ट्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सौजन्य से महाराजा अग्रसेन वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल यमुनानगर में आयोजित किया गया । इस मौके पर विज्ञान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने के साथ ही ऊर्जा उपकरण बनाने की विधि भी बताई गई। विज्ञान मेले मे शिक्षक शिक्षिकायें सहित छात्र-छात्रों को विज्ञान मेले में प्रतिभाग कर विज्ञान से जुडी विभिन्न विधाओं के विषय में बहुत ही रोचकता के साथ ऊर्जा संरक्षण में एलईडी के महत्व को बताते हुवे एलईडी के द्वारा बनने वाले बल्व, बेम्बू लेम्प आदि के बनाने की प्रक्रिया से सभी को अवगत करवाया गया। कुछ छात्रों ने अपना एलईडी बल्ब भी स्वयं




बना कर भी देखे । हमारा जल कितना शुद्ध है, कितना अशुद्ध है, जल को किस प्रकार से जांचा जा सकता है, इसकी सही जानकारी दी गई। खाद्य गुणवत्ता के अंतर्गत रसोई में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच को बहुत ही सरलता पूर्वक घर पर ही करने की सटीक जानकारी मेले में दी गई।

कठपुतली किस प्रकार से संचार व प्रचार प्रसार में सहायक सिद्ध हो सकती है, इसके लिए पपेट शो के द्वारा ई- कचरा न्यूनीकरण, रिपेयरिंग व इसके उचित प्रबंधन की जानकारी के साथ साथ मनोरंजन भी करवाई गई ।

फन विद साइंस को लो- कोस्ट पर कूड़े हो चुकी वस्तुओं से निर्मित किट से विज्ञान के कठिन समझे जाने वाले प्रयोगों को सरलता से समझाने का प्रयास किया गया, साथ ही चमत्कारों के पीछे छुपे विज्ञान जैसे बिना माचिस तेल के अग्नि प्रकट करना, सम्मोहन विद्या, शनि को लोटे में कैद करना आदि का प्रदर्शन कर चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या की गई। इस विज्ञान मेले में भारत वर्ष के जाने माने विषय विशेषज्ञों द्वारा बहुत ही रोचक व सरलता के साथ विज्ञान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीण युवा विकास मंडल के सचिव पूजा ने बताया कि केके राय द्वारा कठपुतली द्वारा संचार, एल.ई.डी.से संबंधित जानकारी संदीप चमत्कारों की वैज्ञानिक आधार पर व्याख्या जितेंद्र भटनागर, फन विद साईस दर्शन बावेजा, टेलिस्कोप पर अरुण कुमार, राजपाल पांचाल द्वारा खाद्य पदार्थो की वैज्ञानिक व सरल तरीके से जांच, विकेक, मुनीश द्वारा प्रदर्शन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मोरनी मण्डल भाजपा की मासिक बैठक सुखबीर सिंह मण्डल अध्यक्ष की अध्यक्षता में माता समलाशन के प्रांगण समलोठा में हुई

**मोरनी, 11 अक्टूबर (अरुण वर्मा ब्यूरो प्रमुख)** इस बैठक में पूर्व विधायक श्रीमती लतिका शर्मा भी प्रमुख रूप से उपस्थित हुई। उन्होंने सभी इलाकावासियों को नवरात्रे के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी और माता रानी से सबकी सुख समृद्धि के लिए कामना की । उन्होंने बताया कि माता रानी के दरबार में आकर उनकी सभी प्रकार की थकान दूर हो जाती है । उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब को सभी कार्य सच्चाई व ईमानदारी से करने चाहिएं तभी हम सही रास्ते पर चल के बुलंदियों के शिखर पर पहुंच सकते हैं । उन्होंने देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि मोदी जी मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में बीस वर्षों से लगातार सेवा कर रहे हैं जो कि उनकी लोकप्रियता को दशार्ती है ।

सामाजिक संस्था कोटाहा कल्याण परिषद के प्रधान ओम प्रकाश शर्मा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैडम लतिका शर्मा जी के अथक प्रयासों से आज माता के मंदिर तक पक्की सड़क पहुंच पाई जिससे मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। पहले नवरात्रों के दौरान लोगों को पीने के लिए और भंडारा तैयार करने के लिए पानी की बहुत दिक्कत आती थी परंतु मैडम लतिका शर्मा ने इस समस्या को भी दूर करवा दिया जिसके लिए समस्त कोटाहा कल्याण परिषद उनकी आभारी रहेगी। नवनियुक्त युवा मोर्चा व महिला मोर्चा पदाधिकारियों को पूर्व विधायक लतिका शर्मा ने मालाएं पहनाकर सम्मानित किय। मोरनी मण्डल से, परमजीत व गीत चंदेल महामंत्री, भुपेंद्र सिंह हथिया आई टी प्रमुख, मदन पाल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष, निशा ठाकुर महिला मोर्चा अध्यक्ष, महेंद्र सिंह युवा अध्यक्ष, कनक रेखा जिला सचिव, बलजीत राणा जिला किसान मोर्चा, माम चंद सरपंच, दीपा शर्मा सरपंच, उपेंद्र शर्मा सरपंच, मनफूल सरपंच, चरणजीत सिंह बीडीसी, करन सिंह बीडीसी , मनोज गोल्डी, हरदयाल सिंह, सरोज बाला, रत्न सिंह, चतर सिंह, कृष्ण कुमार लांबा पिंजौर, सुनीता रानी कालका आदि मौजूद रहे।

### बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला उपप्रधान बनने पर राजेश भारद्वाज ने जताया ओपी सिहाग जिला प्रधान का आभार

हरियाणा/चंडीगढ़,11अक्तूबर(वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख) - बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला उपप्रधान बनने पर राजेश भारद्वाज वरिष्ठ जेजेपी नेता महेंद्र शर्मा के साथ पार्टी कार्यालय में पहुंच ओपी सिहाग जिला प्रधान शहरी और बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के सी भारद्वाज का आभार जताया। राजेश भारद्वाज जिनको पार्टी द्वारा जिला पंचकूला का बुद्धिजीवी परकोष्ठ का उपप्रधान मनोनीत किया गया है। राजेश ने वरिष्ठ जजपा नेता महेंद्र शर्मा के साथ जजपा शहरी जिला प्रधान ओपी सिहाग के कार्यलय में आकर प्रधान शहरी ओपी सिहाग व बुद्धिजीवी परकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के सी भारद्वाज व पार्टी शीर्ष नेतृत्व का शुक्रिया अदा किया।


### सूचना

समाचार निर्देश समाचार पत्र में विज्ञापन, क्लासिफाइड ,डिस्प्ले छपवाने के लिए संपर्क करें 9896487187, 8950229220, 9814436555

### सूचना

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि समाचार निर्देश समाचार पत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए गए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**संपर्क सूत्रः 9896487187,8950220220**

### पाठकों हेतु आवश्यक सूचना

समाचार पत्र समाचार निर्देश मैं प्रकाशित विज्ञापनों डिस्प्ले क्लासिफाइड के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता पाठकों से अनुरोध है कि वह इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

# गोल्डन जुबली वर्ष में चार दिवसीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का कालीदास रंगशाला में हुआ शुभारम्भ

**करनाल ( सतीश कुमार) उपायुक्त** एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए परिषद वचनबद्ध है, इसके लिए धनराशि की आवश्यकता हो या भवन विस्तार और उसमें पुस्तकालय व प्रशिक्षण जैसी जरूरतें हों, जुटाते रहेंगे। उपायुक्त सोमवार को शहर की कालीदास रंगशाला में जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ अवसर पर प्रतिभागी बच्चों से मुखातिब थे। इससे पहले उन्होंने सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्जवलित कर विद्यादायिनी माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उनके साथ जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक भी थे। उपायुक्त ने गर्व से कहा कि हरियाणा में जितनी भी एक्टिव चाईल्ड वेल्फेयर काउंसिल हैं, करनाल उनमें से एक है। इसके लिए उन्होंने जिला बाल कल्याण अधिकारी और उनके पूरे स्टाफ की सराहना की। चार दिवसीय



प्रतियोगिता का आगाज करने के बाद उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं और इसके सफल आयोजन की बधाई दी और कहा कि वे जिला के साथ-साथ राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं में भी भाग लें और अव्वल रहकर पुरस्कार लें। उन्होंने कहा कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिलेगा, इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा।

बाल कल्याण परिषद का गोल्डन जुबली वर्ष- उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 1971 में राज्य बाल कल्याण परिषद का गठन हुआ था और वर्ष 2021 गोल्डन जुबली वर्ष है। इसी वर्ष देश में आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया जा रहा है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विकास को लेकर हर तरह के कार्यकलाप किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे एक अच्छा संयोग बताया। प्रतियोगिता का लिया राउण्ड- मंच से भाषण के बाद उपायुक्त निशांत कुमार यादव, कालीदास रंगशाला परिसर में ही स्कैचिंग ऑन द स्पोट प्रतियोगिता में व्यस्त, बच्चों के बीच गए, उनसे संवाद किया और उन द्वारा पोस्टर पर की जा रही स्कैचिंग को देखा। कालीदास रंगशाला में बनाए गए सांस्कृतिक मंच से स्कूली बच्चों के एक ग्रुप ने गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुती दी। इसमें बच्चों के एक्शन व संतुलन गजब का था, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके पश्चात एक अन्य ग्रुप की ओर से प्रतिभागी बच्चों ने ग्रुप डांस की मनमोहक प्रस्तुती दी। इसके पश्चात बाल भवन परिसर में बनाए गए एक अलग मंच पर प्रस्तुत किए जा रहे देश भक्ति गीत कार्यक्रम में उपायुक्त शामिल हुए। इसमें प्रतिभागी बच्चों ने मंच से, नदियां न पिएं कभी अपना जल, वृक्ष न खाएं अपना फल, अपना तन-मन देश को जो देदे दान, वही है सच्चा इंसान भावपूर्ण प्रस्तुती दी। बाल दिवस प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने उपायुक्त का स्वागत किया। प्रतियोगिता स्थल के प्रवेश पर छोटी-छोटी बच्चियों ने उपायुक्त को तिलक लगाया और बाल कल्याण अधिकारी ने तुलसी का एक पौधा भेंट किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाईटी के सचिव कुलबीर मलिक, नगर पार्षद मुकेश अरोड़ा और समाजसेवी कपिल अत्रेजा भी थे।

चार दिन रहेंगी प्रतियोगिताएं- इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं चार दिन तक रहेंगी। इसमें प्रतिभागी बच्चों के 40 ग्रुप व 17 आईटम होंगी। सभी में करीब 5 हजार प्रतिभागी बच्चे होंगे, जिनमें सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के पहली से बारहवीं तक के बच्चों के अतिरिक्त चाईल्ड केयर इंस्टीच्यूट के बच्चे भी शामिल हो रहे हैं।

## भाजपा ऐलनाबाद चुनाव जीतकर रचेगी इतिहास : रीना सैनी

**बाबैन(रवि कुमार) : ऐलनाबाद** उपचुनाव में भाजपा का उम्मीदवार जितने के बाद विपक्ष के मुंह पर अपने आप ताला लग जाएगा क्योंकि कांग्रेस और इनैलो केवल जनता को बहकाने का काम कर रही है लेकिन ऐलनाबाद उपचुनाव में भाजपा का प्रत्याशी जितने के बाद विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ भी बाकी नहीं रहेगा। उपरोक्त शब्द भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रीना सैनी ने बाबैन में अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में किसानों के धान की खरीद का एक एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ओर बिना किसी अड़चन के बगैर खरीदा जा रहा है लेकिन विपक्ष हर रोज झूठ बोलकर केवल सुर्खियां बटोरने का काम कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंनें कहा कि कांग्रेस व इनैलो पार्टी किसानों को तीन कृषि अध्यादेश के नाम पर गुमराह कर रही है लेकिन ऐलनाबाद हल्के की जनता इन बहकावे में आने वाली नही है इस बहकावे का परिणाम दो नवबर को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐलनाबाद हल्के की जनता ने भाजपा के पक्ष में वोट करने का मन बना लिया है और इस बार ऐलनाबाद हल्के में भाजपा सीट जीतकर इतिहास रचने का काम करेगी।

## सवाना सीडस के बीज लगाएं और अधिक पैदावार पाएं आलोक विश्वकर्मा

**करनाल(सतीश कुमार):** सवाना सीडस के कृषि विशेषज्ञ आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि धान की सीधी बिजाई करने से 30 प्रतिशत पानी की बचत होती है और पैदावार भी ज्यादा होती है उन्होंने कहा कि किसान खेती में आधुनिक तकनीक के साथ कम पानी का प्रयोग करके भी अच्छा उत्पादन ले सकते हैं वह रविवार को जिले के गांव बुधनपुर खालसा में आयोजित किसान गोष्ठी में किसानों को संबोधित कर रहे थे। सीडस कंपनी के कृषि विशेषज्ञ द्वारा किसानों को सवाना सीड की धान की किस्में सवा 127 सवा 134 सवा 7301 व सवा 7501



किस्मों की जानकारी दी गई। किसान गोष्टी की अध्यक्षता अलोक और राजिन्द्र द्वारा की गई किसानों को सम्बोधित करते हुए कृषि विशेषज्ञ अलोक विश्वकर्मा ने बताया कि किस प्रकार किसान 127 ,सवा 134 व सवा 7301 किस्मों का प्रयोग कर कम लागत में अधिक उत्पादन ले सकते है। उन्होने बताया कि धान की सीधी बिजाई करने से रोपाई की अपेक्षा लागत कम आती है और 30 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। उन्होने किसानों को बताया कि सीधी बिजाई करने से 8-10 दिन पहले फसल तैयार हो जाती है और पैदावार भी बराबर आती है। इस किसान गोष्ठी के दौरान धान की किस्म सवा 7301की खड़ी फसल दिखाई गई! जिसे किसानों ने खूब पसंद किया और उन्होने गेंहू की उन्नत किस्म सवा 1734 व सवा 2034 और सरसों की उन्नत किस्म एसएम 2042 के बारे में भी विस्तार से बताया और किसानो को किस्मों को प्रयोग करने की सलाह दी।

## सर छोटू राम स्कूल मंगौली जाटान में आयोजित किया गया दंगल

**बाबैन (रवि कुमार) : बाबैन के गांव** मंगौली जट्टान में स्थित सर छोटूराम हाई स्कूल में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के साथ-साथ पंजाब से पहुंचे पहलवानों ने भी अपना दखखम दिखाया। दंगल की शुरूआत समाज सेवी संदीप गर्ग लाडवा ने की और इस सफल आयोजन के लिए प्रशिक्षक कविता और स्कूल प्रबंधन समिति को सराहना की। इस दंल की अध्यक्षता मास्टर निरंजन सिंह दूहन ने की। संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी सोच है कि भविष्य में लाडवा व बाबैन के खिलाड़ी भी ओलंपिक जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में भागीदारी करें और इसलिए वह इस विधानसभा के



खिलाडि?ों को सुविधाएं व आर्थिक सहायता देते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अगर जनता ने उन्हें मौका दिया तो सबसे पहला काम मल्टीपल ेल स्टेडियम बनाने का किया जाएगा। जहां एक ही छत के नीचे खिलाडि?ों को सभी सुविधाएं मिल सकें। संदीप गर्ग ने खिलाडि?ों को आर्थिक सहायता भेंट की और स्कूल में वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार से रहे। बिल्लू पहलवान चंडीगढ़ ने 51 हजार की झंडी पर कब्जा कर पहला स्थान हासिल किया। पहलवान दूमछेड़ी ने द्वितीय ईनाम 31 हजार रूपए जीता। दीपू पहलवान ने तृतीय ईनाम 11 हजार का जीता। स्कूल की छात्राओं में हिमानी ने दंगल में प्रथम और दिशा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजकों की ओर से पगड़ी पहनाकर संदीप गर्ग का स्वागत किया गया। इस मौके पर कविता गुढ़ा, यशपाल कुमार, नरेन्द्र नैन, साहब सिंह, सुरेन्द्र मंगौली, अजैब सिंह, सलिन्द्र दुहन, कुलदीप दुहन, हाकम मंगोली, सतबीर मारा, जसमेर कसीथल, संदीप दूहन, नीरज दुहन, नरेश बुहावी, रविन्द्र दुहन, भरमजीत, राजबीर, हरपाल मंगौली सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## आज के दौर में महिलाओं को अपने पैरो पर खड़ा होने का पूरा हक : रेनूबाला गुप्ता



**करनाल (सतीश कुमार): आल** इंडिया वैश्य फेडरेशन की तरफ से आज करनाल के होटल ज्वेल्स में डैजेल्स 4 प्रदर्शनी आयोजित की गई। चेयरपर्सन आशा गोयल, राखी गर्ग सचिव, डा. निशा गुप्ता, एवं मोनिका गुप्ता कैशियर ने आए हुए मुख्याथियो का स्वागत किया। आज की प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि करनाल महापौर रेनू बाला गुप्ता , पार्षद मेघा भंडारी एवं अंजलि बंसल रहे। आज की प्रदर्शनी में हरियाणा, दिल्ली राजस्थान पंजाब गोवा महाराष्ट्र आदि से स्टाल आज की प्रदर्शनी में लगाए गए। आज के प्रदर्शनी की कामयाबी के लिए मेयर रेनू बाला गुप्ता ने आशा गोयल एवं पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि आज के दौर में महिलाओ को अपनों पैरो पर खड़ा होने का पूरा हक है। मुझे आज खुशी है की वैश्य समाज की महिलायें आज हर क्षेत्र में आगे है और आज की प्रदर्शनी इसका सीधा साधा उदाहरण है। आशा गोयल एवं शिवानी बंसल, एवं नीरू गोयल द्वारा आये हुए सभी मुख्य अतिथियों एवं वशिष्ठ अतिथियों का समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सभी स्टाल की बहुत ही भूरी भूरी प्रशंसा की। आज के इस मौके पर आशा गोयल, राखी गर्ग, डा. निशा गुप्ता, मोनिका गुप्ता, नीरू गोयल, मिनाक्षी मोदी, शिवानी बंसल, प्रीती गुप्ता, मधु गुप्ता, मंजू गुप्ता, सुनीता गुप्ता, अरुणा, अंजुषा, ममता मित्तल, निशा गोयल, मीनू तायल ,नीलिमा बंसल, कामिनी, मिनाक्षी गोयल आदि मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों से गोष्ठी का आयोजन

**करनाल(सतीश कुमार)** चीफ ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट एवम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करनाल सुश्री जसबीर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आजादी के 75 साल वर्ष के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों से एक मीटिंग का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 18 अक्टूबर को मेगा कैंप के बारे में अपने-अपने विभाग से जुड़ी जनहित योजनाएं



जो आमजन के हितों में हैं, से संबंधित एक प्रदर्शनी का आयोजन करें। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आम आदमी को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की लाभकारी स्कीमों के बारे में जागरूक किया जाएगा ताकि सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं का लाभ उठा सकें।

उन्होंने बताया कि 14 नवंबर तक चलने वाले इस जागरूकता आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी विभागों की भागीदारी आवश्यक है ताकि समाज के हर वर्ग को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की स्कीमों की बारे में अवगत किया जा सके और संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों की रक्षा की जा सके।

## इक तू सच्ची सरकार माँ झंडेवाली भजन पर झूमे श्रद्धालु, पंडाल में लगे जोरदार जयकारे

### 13 अक्तूबर अष्टमी के दिन 501 कंजकें बिठाकर की जाएगी पूजा-अर्चना, भंडारे का भी होगा आयोजन





**करनाल (सतीश कुमार): नवरात्रें** में करनाल में हर बार की तरह इस बार भी जगह-जगह मां की ज्योति का प्रकाश हो रहा है। माँ झंडेवाली सेवा समिति द्वारा भी लगभग पिछले 10 वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक नवरात्रें पर माँ झडेवाली की चौकियों का नियमित आयोजन किया जा रहा हैं। आज चौथे नवरात्रे पर माँ की ज्योति प्रचंड श्री राम एग्रो इंडिया के एमडी सतीश गुप्ता ने परिवार सहित मां के दरबार में हाजिरी भरी एवं विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मेयर रेनू बाला गुप्ता एवं पार्षद मेघा भंडारी ने पहुंच कर माँ झंडेवाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। मास्टर सलीम बच्चन ने अपने भजनों से ऐसा समां बांधा कि भक्तजन सभी मां के रंग में रंगे नजर आए। सेवा समिति करनाल में दूर-दूर से माँ झंडेवाली के भक्त माँ के दरबार में अपनी हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आ रहे हैं। इस बार दरबार की विशेषता यह है कि वहां पर माँ वैष्णों देवी का पिंडी दरबार आकर्षण का केंद्र है। जहां सबकी मुरादे पूरी होती हैं। इक तू सच्ची सरकार, चूडिया भी लाये, चौला भी लाए पहनो माँ दुर्गा भवानी आदि भजन पर पूरे पंडाल में लहराते मां के झंडे, मां झंडेवाली के जयकारे सबकी मुरादें पूरी करते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए माँ के सेवादारों ने कहा कि नवरात्रें पर प्रत्येक घर में मां की ज्योति का प्रकाश हो और मां के दरबार में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आ कर माँ झंडेवाली का आशीर्वाद प्राप्त कर अपना जीवन सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन चौकियों के उपरांत अष्टमी के दिन 13 अक्तूबर को 501 कंजकें बिठाई जाएंगी एवं भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों को माँ का स्मृति चिन्ह एवं प्रशाद देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर सेवादारों में जुगल बठला, कमल मुंजाल, नरेश गोयल, देवी दयाल, आनन्द शर्मा, सुशील विशम्भू, चन्द्रवीर भाटिया, विक्की टण्डन, अनिल शर्मा, गुलशन छाबड़ा, सुनील मदान, सुदर्शन कंसल, महेश गुलाटी, मोहित बत्र, ललित अरोड़ा, दिनेश, सिद्धार्थ उप्पल, अंशु ग्रोवर, भारत पसरीचा, जीत ग्रोवर, दीपक दयाल, सहित अनेक सेवादार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### इंद्री गढ़ी बीरबल रोड पर गांव राजेपुर के पास सुबह के समय की दर्दनाक हादसा, 2 की मौत 4 घायल

**समाचार निर्देश इन्द्री (विजय काम्बोज)**

**गढ़ी** बीरबल रोड पर गांव राजेपुर के पास सुबह के समय दर्दनाक हादसा हो गया है गांव चन्द्राव की एक फैक्ट्री के कर्मचारियों से भरी मिनी बस व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 4 लोग घायल हो गए हैं जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।मृतक एक करनाल का रहने वाला तथा दूसरा असंध का रहने वाला है` आपको बताते हैं कि मिनी बस सुबह के समय गांव चंद्राव लगी एक फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों को लेकर इंद्री से फैक्ट्री जा रही थी जैसे ही मिनी बस गांव राजेपुर के पास पहुंची तो सामने से आ रहे रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई जिसमें 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनमें दो कि हॉस्पिटल जाते हुए मौत हो गई चार घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है इंद्री थाना प्रभारी सचिन ने बताया कि आज सुबह के समय कर्मचारियों को ले जा रही है मिनी बस की राजेपुर गांव के पास ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हो गई जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई है` मृतक के नाम अनिल कुमार असंध का तथा प्रशांत करनाल जिले के रहने वाले हैं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जहां पर सभी घायलों को इंद्री हॉस्पिटल लाया गया जिनको उपचार के बाद करनाल रेफर कर दिया गया है जिनमें दो लोगों की मौत हुई है उनका पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके शव को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगो यह बहुत दर्दनाक हादसा है ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है

### एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में आयोजित पीटीएम बैठक में 980 अभिभावकों ने लिया हिस्सा

**समाचार निर्देश कनीना सुनील दीक्षित**

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 980 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। जो विद्यार्थियों के प्रति जिम्मेदारी एवं अध्यापक-अभिभावक बैठक के महत्व को दशार्ता है। अभिभावकों ने अपने बच्चों के भविष्य को लेकर विद्यालय प्रबंधन व सभी विषयाध्यापकों के साथ अध्ययन संबंधी समस्याओं के समाधान, खेलकूद व अन्य गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया। अभिभावकों ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। नई शिक्षा नीति व आधुनिक तकनीक से शिक्षा प्रदान करने के तरीकों को श्रेष्ठ बताया। सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों की दिनचर्या, उनके व्यवहार, समय-सारिणी, रुचि आदि से संबंधित पहलुओं से प्रबंधन व संबंधित अध्यापकों से परिचित करवाया और अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट लेने में रुचि दिखाई। विद्यालय निदेशक जगदेव यादव ने इस बैठक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्षेत्र के विद्यार्थी एवं अभिभावक सजग व जागरुक हैं। जो छात्र के भविष्य निर्माण में प्रबंधन व अध्यापकों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह बैठक शैक्षिक जानकारी के साथ-साथ विद्यार्थियो के व्यवहार, रुचि, सामर्थ्यता से संबंधित बातों के आदान-प्रदान के लिए आयोजित की जाती है। छात्र अभिभावक का विचार-विमर्श छात्र के जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। शिक्षण एक त्रिआयामी प्रक्रिया है। जिसमें अध्यापक, अभिभावक व विद्यार्थी शामिल हैं। बच्चे के शैक्षणिक विकास में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावक की भी अहम् भूमिका होती है। बैठक के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव, वरिष्ठ विभाग के मुखिया पूर्ण सिंह, कनिष्ठ विभाग के मुखिया नरेन्द्र यादव, शैक्षणिक विभाग के मुखिया सुनील यादव, सुरेन्द्र कुमार चौहान के अलावा अभिभावक एवं विद्यार्थी हाजिर थे।

### केसी यादव की स्मृति में सेमिनार आयोजित

**समाचार निर्देश कनीना सुनील दीक्षित-भारतीय** इतिहासकार प्रो.केसी यादव की स्मृति में उनके 85 वें जन्मदिन के अवसर पर सोमवार 11 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय, बिरोहड़, झज्जर, श्रीकृष्ण राजकीय महाविद्यालय कंवाली के इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक और इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.अमरदीप ने बताया कि प्रो. केसी यादव के व्यक्तित्व और कृतित्व की स्मृति में यह पहला मैमोरियल लेक्चर आयोजित किया गया। डॉ.कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रोफेसर यादव ने इतिहास में नये आयाम स्थापित किये। हरियाणा का वास्तविक इतिहास लिखने का श्रेय इन्हें ही जाता है। प्रोफेसर के सी यादव का जन्म 11 अक्टूबर 1936 को नाहड़ गांव में हुआ था।

### डिप्टी सीएम आज करेगें बागोत-स्याणा सडक मार्ग का शिलान्यास

**समाचार निर्देश कनीना सुनील दीक्षित-मंगलवार** 12 अक्टूबर को प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला बागोत से स्याणा सडक मार्ग का शिलान्यास करेगें। ये जानकारी इनसो महेंद्रगढ महिपाल नम्बरदार बागोत ने दी। उन्होंने बताया कि नारनौल में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता भिवानी महेंद्रगढ लोक सभा क्षेत्र के सांसद चौ.धर्मबीर सिंह करेगें। हलका विधायक सीताराम यादव भी हाजिर रहेगें।

### बिजली निगम की टीम ने 10 बिजली चोरों पर ठोका 2 लाख का जुर्माना

**समाचार निर्देश कनीना सुनील दीक्षित -बिजली** निगम की टीम ने सोमवार को कनीना में भडफ में छापेमारी कर लाखों रुपए की बिजली चोरी पकड़ी है। इस बारे में निगम के एसडीओ मनोज वशिष्ठ ने बताया कि टीम ने कनीना शहर में 4 तथा भडफ गांव में 6 घरों में बिजली चोरी पकड़ी है। उन्होंने बताया कि घरों का बिजली का लोड 19 किलोवाट बनता था जिसका चार्जिंग 2 लाख रुपए है। निगम के अधिकारियों ने बिजली चोरों पर दो लाख रुपए का जुमार्ना ठोका है। एसडीओ ने कहा कि बिजली चोरों के खिलाफ ये अभियान आगे भी जारी रहेगा। टीम में पोहप सिंह जेई, दिनेश कुमार एलएम, जसवंत सिंह एएलएम, देवेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार एचसी विजिलेंस शामिल थे।

### बालिका दिवस पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नसीब रहा प्रथम स्थान पर

**समाचार निर्देश 11 अक्टूबर कनीना सुनील दीक्षित:** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में निबंध, स्लोगन, रागनी, कविता लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रवक्ता रमन शास्त्री ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में नसीब ने प्रथम, स्लोगन में अन्नु प्रथम, रागनी में मंजू प्रथम, कविता लेखन में आरती ने प्रथम सथन हासिल किया।

## जिला स्तर पर दिये गये लक्ष्यों व कार्यों की समीक्षा करते हुए इस विषय बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिये




**समाचार निर्देश अम्बाला (ब्यूरो) जन** स्वास्थ्य एवं सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेन्द्र सिंह ने आज वीसी के माध्यम से जल शक्ति अभियान के तहत वर्षा के पानी का संरक्षण व संचय करने के दृष्टिगत उपायुक्तों से जिला स्तर पर दिये गये लक्ष्यों व कार्यों की समीक्षा करते हुए इस विषय बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।
अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेन्द्र सिंह ने वीसी के माध्यम से जल शक्ति अभियान के तहत जो लक्ष्य एवं कार्य दिए गये हैं उसकी प्रगति जानते हुए कार्यों से सम्बन्धित फोटो को अपलोड करने व रिपोर्ट को एक्सल सीट में तैयार हुए मुख्यालय भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत हमें बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए जो भी सम्बन्धित विभाग का लक्ष्य है वे उसे शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्षा के पानी का संरक्षण करना व व्यर्थ बहते पानी को रोकने के लिए हमें लोगों को भी जागरूक करना है। ऐसा कर-के हम पानी का संरक्षण कर सकते हैं। सीईओ जिला परिषद जगदीप ढांडा ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला अम्बाला में इस विषय को लेकर जो लक्ष्य दिया गया था उसे पूरा किया गया है। वीसी के दौरान जो दिशा-निर्देश मिले हैं उनकी अनुपालना के तहत कार्यों में तेजी लाई जायेगी।
वीसी को देखने और सुनने के उपरांत सीईओ जिला परिषद जगदीप ढांडा ने वन विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, हुडा विभाग, बिजली विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ इन विषयों को लेकर विस्तार से समीक्षा की और उन्हें कहा कि वे इन सभी विषयों में और तेजी लाएं ताकि वर्षा के पानी का संरक्षण किया जा सके। उन्होंने वाटर कनरवसेशन व रेन हारवेस्टिंग सिस्टम के तहत जो टारगेट सम्बन्धित विभाग को दिए गये हैं उसमें तेजी लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ उन्होंने रैनोवेशन ऑफ ट्रेडिशनल एंड वाटर बॉडिस एवं टैंक के तहत भी जो टारगेट है उनमें भी तेजी लाने बारे कहा। उन्होंने बोरवेल के पुनः उपयोग, वाटर शैड डिवल्पमैंट के साथ-साथ अन्य विभागों के जो टारगेट हैं उनकी भी समीक्षा करत हुए इनमें तेजी लाने के निर्देश दिये। सीईओ जिला परिषद ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि उनके विभाग को जल शक्ति अभियान के तहत जो भी टारगेट दिए गये हैं वे उन कार्यों की फोटो को अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे और साथ ही कार्यों की प्रगति रिपोर्ट एक्शल सीट में उनके कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि यह रिपोर्ट मुख्यालय को भिजवाई जा सके।

# अम्बाला शहर के सभागार में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

**समाचार निर्देश अंबाला (ब्यूरो) अंबाला** बाल कल्याण परिषद अम्बाला द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में आज पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं 11 अक्तूबर से 21 अक्तूबर तक जिला स्तर पर चलेंगी। प्रतियोगिताओं का आज मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता ने रिबन काटकर शुभारम्भ किया तथा कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पण कर की गई।
मुख्य अतिथि एवं अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए उनकी सराहना की और कहा कि कोरोना काल के काफी समय के बाद यानि डेढ साल के बाद ऑनलाईन प्रक्रिया के बाद अब ऑफलाईन इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए



टैंलेट की आवश्यकता होती है। हार-जीत तो चलती रहती है, आज प्रतियोगिताओं में जो बच्चे भाग ले रहे हैं वे इस प्रतियोगिता के तहत एंज्वाए करते हुए आगे बढें। प्राईज लेना ही प्रतियोगिता का उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि हमें अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढ?ा चाहिए। जो विद्यार्थी यदि पीछे रह जाते हैं तो वे निराश न हों बल्कि जो कमियां उनमें रह गई थी उसे दूर करते हुए आगे बढें। विद्यार्थी जिस भी फिल्ड में जाएं चाहे वह संगीत की हो, आर्ट की हो या अन्य हो, उसमें वे अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढें। उन्होंने कहा कि इन 10 दिनों में होने वाली प्रतियोगिताओं से प्रतिभागियों को काफी फायदा मिलेगा और जो प्रतिभागी यहां से आगे निकलेंगे वे स्टेट लेवल पर होने वाली प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे। उन्होंने एक बार फिर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगिताओं को बधाई देते हुए जीवन में आगे बढने के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। जिला बाल कल्याण अधिकारी शिवानी सूद ने अतिरिक्त उपायुक्त के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों को स्वागत करते हुए बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में 21 अक्तूबर तक प्रतियोगिताएं करवाई जायेंगी। जो बच्चे या टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय होंगे वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आज की प्रतियोगिता के तहत सोलो डांस, थाली पूजन व मोमबत्ती डैकोरोशन प्रतियोगिताएं रहेंगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को कक्षा व आयु अनुसार भिन्न-भिन्न चार वर्गों मे बांटा गया है जिसमें एकल व समूह नृत्य, दीया, मोमबत्ती व थाली पूजन, बैस्ट ड्रामेबाज, हिन्दी, अंग्रेजी हैंडराईटिंग, फैंसी ड्रैस, कार्ड व पोस्टर मेकिंग, एकल व पैट्रिओटिक समूह गीत, स्केचिंग, फन गेम, क्ले मॉडलिंग, क्वीज, रंगोली व डेक्लामेशन आदि प्रतियोगिताएं करवाई जायेंगी। उन्होने बताया कि इन प्रतियोगिताओं को करवाने का मुख्य मकसद बच्चों को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ मंच प्रदान करना व बच्चों का सर्वांगिण विकास करना है।
आज प्रतियोगिताओं में सोलो डांस में बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी को चकित करने का काम किया। बच्चों द्वारा जो प्रस्तुति दी गई, सभी ने उसकी तालियां बजाकर सराहना की। इसके साथ-साथ थाली पूजन व मोमबत्ती डैकोरेशन में भी विद्यार्थियों ने अच्छी कला दिखाई।
कार्यक्रम के दौरान प्राची वोहरा ने गणेश वंदना की बेहतर प्रस्तुति दी।
इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी शिवानी सूद, डीआईपीआरओ धर्मवीर सिंह, बाल कल्याण परिषद से अशोक कुमार, लाईफ मैम्बर राकेश मक्कड़, सुनील जैन, बुद्ध राम मद्ध, अरविंद सूरी, दीक्षा मक्कड़, के.के. शास्त्री, देवी प्रसाद के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कलायत की वार्ड 13 से सैनी बस्ती में अचानक से गिरी मकान की छत

**कलायत (सुमन भुक्कल) रविवार देर रात्रि कस्बा कलायत के वार्ड 13 सैनी** बस्ती में अचानक मकान की छत गिरने से 40 वर्षीय विधवा महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि पास सो रही उनकी लड़की को मामूली चोटे आई हैं। मकान की छत गिरने का पता लगते ही आसपास के दर्जनों लोग एकत्रित हो गए और मिट्टी के मलबे में से महिला और लड़की को बाहर निकाला गया। घायल महिला कलावती के बेटे दीपक ने बताया कि रविवार रात्रि करीब साढ़े 10 बजे उनकी माता कलावती व बहन पिंकी कमरे में सोए हुए थे तथा वह पास के कमरे में सोया हुआ था। अचानक



से जिस कमरे में उनकी मां और बहन सोई हुई थी उस कमरे की छत ढह गई। मकान गिरने का पता चलते ही आस पास के दर्जनों लोग मौके पर पहुंचे गए तथा लोगों की मदद से दोनो को मलबे को हटाकर बाहर निकाला गया।
उनकी बहन को तो थोड़ी चोटे आई हैं लेकिन उनकी माता को गंभीर चोटें आई हैं जिनका निजी अस्पताल से इलाज करवाया जा रहा है। मकान की छत गिरने से मकान में रखा हजारों रुपए का घरेलू सामान भी मलबे में दबकर खराब हो गया है।
बस्ती के लोगों ने की उचित मुआवजा दिए जाने की मांगः
सैनी बस्ती निवासी चंद्रपाल, कृष्ण, प्रवीण, रघुवीर, पप्पू, अनिल, रूपराम आदि ने बताया कि विधवा कलावती के परिवार के पास आजीविका का कोई अन्य साधन नहीं है। कलावती दिहाड़ी मजदूरी कर अपने बच्चों का पेट पाल रही थी। उन्होंने प्रशासन से मौके के मुआयना कर गरीब परिवार का मकान बनवाने के साथ साथ परिवार के गुजर बसर के लिए उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### कस्बे में मौजूद प्रॉपर्टी का नगरपालिका रिकॉर्ड से नहीं हो रहा मिलान

**समाचार निर्देश कलायत(सुमन भुक्कल) कस्बा** कलायत में रिहायशी व कमर्शियल प्रॉपर्टी का मिलान नगर पालिका रिकॉर्ड आईडी से नहीं होने पर स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर दिन दर्जनों लोग प्रॉपर्टी आईडी बनवाने और ठीक करवाने के लिए नगरपालिका कार्यालय पहुंच रहे हैं। मौजूद कर्मचारियों द्वारा प्रॉपर्टी आईडी का ठीकरा सर्वे करने वाली निजी एजेंसी पर फोड़ा जा रहा है और अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। प्रॉपर्टी आईडी बनवाने पहुंचे जसमेर सिंह, मेहर लाल, कपिल कुमार, राजेश कुमार, जयपाल सिंह व अन्य ने बताया कि वे लंबे समय से प्रॉपर्टी आईडी बनवाने और हाउस टैक्स जमा करवाने के लिए नगर पालिका कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी समस्या का कोई हल नहीं निकल रहा। कुछ लोगों ने बताया कि उनकी कस्बे में मौजूद प्रॉपर्टी आईडी का नगरपालिका रिकॉर्ड में कहीं जिक्र तक नहीं है जबकि दशकों पहले उन्होंने अपने मकान व बाड़े बनाए हुए हैं। अब उन्हें प्रॉपर्टी खरीदने और बेचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और नगर पालिका व राजस्व विभाग को भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से जल्द से जल्द कस्बे में प्रॉपर्टी आईडी का दोबारा सर्वे करवाए जाने की मांग की है।
त्रुटि ठीक करने के लिए सर्वे एजेंसी से किया गया है संपर्कः
नगरपालिका चेयरपर्सन शशि बाला कौशिक व नगरपालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि जिस कंपनी द्वारा कलायत का प्रॉपर्टी सर्वे किया गया था उसमें कुछ त्रुटियां रह गई हैं। त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए सर्वे एजेंसी अधिकारियों से संपर्क किया गया है। जब भी सर्वे कंपनी के कर्मचारी जो त्रुटियां रह गई हैं उनको ठीक करेंगे उनके साथ नगरपालिका कर्मचारी भी साथ होंगे। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी बनवाने बारे किसी को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी।

### युवाओं के अंदर वह हिम्मत वह जोश है जो कि देश की तस्वीर बदलने में सक्षम है, सोमबीर सांगवान

**समाचार निर्देश (नरेन्द्र राजपूत) युवाओं** के अंदर वो हिम्मत व जोश है जो कि देश की तस्वीर बदलने में सक्षम है। आज शिक्षा के साथ खेलों के जरिए भी युवा जिस प्रकार से अपनी प्रतिभा को दिखा रहे है वो हम सभी में उम्मीद की किरण जगाता है। हालांकि कुश्ती व कब्ड्डी जैसे खेलों में तो दादरी क्षेत्र के खिलाडी पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक नाम रोशन कर चुके है अब फुटबाल जैसे खेल के प्रति भी जागरूकता बहुत ही सुखद संकेत है। यह बात गांव चरखी के राजकीय विद्यालय परिसर में आज तीन दिवसीय बाबा ठाडे श्री अंडर 17 फुटबाल चैम्पियनशिप का शुभारंभ करवाते हुए दादरी विधायक सोमबीर सांगवान ने कही। इस दौरान उनहोने रिबन काट कर स्पर्धा को आरंभ करवाया। इस दौरान मौजिज ग्रामीणों व आयोजकों द्वारा उनका स्वागत फूल मालाओं के साथ किया गया। विधायक ने कहा कि खेल न सिर्फ युवाओं को शारीरिक रूप से तदरूत रखते है साथ में इनका नियमित अभ्यास मन को एकाग्रचित करने में भी सहयोगी है। खेलों के जरिए कही न कही युवा अपनी भावनाओं के भटकाव को भी काबू में रख सकते है, इसके साथ आपसी प्रेम व टीम वर्क सीखना भी उनके लिए अहम रहता है। पहले दिन अनेक रोमाचंक प्रतियोगिताए हुई। शुभारंभ मैच में चरखी फुटबाल सेंटर ने पैंतावास की टीम को 7-0 से हराया। पैंतावास कला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने राजकीय उच्च विद्यालय चरखी को 2-0 से मात दी। एस सी आर स्कूल ने आर ई डी के खिलाडियों को 3-0 से पराजित किया। तक्षशिला डोहकी ने ढाणी फौगाट को 6-0 से हराया। चरखी फुटबाल सेंटर ने डायमंड वैली को 6-0 से हराया। अंतिम मुकाबले में कन्हेटी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पैंतावास कलां को 1-0 से मात दी। इस अवसर पर सूरजपाल, महिपाल, राजेन्द्र, कृष्ण फौजी, रविन्द्र, महीपाल डाकिया, जयभगवान, हेमराज, अशोक, कोच विश्वजीत, सतपाल आदि थे।

### गुरु बिन घोर अंधेरा- रवित कुमार

**समाचार निर्देश करनाल (संजय भाटिया) गुरु रविदास मंदिर** पर झंडा चढाया जिसमे गुरू कमेटी समेत समाज के सेवादार ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और श्री गुरु रविदास जी महाराज के चरणों में अरदास करके भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया मंदिर कमेटी के प्रधान रवित कुमार ने बताया कि इस कलयुग में अगर जीवन को सार्थक और सुखमय बनाना है तो सिर्फ एक गुरु की शरण में जाना होगा क्योंकि गुरु के बिना मुक्ति नहीं है इस मौके पर खजांची विकास, लछ्मन दास,पाला राम, माम चंद,विकास कुमार, डॉ.मदन लाल, मुकेश,रामफल पवन कुमार, चंद्रमनी, प्रमीत भठ्ठी,रमित जास्ट,रमन जास्ट,सुनील कुमार, मेंबर संजीव समेत समाज के काफी लोग मौजूद रहे

### छात्रों के लिए इंटरैक्टिव सैशन का आयोजन

**समाचार निर्देश रादौर (अमन सिंगला) : ग्लोबल** इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल, वाइस चेयरमैन इंदू जिंदल व ट्रेजर साहिल जिंदल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज में आए नए छात्र छात्राओं के स्वागत व संस्थान के बारे में जानकारी देने के लिए किया गया। कार्यक्रम में हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक आरएस शर्मा प्रिंसिपल फामेर्सी पूजा अरोडा, शैक्षणिक निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल।

# झांसी की रानी प्रेरणा संगठन द्वारा मनाया गया बालिका दिवस प्रियंका प्रजापति

**समाचार निर्देश चरखी दादरी (नरेन्द्र राजपूत ) नगर की** स्वयंसेवी संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका दिवस मनाया गया देश में लड़कियों के लिये ज्यादा समर्थन और नये मौके देने के लिये इस उत्सव की शुरूआत की गयी। समाज में बालिका शिशु के द्वारा सभी असमानताओं का सामना करने के बारे में लोगों के बीच जागरुकता को बढ़ाने के लिये इसे मनाया जाता है। बालिका शिशु के साथ भेद-भाव एक बड़ी समस्या है जो कई क्षेत्रों में फैला है जैसे शिक्षा में असमानता, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सीय देख-रेख, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि। झांसी की रानी प्रेम




संगठन द्वारा इस दिवस को मनाने के लिए व लोगों को जागरूक करने के लिए स्थानीय रोज गार्डन से लेकर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तक जागरूकता रैली निकाली रैली के दौरान ग्रुप के सभी सदस्य हाथों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहां से लाओगे, बेटी हमारी पहचान आदि नारों के स्लोगन की पटिया लेकर वह नारे लगाते हुए नजर आए झांसी की रानी प्रेरणा संगठन की संयोजिका निर्मल उर्फ प्रियंका प्रजापत ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाने का उद्देश्य बालिकाओं को जागरूक करना है. अपने अधिकारों के लिए, अपनी सुरक्षा और बराबरी के लिए. जिससे वो आने वाली सभी चुनौतियों और परेशानियों का डटकर मुकाबला कर पाएं. यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लिंग-आधारित चुनौतियों को समाप्त करता है, जिसका सामना दुनिया भर में लड़कियां करती हैं, जिसमें बाल विवाह, उनके प्रति भेदभाव और हिंसा शामिल है. आज के कार्यक्रम की संयोजिका मोनिका, भारती ने कहा कि ये बहुत जरुरी है कि विभिन्न प्रकार के समाजिक भेदभाव और शोषण को समाज से पूरी तरह से हटाया जाये जिसका हर रोज लड़कियाँ अपने जीवन में सामना करती हैं। समाज में लड़कियों के अधिकारों की जरुरत के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये एक समान शिक्षा और मौलिक आजादी के बारे में संगठन द्वारा भी समय-समय पर अनेकों गतिविधियां की जाती हैं इस अवसर पर झांसी की रानी प्रेरणा संगठन के दिव्या , ज्योति,प्रीति ,एकता ,सवेता, सबीना, मोनिका ,भारती, अनामिका, सुनीता, ज्योति,आदि सदस्य उपस्थित थे

## भाजपा ऐलनाबाद चुनाव जीतकर रचेगी इतिहासः रीना

**समाचार निर्देश बाबैन (शर्मा) : ऐलनाबाद** उपचुनाव में भाजपा का उ मीदवार जितने के बाद विपक्ष के मुंह पर अपने आप ताला लग जाएगा क्योंकि कांग्रेस और इनैलो केवल जनता को बहकाने का काम कर रही है लेकिन ऐलनाबाद उपचुनाव में भाजपा का प्रत्याशी जितने के बाद विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ भी बाकी नहीं रहेगा। उपरोक्त शब्द भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रीना सैनी ने बाबैन में अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में किसानों के धान की खरीद का एक एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ओर बिना किसी अड़चन के बगैर खरीदा जा रहा है लेकिन विपक्ष हर रोज झूठ बोलकर केवल सुर्खियां बटोरने का काम कर रहा है। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि कांग्रेस व इनैलो पार्टी किसानों को तीन कृषि
अध्यादेश के नाम पर गुमराह कर रही है लेकिन ऐलनाबाद हल्के की जनता इन बहकावे में आने वाली नही है इस बहकावे का परिणाम दो नवबर को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐलनाबाद हल्के की जनता ने भाजपा के पक्ष में वोट करने का मन बना लिया है।

# क्रास रोड नम्बर एक से चार तक मार्गों पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया

**समाचार निर्देश अम्बाला (ब्यूरो) म्बाला** छावनी में बरसाती पानी की निकासी के लिये की जा रही व्यवस्था के तहत आज अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रशासक नगर परिषद सचिन गुप्ता ने क्रास रोड नम्बर एक से चार तक मार्गों पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। बरसाती पानी की निकासी के लिये डाली जा रही पाईप लाईन की गुणवत्ता, मेन होल और होदियों के निर्माण की व्यवस्था के साथ-साथ टूटे हुए कनैक्सन को दोबारा जोड? इत्यादि बारे भी अधिकारियों को निर्देश दिये



कि वे सम्बन्धित कार्यों को तुरंत प्रभाव से कार्यरूप में परिणत करें और यदि किसी प्रकार की लापरवाही करते हैं तो सम्बन्धित अधिकारी इसके लिये स्वंय जिम्मेदार होंगे। उन्होंने स्पष्टद किया कि बरसाती पानी की निकासी के लिये जो पाईप लाईन डालने सम्बन्धित व्यवस्था की जा रही है, इसमें सीवरेज के कनैक्शन नही दिये जाने चाहिए। सीवरेज के कनैक्शन सीवरेज होल में ही दिये जाएं। इस मौके पर उपस्थित चीफ इंजिनियर महिपाल सिंह ने लोगों से अपील की कि अम्बाला छावनी में बरसाती पानी की निकासी के लिये बेहतरीन व्यवस्था के तहत कार्य किया जा रहा है। इसलिये सभी सम्बन्धित लोगों से अपील की जाती है कि वे बरसाती पानी की निकासी के लिये डाली जा रही पाईप लाईन में सीवरेज का कनैक्शन नही डालें।

# चेयरमैन रणधीर गोलन ने अग्रवाल धर्मशाला के लिए की 40 लाख रुपए देने की घोषणा

**समाचार निर्देश (पुंडरी )नरेंद्र शर्मा पर्यटन** निगम के चेयरमैन एवं पूंडरी के विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि हम सभी को महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। महाराजा अग्रसेन समाजवाद में विश्वास रखते थे, वो चाहते थे की उनकी प्रजा में अमीर गरीब की खाई न हो तथा सभी एक समान हो। गोलन पूंडरी के एएस सीनियर सैकेंडरी स्कूल ( आर्य स्कूल) में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस मौके पर चेयरमैन रणधीर गोलन ने दीप प्रज्व्वल करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा मौके पर ही अग्रवाल समाज ने चेयरमैन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अग्रवाल समाज की तरफ से चेयरमैन रणधीर गोलन की धर्मपत्नी अनिता गोलन




को भी शॉल भेंट कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चेयरमैन हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड रामनिवास गर्ग व सुरेंद्र गर्ग दिल्ली उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल पंचायत अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डा. सुभाष बंसल ने की। कार्यक्रम का सफल आयोजन अग्रवाल युवा सभा द्वारा किया गया था। जिसमें युवा सभा के प्रधान अशोक गोयल अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। चेयरमैन एवं पूंडरी के विधायक रणधीर सिंह गोलन ने महाराजा अग्रसेन जयंती के समारोह शुभकामनाएं व बधाई दी। चेयरमैन ने जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल धर्मशाला के लिए 40 लाख रुपए देने की घोषणा की। अपने संबोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को 'एक ईट और एक रुपयाज का सिद्धांत दिया। इसके अनुसार नगर में आने वाले बाहरी परिवार को नगर के हर एक परिवार से एक ईंट और एक रुपया दिया जाए ताकि ईंट से वो घर बना लेंगे और रुपया से व्यापार करेंगे तथा इस तरह से सभी लोग खुशी और समृद्धि से रहेंगे। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का प्रणेता भी कहा जाता है। इनके शासनकाल में अग्रोद्य गणराज्य ने बहुत तरक्की की तथा इनके राज्य में लाखो व्यापारी रहते थे जो खुशहाली से अपना व्यापार करते थे। महाराजा अग्रसेन जी का जन्म भगवान राम के 34वीं पीढ़ी में द्वापर के अंतिम यानि कलयुग के प्रारंभ में आश्विन शुक्ल में हुआ था। वह प्रताप नगर के राजा वल्लभसेन व माता भगवती देवी के सबसे बड़े पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन को पशु व जानवरों से काफी लगाव था। लेकिन उनके समय में किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत से पहले व यज्ञ और हवन में पशुओं की बलि देने की प्रथा थी।
अग्रसेन जी ने पूजा पाठ व यज्ञ में जानवरों की बलि का विरोध किया और इसे बंद करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने राज्य में घोषणा करवा दिया कि अब कोई भी व्यक्ति जानवरों की बलि नहीं देगा और ना ही मास मच्छी का सेवन करेगा। कार्यक्रम में पहुंचने पर अग्रवाल युवा सभा के अध्यक्ष अशोक गोयल पूंडरी ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंटर कर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार कर सामान बरामद किया

**समाचार निर्देश कुरूक्षेत्र (रमेश अरोड़ा)**
**थाना** सदर पुलिस ने चोरी करने के आरोप में रवि पुत्र जयपाल वासी पीपली व अभिषेक पुत्र राजेंद्र वासी दीदार नगर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की । उप पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र ने बताया कि 31अगस्त को दोपहर के समय उनके सैक्टर 5के मकान से अज्ञात लोगों ने कमरे का ताला तोड़ कर उसमे रखी तीन हैम्बर मशीन चार घन दो गराईडर 14 मशीने बीट गैस सिलेंडर आदि समान चोरी कर ले गए । शिकायत दर्ज कराने पर थाना सदर ने मामला दर्ज कर जांच के लिए सैक्टर 5चौकी में भेजा । चौकी प्रभारी जीत सिंह ने मामले को गहनता से जांच करते हुए । रवि और अभिषेक को गिरफ्तार किया । और उनके पास से कुछ सामान बरामद किया ।आरोपियों को अदालत भेज दिया गया ।

### संदिगध परिस्थितियों में गायब हुए युवक का 15 दिन में नहीं लगा कोई सुराग

**समाचार निर्देश बाबैन (शर्मा) : बाबैन** खंड के गांव बीड़ मंगोली निवासी युवक सोनू कुमार जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष का अचानक संदिगध परिस्थितियों में गायब होने का मामला सामने आया है। युवक सोनू कुमार के पिता कर्मचंद ने जानकारी देते हुए बताया की सोनू जोकि पिछले कई दिन से मानसिक तनाव से ग्रस्त था और 24 सितंबर को बिना बताए ही घर से चला गया था उसके बाद घर वापिस लौट कर नहीं आया। परिजनों ने उसकी रिस्तेदारों व अन्य कई जगहों पर तलाश की लेकिन उसका अब तक कोई सुराग नहीं लगा जिसके कारण उसके परिजन बेहद परेशान है। कर्मचंद ने बताया कि उन्होंने बाबैन पुलिस स्टेशन में उसके लापता होने की शिकायत की है लेकिन अब तक उसके बारे में कोई सुराग नहीं लगा है।

### ईशा ने राज्य स्तर पर जीता रजत पदक

**समाचार निर्देश शाहाबाद मारकंडा, (नीरज सेठी): सिटी** हार्ट स्कूल की ईशा ने अंबाला में आयोजित 33वीं हरियाणा स्टेट सब जूनियर ब्वॉज एवं गर्ल्ज ताइकंवाडो चैम्पियनशिप 2021 में रजत पदक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए प्रबंधक समिति के प्रधान सतीश आहुजा ने बताया कि चैम्पियनशिप में अर्नव, प्रज्ञा, दीक्षा ने जिला स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि अंबाला डिस्ट्रीक ताइकंवाडो एसोसिएशन द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल पहुंचनें पर सतीश आहुजा, प्राचार्या चंचल आहुजा व स्टाफ सदस्यों सहित विद्यार्थियों ने ईशा का स्वागत किया।

### डीएलएसए के तत्वाधान में सक्षम युवा गांव-गांव जाकर जच्चा-बच्चा का कर रहे सर्वे

**समाचार निर्देश कुरुक्षेत्र (जरनैल रंगा ) जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण कुरूक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम दुष्यंत चौधरी के निदेर्शानुसार डीएलएसए द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बालिका दिवस के अवसर को मनाने के लिए सक्षम युवाओं द्वारा विभिन्न गांवों में नवजात बच्चियों का सर्वे कराया जा रहा है। इस दौरान नवजात बच्चियों, उनकी माताओं व परिवार के अन्य सदस्यों को पौधे देकर सम्मानित किया जा रहा है। इस सर्वे के दौरान परिजनों को लड़कियों के लिऐ सरकार द्वारा चलाई जा रही ।

# पीएम दक्ष योजना के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण: मुकुल



**समाचार निर्देश कुरुक्षेत्र (जरनैल रंगा) उपायुक्त** मुकुल कुमार ने कहा कि देश भर में रोजगार के अवसर को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जाते है। रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण भी प्रदान किए जाते है। जिसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जाती है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा दक्ष योजना को शुरू किया गया है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त मुकुल कुमार ने बातचीत करते हुए कहा कि इस योजना को प्रधानमंत्री दक्षता और कौशलता संपन्न हितग्राही योजना के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं सफाई कर्मचारियों के लक्षित समूह को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी पात्र लाभार्थियों को इस योजना के माध्यम से अप स्किलिंग/री स्किलिंग, अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम और उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाएगा। वे सभी प्रशिक्षु जिनकी उपस्थिति 80 फीसदी या फिर उससे अधिक होगी उन्हें 1000 से लेकर 3000 तक की राशि स्टाइपेंड एवं वेतन मुआवजे के रूप में प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न करने के बाद लाभार्थी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा उम्मीदवारों के मूल्यांकन एवं प्रमाणन के बाद प्लेसमेंट भी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पीएम दक्ष योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए आपको किसी भी सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। आप घर बैठे इस योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते है। आवेदन के पश्चात नजदीकी प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। सभी चिन्हित लाभार्थियों को पारदर्शिता के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पीएम दक्ष योजना का संचालन केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा किया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य लक्षित युवाओं को अल्पकालिक और दीर्घकालिक कौशल प्रदान करना है। जिससे कि उनके कौशल स्तर को बढ़ाया जा सके। इसके अलावा इस योजना के माध्यम से उनको स्वरोजगार में सहायता भी प्रदान की जाएगी। यह योजना कारीगरों के कौशल स्तर को अपस्किलिंग एवं रेस्किलिंग कार्यक्रम के माध्यम से बढ़ाया भी जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर के लाभार्थी अपने आय में वृद्धि कर सकते है। जिससे कि उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को आर्थिक खर्च की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह प्रशिक्षण उनको निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इस योजना के आवेदन करने वाला आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए, लाभार्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए, आवेदक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, सफाई कर्मचारी, अधिसूचित, धूमंतु, धूमंतू, अर्ध धुमंतु आदि से होना चाहिए, यदि आवेदक अन्य पिछड़े वर्ग से है तो आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम होनी चाहिए।

## योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने का काम करें कार्यकत्र्ता : जोगध्यान



**समाचार निर्देश बाबैन (शर्मा) जजपा** के लाडवा हलका प्रधान जोगध्यान ने कहा कि कार्यकत्र्ता किसी भी पार्टी की जान होते है और जजपा का प्रदेश में एक मजबुत संगठन बन चुका है, अब हर कार्यकत्र्ता को को यह संकल्प लेना है कि वो गठबंधन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को आम जन तक पहुंचाऐं और ताकि सभी को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। जोगध्यान लाडवा गांव कालीरोनों में आयोजित समारोह में शिरक्त करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बूथ स्तर पर कार्यकताओं को मजबूती के साथ अपना दायित्व निभाना है, ताकि प्रदेश सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमें विपक्षी दलों द्वारा सरकार की योजनाओं को लेकर किए जाने वाले दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देना है, इसलिए हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प लें।

उन्होंने कहा कि उपमु यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में गठबंधन सरकार हर क्षेत्र में सही कार्य कर रही है और उन्होंने सत्ता में आने से पहले जो वायदे जनता से किए थे उन सभी वायदों को पूरा करके अमलिजामा पहनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें हर कार्यकत्र्ता को पूरा मान स मान मिलता है इसलिए ही लोग जजपा में शामिल हो रहे हैं।

## रिपुसूदन सिंह गीता विद्या मंदिर स्कूल में हुआ दक्षता वर्ग का आयोजन



**समाचार निर्देश बाबैन (शर्मा) : रिपुसूदन** सिंह गीता विद्या मंदिर स्कूल बाबैन में दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। इस वर्ग में विद्यालय के वंदना प्रमुख, दक्षता वर्ग प्रमुख द्वारा दक्षता वर्ग में अपेक्षित बिंदुओ का सजीव अनुभव पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। इस दक्षता वर्ग में सभी ने योग, खेल, चर्चा, विषय की प्रस्तुति, कक्षा शिक्षण, समीक्षा, आचार्य परिवार के द्वारा बड़े ही रोचकता और स्वप्रेरणा के अनुशासन से सभी ने सीखा। इस वर्ग में प्रधानाचार्य पूनम सैनी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था किसी भी देश व समाज की उन्नति में महत्व पूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती द्वारा भारतीय जीवन मूल्य गुणवत्ता पूरक शिक्षा, भारतीय आदर्श एवं मानकों के अनुसार संस्कार पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## भक्त के वश में है भगवान: राजेश शर्मा



**समाचार निर्देश शाहाबाद मारकंडा, (नीरज सेठी): सत्य सनातन** धर्म सभा द्वारा एकता विहार कॉलोनी में बड़े पर्दे पर दिखाई जा रही रामायण में रविवार को बतौर मुख्यातिथि पहुंचे राजेश शर्मा ने कहा कि भगवान भक्त के वश में होते है।

बशर्ते भक्त की भक्ति में कोई लालच न हो। उन्होंने कहा कि शबरी के झूठे बेर खाकर भगवान श्री राम ने यह संदेश दिया कि अगर भक्ति सच्चे मन से की जाए तो भगवान को पाया जा सकता है। इससे पहले मुख्यतिथि राजेश शर्मा ने विधिवत्त रिबन काटकर कार्यक्रम का आरंभ करवाया। पूजा अर्चना पं. नरेंद्र सूदन ने करवाई। सत्य सनातन सभा द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभा के प्रधान सुरेंद्र वधवा, इंद्र मोहन शर्मा, लोकेश मल्होत्रा, राकेश अरोड़ा, कुलवंत शर्मा, वीरेंद्र वधावन, विजय शर्मा, नवदीप शर्मा,वीरेंद्र चंडोक, तेजेंद्र सिंह, कपिल शर्मा सहित सभा के सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित थे।

## वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के अवसर पर जागरुकता शिविर का किया आयोजन

**समाचार निर्देश(जरनैल रंगा ) जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण कुरूक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम दुष्यंत चौधरी के निदेर्शानुसार डीएलएसए द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कैम्प पैनल के अधिवक्ता अशोक कुमार और पीएलवी योगेश करनवाल द्वारा गांव खासपुर में आयोजित किया गया। उन्होंने कैंप के माध्यम से जानकारी दी कि मानसिक तनाव, चिंता और डिप्रेशन की वजह से दुनिया में बहुत सारे लोग सोशल स्टिग्मा, डिमेंशिया, हिस्टिरिया, एग्जाइटी, आत्महीनता जैसी कई तरह की दिक्कतों और मानसिक बीमारियों से जूझ रहे है। इन दिक्कतों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने और लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है।

## देश में बढ़ रही महंगाई ने जनता के लिए खडी की मुश्किलें : मेवा



**समाचार निर्देश बाबैन (शर्मा) : विधायक** मेवा ड्कूषसह ने कहा कि लगातार देश में बढ़ रही महंगाई ने जनता के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है और गैस सिलेंडर व पेट्रोल डीजल के दाम जिस तरह से आए दिन बढ़ते जा रहे हैं उसे गरीब परिवारों के लिए अपने परिवार का पालन पोषण मुश्किल हो गया है पेट्रोल डीजल के दाम 100 रुपए के आंकड़े को पार कर गए है लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है पहले करोना तो अब महंगाई ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। उपरोक्त शब्द लाडवा हलका विधायक मेवा ड्कूषसह ने बाबैन में कांग्रेस नेता संजीव भूखडी के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आज जनता में बढ़ती महंगाई के कारण बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में शामिल होने वाले नेताओं से साबित हो गया है कि आज प्रदेश के हितों की रक्षा करने वाली 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली कांग्रेस पार्टी ही है।

## बच्चे वातावरण को स्वच्छ रखने का लें प्रण: दुनी चंद



**समाचार निर्देश बाबैन (शर्मा) :जय** हिंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुढा में प्रिंसिपल दुनी चंद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम खुद स्वच्छ रहेंगे अपने आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखेंगे यह हमें प्रण लेना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ स्थान पर ईश्वर का वास होता है और वातावरण में सात्विकता बढ़ती है। उन्होंने बच्चों को सफ ाई के लिए प्रेरित करने हेतु नारा दिया। उन्होंने प्लास्टिक के प्रयोग के कुप्रभाव बता कर उसको न प्रयोग करने का संदेश दिया व स्वच्छता अभियान के इस अवसर पर विद्यालय में स्वच्छता से संबंधित कुछ कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## शिविर में 102 लोगों के आंखों को जांचा



**समाचार निर्देश शाहाबाद मारकंडा, (नीरज सेठी): आदेश** मैडिकल कॉलेज व अस्पताल की ओर से शुरू किए गए निःशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा शिविर के तहत पहले कैंप का आयोजन गांव धुराना के पंचायत घर में किया गया। यह जानकारी देते हुए अस्पताल के प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने बताया कि इस कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. प्रीति चोपड़ा की टीम ने 102 रोगियों की आंखों की जांच की। जिसमें से 14 रोगियों को आप्रेशन के लिए चयनित किया गया है जिनके आप्रेशन आदेश अस्पताल में किये जाएंगे। नेत्र रोगियों को अस्पताल की ओर से चश्में व दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की गई। प्रबंधक गुप्ता ने बताया कि इस निःशुल्क पखवाड़े के तहत शाहाबाद, अंबाला, कुरुक्षेत्र, बराड़ा, नलवी आदि गांवों में निःशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। दूसरा शिविर 14 अक्तूबर को बराड़ा में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में चश्में व दवाईयां निःशुल्क वितरित किये जाएंगे और सभी तरह के आंख रोगों का उपचार किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि जो लोग आप्रेशन के लिए चयनित किये जाएंगे उन रोगियों के आप्रेशन आदेश अस्पताल में नामात्र खर्चे दरों पर किये जाएंगे। प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने बताया कि इन कैंपों का लगाए जाने का निर्णय आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल ने लिया है ।

## खरीद एजेंसियों ने मंडियों व खरीद केंद्रों से की 3 लाख 12 हजार 916 मीट्रिक टन धान की खरीद: मुकुल

**समाचार निर्देश कुरुक्षेत्र (जरनैल रंगा )**
**उपायुक्त** मुकुल कुमार ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र की मंडियों व खरीद केन्द्रों में 10 अक्टूबर तक खरीद एजेंसियों ने 3 लाख 12 हजार 916 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें से फुड एंड सप्लाई ने 253210 एमटी, हैफेड ने 59498 एमटी और एफसीआई ने 208 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। अब तक खरीदी गई धान में से मंडियो से 131778 मीट्रिक टन धान का उठान कार्य पूरा कर लिया गया है। अहम पहलू यह है कि अब तक कुल 38093 किसानों की धान की फसल खरीदी जा चुकी है। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि जिले में खरीद केन्द्रों पर धान की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। खरीद केंद्रों पर किसान अपनी फसलों को निर्धारित शैडयूल के अनुसार लेकर पहुंच रहे है। जिला कुरुक्षेत्र के सभी मंडियों व खरीद केंद्रों से सभी एजेंसियों के खरीद कार्य व उठान कार्य से सम्बंधित रिपोर्ट डीएफएससी द्वारा एकत्रित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक की रिपोर्ट के आधार पर जिला कुरुक्षेत्र के अजराना कलां मंडी में 1336, बाबैन मंडी में 19572 एमटी, भौर सैयदां में 635 एमटी, चढुनी जाटान में 1554 एमटी, गुमथला गढु में 9749 एमटी, इस्माईलाबाद में 31060 एमटी, झांसा में 10009 एमटी, कुरुक्षेत्र मंडी में 60318 एमटी, लाडवा मंडी में 41243 एमटी, मलिकपुर मंडी में 1011 एमटी, नलवी मंडी में 2160 एमटी, पिपली मंडी में 24393 एमटी, पिहोवा मंडी में 39779 एमटी, शाहबाद मंडी में 59039 एमटी, ठोल मंडी में 9487 एमटी, थाना में 1571 एमटी धान की फसल खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया है। अब तक खरीदी गई कुल 312916 एमटी धान में से 131778 एमटी धान का उठान कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है, अगर कोई दिक्कत आती है तो उसे तुरंत दुरुस्त किया जा रहा है। सभी मंडियों में बारदाना पर्याप्त मात्रा में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 अक्टूबर 2021 तक जिला कुरुक्षेत्र की मंडियों व खरीद केन्द्रों से 3 लाख 12 हजार 916 मीट्रिक टन धान आवक हो चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों व एसडीएम को निर्देश दिए गए है।

## ग्रामीण खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं तक पहुंचाना लक्ष्य: संदीप



**समाचार निर्देश बाबैन (शर्मा) : गांव** मंगौली जाट्टान में स्थित सर छोटूराम हाई स्कूल में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के साथ-साथ पंजाब से पहुंचे पहलवानों ने पहुंचकर अपना दखखम दिखाया और उपस्थित दर्शकों नें दंगल का भरपुर आन्नद लिया। दंगल की शुभारंभ समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया और इस सफल आयोजन के लिए प्रशिक्षक कविता और स्कूल प्रबंधन समिति को सराहना की। संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी सोच है कि भविष्य में लाडवा व बाबैन क्षेत्र के खिलाड़ी भी ओलंपिक जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में भागीदारी करें और इसलिए वे इस विधानसभा क्षेत्र के खिलाडि?ों को सुविधाएं व आर्थिक सहायता देते आ रहे हैं और आगे भी उनका यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अगर जनता ने उन्हें मौका दिया तो सबसे पहला काम मल्टीपल खेल स्टेडियम बनवाने का किया जाएगा, जहां एक ही छत के नीचे खिलाडि?ों को सभी सुविधाएं मिल सकें और बेहत्तर सुविधाऐं मिलने पर खिलाडी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करके कामयाबी हासिल कर सकें। संदीप गर्ग ने खिलाडि?ों को आर्थिक सहायता भेंट की और स्कूल में वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार से रहे, जिसमें बिल्लू पहलवान चंडीगढ़ ने 51 हजार की झंडी पर कब्जा कर पहला स्थान हासिल किया। पहलवान दूमछेड़ी ने द्वितीय ईनाम 31 हजार रूपए जीता। दीपू पहलवान ने तृतीय ईनाम 11 हजार का जीता। स्कूल की छात्राओं में हिमानी ने दंगल में प्रथम और दिशा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजकों की ओर से पगड़ी पहनाकर व फुलमालाओं से संदीप गर्ग का जोरदार अभिन्नदन किया, इसके साथ ही ढोल नगाडों के आगाज ने दर्शकों का मन मोह लिया।

इस मौके पर कविता गुढ़ा, यशपाल कुमार, नरेन्द्र नैन, साहब सिंह, सुरेन्द्र मंगौली, अजैब सिंह, सलिन्द्र दुहन, कुलदीप दुहन, हाकम मंगौली, सतबीर मारा, जसमेर कसीथल, संदीप दूहन, नीरज दुहन, नरेश बुहावी, रविन्द्र दुहन, भरमजीत, राजबीर, हाक्क्म मंगौली, लेखराज, हरपाल मंगौली सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# प्रदेश में उर्दू भाषा पढ़ाने के लिए जल्द बनेगी योजना: मनोहर लाल

**पानीपत कमाल हुसैन हरियाणा के मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जो भाषा बहुलता में प्रयोग की जा रही है, उस भाषा को भविष्य में पढ़ाए जाने को लेकर योजना बनाई जाएगी। इससे उस क्षेत्रों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ सीधे संवाद के दौरान उर्दू भाषा के संदर्भ में की। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नसीम अहमद, मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल . अल्पसंख्यक मोर्चा पानीपत जिला अध्यक्ष रफाकत हसन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के नारे पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में हमें अमन-चैन और भाईचारे के साथ मिलकर रहना है। एक-दूसरे की मदद और उनके रीति-रिवाजों का सम्मान करेंगे, तभी



सभ्य समाज की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रही है। बहुत से लोग अल्पसंख्यक समाज को वोटबैंक की राजनीति के चलते जात-पात के नाम पर बहकाने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोगों के बहकावे में न आकर, समाज और देशहित में कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की अति पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष नजर है। ऐसे क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जाएगा।

तत्काल 5 कम्युनिटी सेंटर को दी मंजूरी अल्पसंख्यक मोर्चा की मांग पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में 5 कम्युनिटी सेंटर बनाने की घोषणा की। इसके लिए उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों को 5 स्थानों का चयन कर सूची देने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी गांव में विकास संबंधी समस्या के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर अपने गांव की गली, नाली व अन्य समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन तक पहुंचाया जा सकता है। सरकार अब इसी तर्ज पर नगर दर्शन पोर्टल भी तैयार करेगी, जो शहरी क्षेत्र की विकास संबंधी समस्याओं के लिए होगा।

## सीएम अत्योदय उत्थान योजना को लेकर कैंप का आयोजन आज

**समाचार निर्देश सफीदों (देवेन्द्र कुमार): सीएम** अत्योदय उत्थान योजना को लेकर एसडीएम आईएएस डा. आनंद कुमार शर्मा ने सोमवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद थे। एसडीएम ने बताया कि इस योजना को लेकर मंगलवार 12 अक्तुबर को नगर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त नरेश नरवाल शिरकत करेंगे। यह कैंप सुबह 11 बजे से सांय 4 बजे तक चलेगा और कैंप में जनता को योजना का लाभ दिया जाएगा।

# अजमेर में पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**पानीपत कमाल हुसैन अजमेर में पावर लिफ्टिंग** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का सचालन अमित भारद्वाज व कार्तिक सिंधु द्वारा किया गया। जिसमें पारीक द जिम के खिलाड़ी जलजअरोड़ा ने 75 भर वर्ग में 165 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया ।

कोच ऋषि पारीक ने बताया की उनके परसीक्षण के अंतर्गत जलज ने 4 4 घंटे कड़ा अभ्यास किया । ऐसे ही सभी युवाओं को खेलो में भाग लेना चाइए जिससे वो नशे से दूर रहेंगे और अपने देश और मां बाप का नाम रोशन




करेंगे जिम पहुंचने पर जिम के बाकी सभी खिलाड़ियों ने जीतकर आए खिलाड़ी का मान सम्मान किया। और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर रवि आदि उपस्थित रहे।

# पानीपत में तिआरा द क्राउन व स्प्लेंडर ग्रैंड द्वारा मिस और मिसेज इंडिया ग्रैंड फिनाले का आयोजित



**पानीपत (कमाल हुसैन) : पानीपत** में अंसल होटल में तिआरा द क्राउन व स्प्लेंडर ग्रैंड की तरफ से मिस और मिसेज इंडिया तीन दिवसीय ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। आयोजन में तीन कैटेगोरी में मिस इण्डिया, मिसेज इण्डिया, मिसेज क्लासिक इण्डिया के प्रतिभागी अपने प्रतिद्वंदियों के साथ मुकाबला किया। आयोजन के लिए पुरे भारत से चुनी गयी टॉप 23 महिलओं ने पानीपत में अपनी कला का प्रदर्शन किया।

मिस इण्डिया केटेगरी में करनाल की भव्या को विनर, रिया चोपड़ा को फर्स्ट रनरउप, मतलोडा से सृष्टि को सेकंड रनरउप का खिताब अपने नाम किया क मिसेज इण्डिया केटेगरी में पानीपत की हिमानी को विनर, करनाल की वाणिका को फर्स्ट रनरउप, पंजाब की गुँजन को सेकंड रनरउप का खिताब अपने नाम किया क मिसेज इण्डिया क्लासिक केटेगरी में मुम्बई की सोनी संधु को विनर, पानीपत की सरिता गुप्ता को फर्स्ट रनरउप, पानीपत की प्रियंका सक्सेना को सेकंड रनरउप का खिताब अपने नाम किया। मिस नार्थ इंडिया नेहा, मिसेज नोर्थ इंडिया रुबीना, मिसेज क्लासिक सुरेंदर कौर ने जीता। मिस हरियाणा वर्तिका, मिसेज हरियाणा स्वाति, मिसेज क्लासिक हरियाणा नीतू जैन, मिसेज क्लासिक दिल्ली नीतू अरोड़ा , मिस यु.पी दिव्या नायर, मिस पानीपत संजना, मिसेज पानीपत रेखा, मिसेज क्लासिक पानीपत रजनी, मॉडल ऑफ ईयर संचिता और मोस्ट एलिगेंट ब्यूटी विभा आर्य के नाम रहा क प्रियंका गाबा को मिसेज इंडिया ग्लोबल क्वीन, सपना सेतिया मिसेज इंडिया एलिगेंट, मिसेज रजनित कौर मिसेज इंडिया गॉर्जियस क्वीन, कीर्ति ढींगरा मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ हार्ट से सम्मानित किया गया। शो के प्रबंधन कार्य हेतु संदीप शर्मा का विशेष योगदान रहा क शो के प्रयोजक स्प्लेंडर ग्रैंड सेक्टर 19 लक्जरी रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट, एलिगेंट होम्स, रेणु सिंगला मेकओवर रहे। आयोजन का शुभ आरम्भ नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्य के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि स्प्लेंडर ग्रेंड से तेजेन्द्र सिंह, विकास बुक्कल ने महिलाओ का होंसला बढ़ाया। चहुमुर्खी विकास हेतु आयोजित इस शो ने सभी पानीपत शहर वालो का मन मोह लिया क निर्णायक मंडल की भूमिका पूनम यादव ने बखुभी निभाई, गरुमर नीरू बंसल, जसलीन सेठी के द्वारा रेम्प वाक ट्रेंनिंग दी गयी। रेणु सिंगला, नेहा चुघ, रेखा ,सुजाता सिंह कि टीम के द्वारा प्रतिभागियो का मेकअप किया गयाक एप्पल वेडिंग बाजार के द्वारा फैशन ड्रेस उप प्रस्तुत किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीएम सफीदों ने नई अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद का जायजा लिया

**समाचार निर्देश सफीदों (देवेन्द्र कुमार): सफीदों के एसडीएम** डा. आनंद कुमार शर्मा ने सोमवार को नगर की नई अनाज मंडी का दौरा करके वहां पर चल रहे धान खरीद कार्य का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ विभिन्न विभागों व एजेंसियों के अधिकारी मौजूद थे। अनाज मंडी में उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसल खरीद में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। फसल की नमी की मात्रा को नियमानुसार चेक कर खरीद करें, ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। एसडीएम ने किसानों से अनुरोध किया कि वे धान की फसल को मंडी में सुखा कर लाएं ताकि फसल की बिकवाली में कोई परेशानी पेश ना आए। किसानों और आढ़तियों को चाहिए कि वो पंखा व झरना लगाकर अपनी फसल बेचे और उसकी नमी भी सरकार के नियमानुसार होनी चाहिए। उन्होंने मार्किट कमेटी सचिव व संबंधित एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की धान को प्राथमिकता से खरीदना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसान अपने शेड्यूल के मुताबिक मंडी में धान लेकर आएं, ऐसा होने से धान खरीद का कार्य सुचारू रूप से हो सकेगा। उन्होंने बाकायदा नमी मापक मीटर के माध्यम से धान की नमी को भी जांचा। उन्होंने मार्किट कमेटी के सचिव को निर्देश दिए कि वे मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन से संबंधित जो भी समस्या हो, उसे शीघ्रतापूर्वक ठीक करवाएं। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए शेड्यूल बनाया गया है, ताकि किसानों को मंडी में गेट पास बनवाने में दिक्कत ना हो। जिन किसानों का अभी तक गेट पास नहीं बना है, तो वे अपने फोन से ही ई खरीद पर रजिस्ट्रेशन करवा लें। यदि किसी किसान को कोई दिक्कत है, तो वो मार्केट कमेटी के कार्यालय में जाकर अपनी फसल का रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। सारी फसल ई खरीद के माध्यम से ही खरीदी जाएगी। इस मौके पर मंडी एसोसिएशन के प्रधान पाला राम राठी, मार्किट कमेटी सचिव जगजीत सिंह कादियान व हरियाणा वेयरहाउस से सुमित कुमार मौजूद थे।

### सफीदों के युवा अमन जैन को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

**समाचार निर्देश सफीदों(देवेन्द्र कुमार): दिल्ली में आयोजित** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के व्यापारी शिखर सम्मेलन में सफीदों युवा अध्यक्ष अमन जैन को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। उनके इस सम्मान से सफीदों क्षेत्र के व्यापारियों में खुशी की लहर है। वहीं युवा नेता अमन जैन ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, प्रदेशाध्यक्ष गुलशन डंग व राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग का इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया है। अमन जैन ने कहा कि इस पुरस्कार ने उनके अंदर एक विशेष ऊर्जा के संचार का कार्य किया है। वे पहले से अधिक व्यापारी वर्ग की भलाई व उत्थान के लिए कार्य करेंगे। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन व्यापार व व्यापारी की भलाई के लिए कार्य करने वाला संगठन है तथा सदैव व्यापारियों की आवाज को उचित मंच पर उठाने का कार्य करता है। गौरतलब है कि इस शिखर सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन, विशिष्टातिथि भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल ने शिरकत की थी। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता।

# तहसील कैंप के एवं पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**पानीपत कमाल हुसैन तहसील कैंप के एवं पब्लिक** स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह के मुख्य अतिथि आर्य कॉलेज की बीएससी मेडिकल की छात्रा कमल रही विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हुकमचंद रहे समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार ने की इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य राकेश कुमार ने की छात्रा कमल को को सम्मानित किया गया प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम ईशा ने द्वितीय और यश ने




तृतीय स्थान प्राप्त प्राप्त किया जिन्हें मौके पर ही सम्मानित किया गया कमल कौर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विकास की दूरी है यदि समाज को गरीबी से निकालकर एक सुखी समाज की स्थापना करनी है तो छात्रों को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करनी होगी और शिक्षा प्राप्त करने की दृढ़ इच्छाशक्ति रखने वाले छात्रों के मार्ग में गरीबी कोई रुकावट नहीं है वह एवं साधन हीन परिवार में से संबंध रखती है उनके परिवार में 3 छात्राएं ही हैं और उनके पिता बीमार रहते हैं फिर भी उन्होंने कक्षा 5 में ही विज्ञान लेने का निर्णय कर लिया था और सादा जीवन जीते हुए कड़ी मेहनत की है और हमेशा लगभग 85% अंक प्राप्त किए हुकम चंद मेहता ने कहा भारतीय सभ्यता संस्कृति को विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति होने का गौरव प्राप्त है इस संस्कृति में गुरु को गोविंद की संज्ञा दी गई है गुरु एक सामान्य बालक को तराश कर महान मनो महामानव बना देता है

इसलिए सभी सरकारों स्वयंसेवी संस्थाओं और और नागरिकों को बच्चों को छोटी शिक्षा देने के सभी प्रयास करने चाहिए ताकि भाग को पुनः विश्वगुरु बनाना जा सके

## किसानों ने निजी स्कूल की बसों को गांव में नहीं घुसने दिया



**समाचार निर्देश सफीदों (देवेन्द्र कुमार): सफीदों** के एक निजी स्कूल संचालक द्वारा भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन करवाने का संयुक्त किसान मोर्चा सफीदों ने कड़ा विरोध किया था। इस विरोध के बाद सम्मेलन को आधा-अधूरा छोड़कर भाजपा नेताओं को वहां से निकलना पड़ा था। उसके बाद किसानों ने यह ऐलान किया था कि सोमवार को इस निजी स्कूल की किसी भी बस को गांवों में घुसने नहीं दिया जाएगा। ऐलान के मुताबिक सोमवार सुबह जैसे ही स्कूल की बसें गांवों में पहुंची तो कुछ गांवों के ग्रामीणों ने उन बसों को वहीं पर रोक लिया। ग्रामीणों ने बसों को रोककर उनके आगे सरकार व स्कूल संचालक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों द्वारा गांव खरकड़ा, बुढाखेड़ा व रामपुरा में बसों को रोकने के समाचार प्राप्त हुए है। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी मिन्नतों के बाद भी किसान नहीं माने तो पुलिस ने उन्हे बसों में बैठे बच्चों का हवाला दिया। तब जाकर किसानों ने बसों को गांव से जाने दिया। साथ ही किसानों ने चेतावनी दी कि भविष्य में स्कूल संचालक गांवों में अपनी बसों को ना भेजे। उसके कुछ देर बाद ही किसान नेता गगनदीन सिंह व मजूदर नेता राधेश्याम हाट के नेतृत्व में किसान जींद रोड पर स्थित निजी स्कूल के बाहर पहुंच गए। किसानों ने वहां पहुंचकर सरकार व स्कूल संचालक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ ही देर में सदर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसानों को समझाया-बुझाया। किसानों का कहना था कि स्कूल का काम बच्चों को शिक्षित करना होता है ना की राजनीति करना। इस स्कूल के मालिक ने इस स्कूल को शिक्षा के मंदिर की बजाए राजनीतिक अखाड़ा बनाकर रख दिया है। वे किसी भी सूरत में स्कूलों को राजनीति का अड्डा नहीं बनने देंगे। भविष्य में भी कोई स्कूल अपने प्रांगण में राजनीतिक कार्यक्रम करने की कोशिश ना करें। अगर ऐसा होगा तो उन स्कूलों का बहिष्कार किया जाएगा।

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा दिव्य एवं अलौकिक कार्यक्रम का आयोजित

**पानीपत (कमाल हुसैन) ब्रह्माकुमारीज** द्वारा सेक्टर-12 स्थित ओम शांति भवन में बहुत ही दिव्य एवं अलौकिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस बार पानीपत शहर के जितने भी हनुमान स्वरूप धारक आत्माएं व्रत पर बैठी हुई हैं उन सभी का बीके बहनों ने सम्मान किया इस अवसर पर जाल्लौर से आई हुई बीके ममता बहन ने परमात्मा शिव का सत्य परिचय दिया। और कहा कि भगवान शिव इस दुनिया के रचयिता हैं, वह श्रीराम के भी आराध्य है। जैसे हनुमान जी राम भक्त है ऐसे श्री रामजी शिव भक्त है। हमें भी सर्वोच्च शक्ति शिव



परमात्मा को सदा याद करना चाहिए हुड्डा सेंटर संचालिका सुनीता बहन ने बताया कि सच्चा-सच्चा दशहरा कैसे मनाना है। साथ ही साथ उन्होंने बुजुर्गों के सम्मान पर भी प्रकाश डाला और अंत में क्षमा योग भी कराया। इस कार्यक्रम में दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा मुख्य अतिथि रुप से पधारे। उन्होंने कहा कि ऐसा अनौखा सम्मान हमारा पहले कहीं नहीं हुआ।

## साइबर अपराध व फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से रहें सतर्कः पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार

**पुलिस** अधीक्षक शशांक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया तकनीक के इस युग में लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर अथवा मोबाइल से जुड़ा हुआ है। ऐसे में साइबर अपराधी भी अपराध करन के नये-नये तरीके अपना रहे हैं। जिसमें एक तरीका फर्जी कस्टमर केयर के माध्यम से लोगों के रुपए ठगना है। आम लोग किसी भी कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर पाने के लिये सर्च इंजन का सहारा लेते हैं। ऐसा करते समय कुछ सावधानियां बरतने की अत्यंत जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराधी किसी भी तरह की एक चूक की ताक में रहते हैं। इंटरनेट मीडिया के माध्यम फेसबुक और ट्विटर से लेकर गूगल तक ये अपराधी फेक कस्टमर केयर नम्बर डालकर अपना जाल फैकते हैं। किसी भी व्यक्ति द्वारा की गई जरा सी



गलती पर वह साइबर अपराधियों के जाल में फंस जाता है। साइबर अपराधी किसी बैंक, कंपनी या संस्था की वेबसाइट से मिलती जुलती वेबसाइट बनाने से लेकर सोशल साइटों व गूगल मैप आदि पर गलत नंबर डालकर देते हैं। जिस कारण लोग असल और फेक वेबसाइटों मे अंतर नही पहचान पाते और साईबर ठगी का शिकार हो जाते है।

निम्न बातों का रखें ध्यान :-

1. सर्च करते समय रिजल्ट में सबसे ऊपर दिखी वेबसाइट को ही सही ना माने, सबसे ऊपर के रिजल्ट के साथ यदि विज्ञापन लिखा दिख रहा है तो उस पर क्लिक करने से परहेज करें ।
2. यदि कोई सरकारी वेबसाइट है तो उसके अंत में जीओवी.आईएन या एनआईसी.आईएन जरूर होगा । ऐसा है तो वेबसाइट ठीक है।
3. कोई भी वेबसाइट खोले तो यह अवश्य जांच ले कि वह सिक्योर है या नहीं ।
4. गूगल मैप के रिजल्ट पर एकदम से कभी भी भरोसा नहीं करें। इसे कोई भी एडिट कर सकता है।
5. ट्विटर और फेसबुक पर ब्लूटिक जरूर चेक करें । अगर ये वैरिफायड है तो सुरक्षित है।
6. किसी तरह के लालच मे ना आए। आज के समय में साइबर अपराधी सस्ता लोन या प्रलोभन इत्यादि किसी भी तरह का ऑफर देने के बहाने लोगो के साथ ठगी कर रहे है।
7. अपने एटीएम कार्ड का नम्बर सीवीवी, कार्ड का पिन, नेट बैंकिंग का पासवर्ड व ओटीपी आदि शेयर ना करे ।

# लाडवा में बाईपास न होने के कारण शहरवासियों व लाडवा के गुजरने वाले लोगों को जाम के कारण हो रही भारी परेशानी

## एक तरफ धान का सीजन दूसरी तरफ भारी जाम व तीसरी तरफ अनाजमंडी में चार बड़े दफ्तर

**लाडवा (मानव गर्ग): शनिवार** व रविवार को लाडवा अनाजमंडी में धान की आवक पर अनाजमंडी की दोनों एसोसिएशन द्वारा रोक लगा दी गई थी। जिसके चलते रविवार शाम से ही लाडवा क्षेत्र के किसान अनाजमंडी में अपने धान लेकर पहुंचने शुरू हो गए थे। परंतु गेट बंद होने के कारण अनाजमंडी के चारों गेटों पर भारी जाम लग गया। जिसके कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन व न्यू ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार सांय एक सर्कुलर निकालकर सभी व्यापारियों को सूचित कर दिया गया था कि शनिवार व रविवार के दिन कोई भी व्यापारी अपनी दुकान पर किसी भी किसान की धान की कोई भी फसल नहीं मंगाई। जिसके चलते उठान का काम किया जाएगा। दोनों ही एसोसिएशन इस कार्य में सफल भी रही। परंतु रविवार शाम को ही अनाजमंडी के सभी गेटों के बाहर किसानों के वाहनों की भारी संख्या में भीड़ नजर लग गई और सोमवार सुबह से लेकर शाम तक अनाजमंडी में धान लेकर आए ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतारें नजर आई। किसान सूबे सिंह, जगतार सिंह, सुमन सिंह आदि ने बताया कि वह रविवार रात्रि को ही अपनी धान की फसल मंडी में उतारने के लिए ले आए थे। परंतु सोमवार सुबह तक भी उनका नंबर नहीं आया। पूरी रात उनको अपने



धान की फसल की रखवाली सडक पर खड़े होकर ही करनी पड़ी।

**लाडवा में जल्द बने बाईपास**

लाडवा क्षेत्र के लोग पवन बंसल, नाथी राम, हैप्पी जिन्दल, राजकुमार, सरवन सिंह, रक्षित बंसल, मनदीप, सुरेन्द्र, संदीप आदि ने कहा कि अब लाडवा शहर छोटा नहीं रहा है। सरकार को तुरंत लाडवा शहर के बाहर कोई बाईपास बनाना चाहिए ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो और भारी वाहन शहर से न होकर बाहर की ओर से ही यमुनानगर से दिल्ली की ओर चले जाएं और शहर में मुख्य मार्ग पर कोई जाम की स्थिति न बने। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द बाईपास बनाया जाए।

**लाडवा अनाजमंडी में पड़ते हैं चार बड़े दफ्तर**

लाडवा अनाजमंडी में ई-दिशा केन्द्र, डीएसपी कार्यालय, मार्किट कमेटी व भारतीय स्टेट बैंक की बड़ी ब्रांच है। परंतु जाम लगा होने के कारण लोग अपने कामों के लिए इन कार्यालय में पहुंच ही नहीं पाते। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहरवासियों ने अनाजमंडी को यहां से कहीं और स्थापित करने की मांग की है।

**विधानसभा में उठाया था बाईपास का मुद्दा: विधायक**

लाडवा विधायक मेवा सिंह ने कहा कि जिस समय हरियाणा में कांग्रेस सरकार का राज था तो तब उस समय लाडवा-करनाल मार्ग पर एक बाईपास निकालने की योजना ही नहीं बनाई गई थी। बल्कि जिन किसानों की जमीन थी उनके उनसे बात भी हो गई थी व उनके पैसे भी मंजूर कर दिये गए थे। परंतु सरकार बदलने के कारण वह सारा कार्य रुक गया और अब कई बार इस मुद्दे को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई जा चुकी है कि लाडवा में जल्द से जल्द बाईपास बने।

**सुबह 6 बजे से शाम के 6 बजे तक खुलेगी मंडी**

अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान बिमलेश गर्ग व न्यू ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान अवतार सिंह सेखों ने कहा कि अनाजमंडी के व्यापारियों व किसानों ने शनिवार व रविवार के दिन मंडी में धान की फसल न लाकर धान के उठान में काफी सहयोग किया है। अब दोनों ही एसोसिएशनों ने यह फैसला लिया है कि सुबह 6 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक अनाजमंडी में धान की फसल उतार सकेंगे व शाम 6 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक केवल लोडिंग का काम किया जाएगा।

## संत निश्चल सिंह के विद्यार्थियों ने कराटे प्रतियोगिता में परचम लहराया

**लाडवा (मानव गर्ग): लाडवा** के संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल के छात्रों ने नॉर्थ इंडिया कराटे प्रतियोगिता में तीन सिल्वर, तीन कांस्य पदक जीतकर अपने स्कूल का व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया।

स्कूल की प्राचार्या अमरजीत कौर संधू ने छात्रों का स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। यह प्रतियोगिता चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी पंजाब में आयोजित की गई। जिसमें आठ राज्यों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। खेल प्रशिक्षक



विकास भारद्वाज ने इसे छात्रों की कड़ी मेहनत का नतीजा बताया। स्कूल प्राचार्या ने खेल प्रशिक्षक विकास भारद्वाज व जगबीर सिंह की सराहना की व अविभावकों को बधाई दी। मैडल लाने वाले छात्र साहिल शर्मा (सिल्वर+काँस्य), लव्य भारद्वाज (काँस्य), आर्यन (सिल्वर) व वंश शर्मा (सिल्वर) रहे।

## डांडिया नाईट में कृष्ण भजनों व माता की भेटों पर झूमे भारत विकास परिषद् के सदस्य

### कौन कहता है..भगवान आते नहीं है....की धुन पर जमकर खेला डांडिया

**लाडवा (मानव गर्ग): भारत विकास** परिषद् की ओर से नवरात्रों के उपलक्ष्य में डांडिया नाईट का आयोजन रविवार रात को सत्यम एंक्लेव में दुर्गेश गोयल के निवास स्थान पर किया गया। इस नाईट में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सभी ने कृष्ण भजनों और माता की भेंटों पर जमकर डांडिया खेला और भक्ति की गंगा में डुबकी लगाई। जिसकी शुरूआत समाजसेवी संदीप गर्ग व खेमचंद गोयल ने की।

मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने कहा कि भारतीय त्योहार हमारे देश की सभ्यता, संस्कृति व परंपरा का महत्वकांशी गौरव हैं और अनेकता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने



कहा सभी को एक दूसरे के त्योहारों में शामिल होकर भाईचारे व राष्ट्रप्रेम का संदेश देना चाहिए। भजन सम्राट गौरव शान ने भजनों के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बना दिया। गौरव शान द्वारा प्रस्तुत भजन ....कौन कहता है..भगवान आते नहीं है....हम मीरा के जैसे..बुलाते नहीं है.. की धुन पर सभी मस्त हो गये और खूब नृत्य किया। वहीं भाविप के प्रधान कुंवर सिंघल ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और अलगे परिकल्पों के बारे में जानकारी दी। मंच का संचालन डा. अमृतपाल ने किया। मौके पर प्रधान कुंवर सिंघल, मुकेश गर्ग, हेमंत सैनी, सुमित गर्ग, डा. अमृत पाल, दुर्गेश गोयल, अमन गोयल, विनय गर्ग, सुमित सिंघल, दीपक, अनिल माटा आदि मौजूद थे।

## आज किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है: कर्म सिंह

**लाडवा(मानव गर्ग): भारतीय किसान** यूनियन चढूनी ग्रुप के कार्यकारिणी प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह मथाना ने कहा कि सरकार द्वारा जो धान की फसल को लेकर नियम व कानून बनाए गए हैं वह सभी गलत है। उन्होंने कहा कि आज किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह सोमवार को लाडवा के किसान विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज धान का सीजन पूरे यौवन पर चल रहा है। पहले ही सरकार ने धान की सरकारी खरीद समय से बहुत देरी से शुरू कर किसानों को काफी नुकसान पहुंचा दिया है। अब यदि खरीद हो रही है तो उसके बाद किसानों को कभी पोर्टल, कभी गेट पास तो कभी उठान जैसी दिक्कतों का



सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द से जल्द सभी समस्याओं को दुरुस्त करें वरना यूनियन के किसानों को सडकों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। मौके पर जिलाध्यक्ष कृष्ण कराल माजरा, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नवीन सूरा, राम, अनिल, राजेश, मोनू, उदय, शिवम, लक्ष्य, नवदीप, सौरव, अनुज, विनय, शंटी, शुभम, सिकन्दर, सूरज, जतिन आदि मौजूद थे।

## प्रथम दुर्गा पूजा समारोह के पांचवें दिन की आरती जजपा हल्का प्रधान जोगध्यान द्वारा की गई

**लाडवा(मानव गर्ग): लाडवा** के वार्ड न. 9 में जय मां भगवती दुर्गा युवा मंडल द्वारा आयोजित प्रथम दुर्गा पूजा समारोह के पांचवें दिन की आरती जननायक जनता पार्टी के हल्का प्रधान जोगध्यान द्वारा की गई। जजपा हल्का प्रधान जोगध्यान ने कहा कि इस समय नवरात्रे चल रहे हैं और सभी भक्त माता रानी के इन दिनों व्रत आदि भी रखते हैं। जो कि बहुत ही श्रद्धापूर्वक कार्य है। उन्होंने कहा कि मंडल द्वारा जो यह प्रथम दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन किया गया है वह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि



ऐसे आयोजनों से भक्ति भाव बढ़ता है। वहीं मंडल के सदस्य प्रिन्स ने बताया कि सात अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक मंडल द्वारा प्रथम दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 14 अक्तूबर को सुबह दस हवन यज्ञ व दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन व शाम पांच बजे मूर्ति विसर्जन की जाएगी।

## चिता में लकडी डालने पर युवक को बेरहमी से पिटा

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) :**

**गांव कैरखेडी** में मानवता के नाते जल रही चिता में लकडी डालना युवक को महंगा पड गया। चिता की देखभाल कर रहे लोगों ने युवक को लकडी डालने पर शमशन घाट में पिटा। किसी तरह उनकी चंगुल से छुट कर पडोसी के मकान में छुपा तो पीछा कर रहे लोगों ने मकान से बाहर निकाल कर फिर पीटा और जाति-सूचक गालियां दी। सदर थाना पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर नो लोगो के खिलाफ मारपीट करने तथा एसी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

गांव कैरखेडी निवासी अजय ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उनके पडोसी की मौत हो गई थी। जिस पर वह मानवता के नाते लकडी डालने के लिए शमशन घाट चला गया। जिस समय वह शमशन घाट पहुंचा तो चिता जल रही थी। वहां पर पोलू व सुरेंद्र मौजूद थे। उसने लकडी का छोटा सा टूकडा उठा कर चिता में डाल दिया। जिस पर पोलू व सुरेंद्र ने न केवल आपत्ति जताई बल्कि उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## भारत विकास परिषद की ओर से दो स्कूलों में 170 लड़कियों की करवाई गई हीमोग्लोबिन की जांच

**लाडवा (मानव गर्ग): भारत** विकास परिषद शाखा लाडवा की ओर से शहर के ओमप्रकाश गर्ग मेमोरियल पब्लिक स्कूल व यूनिक शिक्षा निकेतन में पढ? वाली कन्याओं की हिमोग्लोबिन जांच कराई गई। प्रकल्प प्रमुख पूनम सैनी ने बताया कि शहर के दो स्कूलों में लगभग 170 लड़कियों की हीमोग्लोबिन की जांच कराई गई।

जिन लड़कियों में हिमोग्लोबिन की कमी पाई गई, उन्हें हिमोग्लोबिन बढ़ाने के बारे में बताया गया कि किस प्रकार से हम अपनी खाद्य आदतों को बदल कर संतुलित आहार से अपना हिमोग्लोबिन पूरा कर सकते हैं। वहीं नवरात्रों के अन्तर्गत कन्या



पूजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया व छोटी-छोटी कन्याओं को फल वितरित किये गए। जिन बच्चों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई उन्हें गुड़ चना वितरित किया गया। मौके पर कुवंर सिंघल, बृजमोहन शर्मा, वंदना गर्ग, भावना गर्ग, रेणू सिंघल, वंदना गर्ग, प्रीति सिंघल, बबीता शर्मा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### फील्ड क्लर्क 27 को करेंगें शिक्षा सदन पर प्रदर्शन

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) : हरियाणा** एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के सुरेंद्र अहलावत, राजेश मोर ने बताया कि शिक्षा सदन की अफसशाही, मनमानी कर फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। जिससे शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ क र्मियों में शिक्षा सदन की कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष है। इसी के चलते फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मचारियों ने 27 अक्टूबर को शिक्षा सदन पर आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। जिला सचिव पवन भावड ने बताया कि वेतनमान की बात हो या पदोन्नति, मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मचारी लगातार पिछड़ता जा रहा है। शिक्षा विभाग में लगातार 31 वर्ष नौकरी करने के उपरांत भी पदोन्नति नहीं हो रही है। अन्य विभागों में पांच से सात वर्षों में पदोन्नति का अवसर मिल जाता है। शिक्षा विभाग फील्ड में 5250 लिपिक, 465 सहायक, 61 आंकड़ा सहायक, 90 उपाधीक्षक, 44 अधीक्षक के पद स्वीकृत हैं।

### फसलों के अवशेष जलाने की बजाय उनका उचित प्रबंधन करें किसान : डीसी

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) : डीसी** नरेश नरवाल ने किसानों से आह्वान किया कि वे फसलों के अवशेष किसी भी सूरत में न जलायें। किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। फसल अवशेष जलाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। इसके अत्यधिक नुकसान हैं, जिनसे बचने के लिए किसानों को पराली जलाना बंद करना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को खरीफ फसल के अवशेषों के उचित प्रबंधन की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। जो किसान फसलों के अवशेषों को जलाते हैं, वे पर्यावरण को तो दूषित करते ही हैं, साथ में अपनी भूमि की उर्वरा शक्ति को भी बेहद कमजोर कर देते हैं। उपजाऊपन कम होने से पैदावार भी कम होती है। साथ ही भूमि में किसानों के मित्र कीट भी खत्म होते हैं। फसल अवशेषों को जलाने से कोई लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए किसानों को फसलों के अवशेष नहीं जलाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण की जरूरत है। इसके लिए प्रत्येक को प्रशासन का पूर्ण सहयोग देना अनिवार्य है। एकजुटता के साथ हमें इस दिशा में प्रयास करने होंगे। इसमें किसान फसलों के अवशेष जलाने की बजाय उचित प्रबंधन करके बेहतरीन सहयोग दे सकते हैं। अवशेष जलाने से श्वास के रोगों के लिए भी अत्यधिक परेशानियां उत्पन्न होती है।

### शाहपुर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**समाचार निर्देश 11 अक्टूबर निसिंग ( राजेन्द्र कुमार )** गांव शाहपुर में आज नोडल अधिकारी डॉ कर्मबीर गिरि की अध्यक्षता में व विनीत पंचायत सेक्रेटरी की अगुवाई में शाहपुर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर गांव की फिरनी तालाब सचिवालय और गलियां की सफाई का केंद्र रहा डॉक्टर कर्मवीर गिरी ने कहा जहां तक हो सके गली तालाब और सड़क पर जो लोग कुड़ा डालते हैं वह लोग इनको कहीं दूर अपने खेत में कूड़े को इकट्ठा करें जिससे कि किसान को कंपोस्ट खाद भी तैयार हो जाएगी।

## जींद में स्थापित होगी फ्लोरसिस लैब

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) : जिला** मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में फ्लोरसिस लैब स्थापित की जाएगी। इस लैब के लिए सरकार द्वारा बजट जारी कर दिया गया है। बजट उपलब्ध होते ही स्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल में फ्लोरसिस लैब स्थापित करने की तैयारी कर ली है। फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा होने के चलते सरकार ने पिछले दिनों प्रदेश के तीन जिलों के साथ जींद को एनपीपीसीएफ (नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ फ्लोरोसिस) में शामिल किया गया है और पानी की जांच के लिए लैब स्थापित करने का निर्णय लिया था। योजना पूरी होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय की तरफ से जींद जिले के नागरिक अस्पताल में लैब स्थापित करने के लिए चार लाख रुपये का बजट जारी कर दिया है। फ्लोराइड की मांत्रा अधिक होने के चलते हो सकता है कैंसर रोग भी जिस पेयजल में फ्लोराइड की 1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर है। उसे ही सही माना जाता हैं लेकिन जींद जिले में घरों में प्रयोग होने वाले पानी में फ्लोराइड की मात्रा 31.85 मिलीग्राम प्रति लीटर है। पानी में ज्यादा फ्लोराइड की मात्रा होने के चलते जींद जिले के लोग गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। 31 गांवों ऐसे हैं जिनके पानी में फ्लोराइड की मात्रा प्रति लीटर मानकों से काफी ज्यादा है। जिले में सबसे ज्यादा गंभीर हालात अलेवा ब्लॉक की है। जहां पर 31.85 मिलीग्राम प्रति लीटर है। इसके अलावा नरवाना, उचाना, सफीदों में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा होने के कारण काला पीलिया, कैंसर, पीले दांत, जोड़ों व घुटनों के दर्द के मरीज सबसे ज्यादा हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में तीन साल में करीब 50 हजार मरीज काला पीलिया के सामने आ चुके हैं। इसके अलावा जींद शहर के आसपास के एरिया में कैंसर के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कई गांवों की हालात तो ऐसी है कि कैंसर से प्रति वर्ष से पांच से छह लोगों की मौत हो रही है।

जिला मुख्यालय पर बनाई जाएगी लैब : डा. रमेश पांचाल एनपीपीसीएफ जिला कंसल्टेंट डा. रमेश पांचाल ने बताया जिला मुख्यालय पर बनाई जाने वाली इस लैब में पानी की जांच के साथ पेशाब की भी जांच की जाएगी। प्रत्येक गांव के पानी की जांच के बाद पूरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी और इसको सरकार के पास भेजा जाएगा।

पेयजल की इस बढ़ती समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जींद जिले को एनपीपीसीएफ कार्यक्रम में शामिल किया गया है। दो माह पहले मुख्यालय के आदेश पर जिला मुख्यालय पर कमेटी का गठन किया गया था। इसका नोडल अधिकारी डा. नीतू को बनाया गया है जबकि वे जिला कन्सल्टेंट के तौर पर कार्य करेंगे।

## कोई भी व्यक्ति ग्राम दर्शन पोर्टल पर करवा सकेगा शिकायत दर्ज: नरवाल

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) :**

**उपायुक्त** नरेश नरवाल ने कहा कि ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकेंगे। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल ग्रामीणदर्शनहरियाणा.जीओवी.इन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। उपायुक्त ने बताया कि इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिये गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जायेगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है। डीसी नरेश नरवाल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति ग्राम दर्शन पोर्टल।

# शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं इनका सम्मान करना जरूरी: सहदेव सिंह

**समाचार निर्देश घरौंडा: प्रवीण कौशिक**

**पहला** कदम फाउंडेशन द्वारा शिक्षा में श्रेष्ठ कार्य करने वाले 51 शिक्षकों को मोतीलाल स्कूल जींद में सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार में अवर सचिव डॉक्टर सह देव सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यू एन ए सी सी सी के चेयरमैन व प्रो वाइस चांसलर डॉ रजत शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डॉक्टर सहदेव सिंह ने सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए बताया कि शिक्षक का पद सबसे गरिमा में होता है इसलिए शिक्षक का सम्मान सर्वोपरि है। एक शिक्षक ही समाज को सही दिशा की ओर अग्रसर कर सकता है। उन्होंने पहला कदम फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया कि जिसने हरियाणा राज्य में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम किया। इस प्रकार की नेक सोच रखना अपने आप में



मायने रखती हैं। इस प्रकार के सम्मान से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ रजत शर्मा ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी वह जीवन में आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया कि गुरु का दर्जा सबसे ऊपर होता है। पहला कदम फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया व पहला कदम फाउंडेशन द्वारा गत 4 वर्षों में करवाए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शिक्षक हैं हम शिक्षा की तस्वीर बदल देंगे, भारत के नन्हे-मुन्ने की तकदीर बदल देंगे अपने इस संबोधन के साथ सभी शिक्षकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि पहला कदम फाउंडेशन समय-समय पर शिक्षकों व बच्चों को प्रेरित करने का कार्य करता है ।पहला कदम फाउंडेशन द्वारा यह चौथा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करवाया गया। पहला कदम फाउंडेशन के फाउंडर व राष्ट्रीय संरक्षक रमेश चंद्र शर्मा ने सभी शिक्षकों, संस्था सदस्यों, मुख्य अतिथियों व इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रयासरत पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि यह जज्बे और जुनून का परिणाम है कि एक स्थान पर इस प्रकार से श्रेष्ठ शिक्षकों को एकत्रित करना व उनको सम्मानित करवाना बड़े गर्व की बात है।

मंच का संचालन राष्ट्रीय युवा अवॉर्डी सुभाष ढिगाना द्वारा किया गया ।प्राचार्य रविंद्र कुमार द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया ।संस्था द्वारा गेस्ट ऑफ ऑनर से डॉक्टर कामिनी शर्मा, डॉक्टर सौरभ जैन, संजीव वर्मा, सुनील मल्हार, ईश्वर आसरी , डॉ राजेश तजारा , ओम प्रकाश चौहान, शिव नारायण शर्मा, एडवोकेट विजय शर्मा, एडवोकेट मनोज कुमार, रमेश चंद्र शर्मा, अशोक वशिष्ठ ,डॉ नरेश वर्मा,रमेश कलाकार ,बलजीत पूनिया आदि को सम्मानित किया।

## सीता स्वयंवर में श्री राम ने तोड़ा शिव धनुष, सीता ने श्री राम को पहनाई वरमाला

**समाचार निर्देश ब्यूरो, ओढां, (जसपाल सिंह)**

**श्री दुर्गा** नाटक क्लब ओढ़ा के चौथी रात्रि के मंच पर सीता स्वयंवर का सुंदर दृश्य मंचित किया गया। रविवार की रात को रामलीला का शुभारंभ समाजसेवी दर्शना महंत के बेटे बग्गा सिंह ने रिबन काटकर किया और सभी कलाकारों को अपना आशीर्वाद दिया। राजा जनक के दरबार में सीता स्वयंवर के लिए राजाओं का आना, शिव धनुष को तोड़ने में विफल रहना, दरबार में लंकापति रावण का आगमन और धनुष उठाने का दावा करना, इसी दौरान आकाशवाणी होना कि लंका में आग लग गई, जिसके बाद रावण का वापस जाना और सीता को एक बार लंका दिखाने की प्रतिज्ञा लेना, राजाओं की हालत देखकर राजा जनक का धरती को क्षत्रिय विहीन बताना और लक्ष्मण का आवेश में आकर कहना कि वे धनुष तीर की तरह उठा कर फेंक सकते हैं, लेकिन उनके बड़े भाई यहां पर मौजूद है। बाद में श्री राम उन्हें शांत करते हैं और अपने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते हैं। तत्पश्चात सीता स्टेज पर आकर श्री राम को वरमाला पहनाती है। चारो और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच श्री राम भी सीता को माला पहनाते हैं।

## सुपर ओवर में मीडिया कल्ब करनाल की शानदार जीत

**समाचार निर्देश करनाल (संजय भाटिया)**

**पानीपत** रिफाइनरी क्रिकेट ग्राउण्ड मे खेले गये रोमांचकारी क्रिकेट मैच में मीडिया कल्ब करनाल की टीम ने सुपर ओवर मे पानीपत रिफाइनरी क्रिकेट कल्ब की टीम पर ऐतिहासिक जीत हासिल की। पानीपत रिफाइनरी क्रिकेट कल्ब की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया रिफाइनरी टीम के बल्लेबाजों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर शानदार 177 रनों का विशाल स्कोर खडा किया।
मीडिया कल्ब करनाल के बल्लेबाजों ने भी रिफाइनरी की टीम के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाये जिससे मैच टाई हो गया। उसके बाद खेले गए सुपर ओवर में भी दोनों टीमों ने 8-8 रन बनाए मगर बेहतर रन औसत के कारण मीडिया कल्ब को मैच का विजेता घोषित किया गया।



मीडिया कल्ब की और से संजय ने धुआंधार बल्लेबाजी करते 8 चौकों व 3 छक्कों की बदौलत केवल 39 गेंदों पर शानदार 69 रन और हरजीत वर्मा ने 7 चोकों व 2 छक्के मारते हुए 47 गेदों को खेलते हुए 58 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। रिफाइनरी कल्ब की और से विशाल जीरथ ने 48 रन बनाने में सफलता हासिल की।
बेहतर गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए मीडिया कल्ब के गेंदबाज मनोज ने 2 एवं नवीन पुनिया ने 1 और रिफाइनरी कल्ब की और से देवेंद्र कुमार ने मीडिया कल्ब के 2 खिलाड़ियों को आउट किया।
अ३ड्रूॅल्ल३२ ेर्१

# मुनक थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग के साथ दो युवकों ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों का घरौंडा अस्पताल में मेडिकल करवाने पहुंची पुलिस

**समाचार निर्देश घरौंडा : प्रवीण कौशिक**

**मुनक** थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग दो युवकों ने अपनी हवस का शिकार बनाया। नाबालिग घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। जिसे दो दिन बाद निसिंग थाना क्षेत्र से बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल करवाया और माननीय न्यायालय में पेश किया। माननीय न्यायालय में दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।



मुनक थाना क्षेत्र के एक गांव से छह/सात अक्तूबर की दरमियानी रात नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने आस पास के एरिया में युवती की तलाश शुरू की लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लगा। बाद में आठ अक्तूबर को परिजनों ने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस की टीमें नाबालिग की खोजबीन में लगी रही। पुलिस ने नौ अक्तूबर को निसिंग थाना क्षेत्र में एक कमरे से नाबालिग को बरामद कर लिया। नाबालिग डरी सहमी थी। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की तो दुष्कर्म का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक, दो युवकों के नाम सामने आए। पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल करवाया। रेप की पुष्टि होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। दोनों आरोपियों की उम्र 27 से 28 वर्ष बताई जा रही है। इन दोनों आरोपियों का पुलिस ने सोमवार को घरौंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल करवाया। मुनक थाना प्रभारी जगदीश ने बताया कि युवकों ने रात के समय नाबालिग को जबरन उठाया और बाइक पर बैठकार उसे ले गए थ। जिसे नौ अक्तूबर को पुलिस ने बरामद कर लिया था। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## हुड्डा के साथ मिल कर चुनाव जीतेंगे ऐलनाबाद में - बंसल

**समाचार निर्देश करनाल (संजयभाटिया),कांग्रेस** के राष्ट्रीय प्रभारी विवेक बंसल ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ मिल कर निश्चित ही एलनावाद का विधानसभा उप चुनाव जीतेंगे ।कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ रहा है ।आने बाले दिनों में केंद्र और राज्यों में कांग्रेस चुनाव जीतेगी। विवेक बंसल आज करनाल हवाई पट्टी पर विशेष विमान से पहुंचे ।वहां पर उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी सिरसा के लिये रवाना हुए ।यहां विवेक बंसल का स्वागत जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया ।इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश काम्बोज,,कमल मान,हरी राम साभा , कृष्ण बसताड़ा, रणपाल सन्धु,पंकज पूनिया,धर्मपाल कौशिक,नैन पाल राणा,रमेश सैनी,जोगेंद्र चौहान,सुरेंद्र काल खा, पप्पू लाठर एमसी ,एमएस महेंद्रू,दीपक पण्डित,विरेंद्र लाबरा, अनिल शर्मा,सुरजीत सैनी,सुनेहरा वाल्मीकि, गगन मेहता, एडवोकेट निपेन्द्र मान आदि उपस्थित थे।

## खुशियों की दीवार व रेडक्रॉस द्वारा लघु सचिवालय में घर-घर तुलसी अभियान की शुरूआत की गई

**समाचार जगदीश नरेन्द्र राजपूत, चरखी दादरी**

**खुशियों** की दीवार फाउंडेशन द्वारा लघु सचिवालय में घर-घर तुलसी अभियान की शुरूआत की गई। उपायुक्त प्रदीप गोदारा द्वारा तुलसी वितरण करके अभियान का शुभारंभ करवाय गया। उन्होंने कहा कि तुलसी न सिर्फ औषधीय पौधा है साथ में इसे देवताओं का निवास स्थान भी हिंदू धर्म में कहा गया है। इसे गुणों की खान कहा जाए तो कम नहीं होगा। वर्तमान में तो



चिकित्सक तक भी स्वीकार कर चुके है कि तुलसी का नियमित उपयोग अनेक तरह की बीमारियों को दूर करने में सहायक है। इसकी उपस्थिति मात्र से वातावरण के अनेक कीटाणुओं का नाश हो जाता है। इसे लेकर अधिक से अधिक जागरूकता का फैलावच किया जाए। जिला उपायुक्त का आभार जताते हुए खुशियों की दीवार फाउंडेशन संचालक संजय रामफल ने बताया कि अभियान के तहत चरखी दादरी क्षेत्र में पहली बार 5000 के करीब वितरण करने का लक्ष्य प्रथम चरण का रखा गया है। इस अवसर पर विजय शर्मा,शेखर शर्मा,अजय कुमार,शंकर दयाल,रोहतास सिंह सांगवान,अभिषेक जैन आदि थे।

# सुनीता काम्बोज की देखरेख में किसान जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**समाचार निर्देश इन्द्री(विजय काम्बोज )**

**खंड** इन्द्री के गांव राजेपुर में कृषि विभाग की ओर से सहायक तकनीकी प्रबंधक सुनीता काम्बोज की देखरेख में किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस किसान प्रशिक्षण शिविर में कृषि विशेषज्ञ डॉ. महा सिंह व डॉ. विजय कौशिक ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे विस्तार से जानकारी दी और फसल अवशेषों को जलाने से फसलों को होने वाले नुकसान के बारे भी विस्तार से बताया।



किसान जागरूकता शिविर में कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से खेतों की उर्वरा शक्ति नष्टद्द हो जाती है जिसका असर हमारी पैदावार पर पड़ता है। शिविर में किसानों को बताया कि हमें फसल अवशेषों को जलाने की अपेक्षा कृषि यंत्रों के माध्यम से उन्हें खेत में ही मिलाना चाहिए, ऐसा करने से खेत की उर्वरा शक्ति बढने के साथ-साथ हमारी पैदावार भी अच्छी होती है। किसान जागरूकता शिविर में बताया कि जो किसान अपने खेत में पराली के गटठर बनावायेगें उन्हें सरकार की ओर से 1000 रुपए प्रति एकड की दर से प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी, जिसके लिए किसानों को डब्बलूडब्बलूडब्बलूडॉट एग्रीहरियाणाडॉटइन पर अपने गटठर का रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।
किसान जागरूकता शिविर में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फसल अवशेष न जलाने की शपथ भी दिलाई।
इस मौके पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि राजपाल, ऋषिपाल, ईलम सिंह सतपाल, जितेन्द्र सिंह, रीता, सरोज, पिंकी सहित किसान एवं महिला किसान भी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### लंबित मांगों को लेकर ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की करनाल में 17 अक्टूबर को होगी मीटिंग

**समाचार निर्देश ब्यूरो,पिहोवा(पृथ्वी सिंह):-**

**ऑल** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के राज्य प्रधान विनोद शर्मा राज्य महासचिव सुखविंदर सिंह व प्रदेश प्रेस प्रवक्ता बलदेव सिंह मामू माजरा ने बताया है कि 17 अक्टूबर 2021 दिन रविवार को करनाल में मीटिंग बुलाई गई है , जिसमें राज्य के सभी पदाधिकारी व डिपो व सब डिपो के प्रधान सेक्रेटरी व कैशियर भाग लेंगे । इस मीटिंग में सरकार के द्वारा बार-बार की जा रही वादाखिलाफी व अधिकारियों के अड़ियल रवैया पर समीक्षा की जाएगी । सरकार द्वारा ओवर ड्यूटी करवाना, वेतन विसंगतियों को दूर नहीं करना, सभी पदों पर पदोन्नति न करना व जब से देश में भाजपा सरकार आई है तब से रोडवेज कर्मचारियों को दिवाली बोनस की अदायगी नहीं की गई। इन सभी मांगों को विस्तार से विचार विमर्श करने के बाद यूनियन बड़े आंदोलन की घोषणा कर सकती है जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी सरकार की व उच्च अधिकारियों की होगी।

### अग्रवाल महासभा ने महाराजा श्री अग्रसेन जयंती पर करवाया हवन यज्ञ

**समाचार निर्देश ब्यूरो,पिहोवा(पृथ्वी सिंह):-**

**अग्रवाल** धर्मशाला में अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती सेवा समान महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अग्र बंधुओं द्वारा यज्ञ और हवन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सचिन मित्तल प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा हरियाणा वह पूरी टीम ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। अशोक मित्तल समाजसेवी व नंदलाल सिंगला प्रधान अनाज मंडी ने दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरूआत की। अध्यक्ष सचिन मित्तल ने बताया कि हर वर्ष महाराजा अग्रसेन जी की जयंती अग्रवाल समाज के लोग बड़ी धूमधाम से मनाते हैं ।परम पूज्य बाबा अग्रसेन महाराज ने हमेशा पीड़ित व जरूरतमंद लोगों की लोगों की मदद करने का संकल्प लिया था हम सब को भी उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज में हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आना चाहिए तथा संपूर्ण अग्रवाल समाज को एकजुट होकर समाज को आगे ले जाने का काम करना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष वेद प्रकाश गर्ग, जयनारायण गर्ग , बृज भूषण गर्ग , गणेशी लाल , रोशन लाल सिंगला , सुभाष गर्ग , मेहर चंद गर्ग , मुरारी लाल , वेद प्रकाश मंगला , अंगद कुमार गुप्ता , जय भगवान , मोहनलाल , बृज भूषण गर्ग , सुरेश बंसल, नगर पालिका के प्रधान अशोक सिंगला, पार्षद श्रीमती रेनू गर्ग , सुभाष बालासुंदरी मंदिर , अरुण मित्तल , सुनील जिंदल , सचिन गऊचांद संदीप गोयल सुधीर गुप्ता महेंद्र सिंगला प्रदीप गर्ग सोनू सिंगला सुनील गर्ग राहुल सिंगला नीरज गर्ग सोनू सिंगला, तरसेम गर्ग, हरिओम अग्रवाल, देवेंद्र जिंदल नवीन गर्ग, सोनू गोयलआदि अगर बंधु मौजूद रहे।

### पबाना हसनपुर ऑपरेटिव पैक्स का हुआ इलेक्शन

**मूनक समाचार निर्देश ब्यूरो सुदेश रानी**

**मूनक खंड** के गांव पबाना हसनपुर में राजकीय उच्च विद्यालय में रविवार को पबाना हसनपुर कॉपरेटिव बैंक के मेंबरों के बारे में इलेक्शन हुआ । जिसमें 4 गांव खेड़ीमूनक बम्बरेहडी ऐचला व पबाना हसनपुर के कृषक व गैरकृषक मेंबरों की वोट डाली गई । जिसमें 10 मेंबरों को चुना गया दो महिलाएं एक एस सी एक बी सी छ समान्य जिसमें एक महिला एस सी को सर्वसम्मति से चुना गया। कृष्ण कुमार बम्बरेहडी पहले स्थान पर जसवीर दूसरे स्थान पर रहे बाकी कप्तान राणा ,अमित राणा, संजीव राणा, गोविंद , मतरेश कुमारी,बलराज, व सुनीता विजेता रहे । यह इलेक्शन प्रबंधक गुलाब शर्मा की अध्यक्षता में हुआ इलेक्शन पूरी शांतिपूर्वक सेहुआ जिसमें सोसाइटी के कर्मचारी ने जो डिफाल्टर व किसी को किसी प्रकार की वोट ना मिलने की सहयता की इस अवसर पर मुकेश संदीप कुमार इंस्पेक्टर मैहल सिंह चेतन कोसवाल व महेंद्र सिंह मौजूद रहे ।

### नुपूर ने कुवि में सातवां स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान

**समाचार निर्देश करनाल ( संजय भाटिया)गुरु** नानक खालसा कॉलेज करनाल की बीटीएम की छात्रा नुपुर अग्रवाल ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में सातवां स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने छात्रा नुपुर अग्रवाल एवं उनके पिता सतीश कुमार अग्रवाल को मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. मेजर सिंह ने बताया कि नुपूर ने बीटीएम अंतिम वर्ष में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्य ने बताया कि छात्रा के सम्मान के साथ साथ उनके पिता का भी पूरा सम्मान किया गया। गौरतलब है कि नुपूर सिरसा से यहां आकर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं और सांस्कृतिक गतिविधियों में भ्ज्ञी बढ चढकर भाग लेती रही है। प्राचार्य डा. मेजर सिंह ने बताया कि हमारे कॉलेज में न केवल हरियाणा के विभिन्न जिलों से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं अपितु भारत के विभिन्न राज्यों से भी विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर पर्यटन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डा. सोनिया वधावन, प्रो. अनिल कुमार सिंह, डा. गुरिंद्र सिंहव सुरिंद्र भट्टी उपस्थित रहे।

### रामलीला में साधु के वेश में रावण ने सीता को उकसा कर किया हरण

**समाचार निर्देश नरवाना( बिंटू श्योराण)**

**श्रीरामा** भारतीय कला केंद्र के तत्वावधान में हुड्डा ग्राउंड नरवाना में चल रही रामलीला अपने चरम बिंदु पर पहुंच गई। रामलीला में विशेष रूप से पधारे मुख्य अतिथि उपमंडल अधिकारी नरवाना सुरेन्द्र सिंह बैनिवाल, कार्यकारी अभियंता देवेन्द्र जांगडा, पूर्व नगर परिषद् चेयरमैन प्रतिनिधि सुदेश चोपडा, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त सोनीपत अशोक बंसल, सिटी मजिस्ट्रेट सोनीपत दर्शन यादव व सिटी मजिस्ट्रेट जींद जितेन्द्र जोशी ने दीप प्रज्जवलन व रिबन काटकर शुभारंभ किया। दर्शन यादव ने अपने संबोधन मे कहा कि रामलीला प्राचीन गौरवमयी संस्कृति की संवाहक है। नई पीढ़ी रामायण के आदर्श पात्रों से प्रेरणा लें। एडीसी अशोक बंसल ने नई पीढी को नसीहत देते हुए कहा कि जीवन में सकारात्मकता केवल आदर्श पात्रों से ही आ सकती है। रामलीला कमेटी प्रधान भारत भूषण गर्ग व कार्यकारिणी ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रधान भारत भूषण गर्ग ने बताया कि आज की रामलीला नरवाना के दिग्गज कलाकारों और महान विभूतियों में शुमार कपूरचंद शास्त्री और बदरी प्रसाद की स्मृति में अर्पित की गई। दिवंगत कपूर चंद शास्त्री जी की अगली पीढियाँ भी सांस्कृतिक उत्थान में लगी हुई है उनके पुत्र राकेश शर्मा प्रख्यात मंच संचालक है और एक दशक से भी अधिक समय से सक्रिय रूप से कला केन्द्र के साथ जुडे हुए हैं। प्रैस प्रवक्ता सुभाष सिंगला ने बताया कि आज के प्रमुख प्रसंगों में शूर्पणखा-रावण संवाद, रावण-मारिच संवाद, मारिच का स्वर्ण मृग बनकर माया रचना, सीता-लक्ष्मण संवाद, मारिच वध व सीता हरण व जटायु वध प्रमुख रहे। शूर्पणखा के अपमान का प्रतिशोध लेने के लिए रावण मारिच को स्वर्ण मृग बनने के लिए कहता है। सीता उस मृग की इच्छा जताती है पहले राम और फिर लक्ष्मण मृग के पीछे जाते है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक एंव सम्पादक मुकेश कुमार भोगल ने जगदम्बा ऑफसेट प्रैस 374,नगंली संकावंती इन्डिस्ट्रीयल एरिया नजफगढ़ नई दिल्ली से मुदित करा अपने कार्यालय ए–21 बापरौला एक्स.नजफगढ़ नई दिल्ली 110043 से प्रकाशित किया |सभी वाद विवाद के दिल्ली न्यायलय मान्य होगा | RNI NO.:-DELBIL/2011/43227